


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद व उत्तराखंड से प्रसारित

जन जन की आवाज़



लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 259 | मंगलवार, 3 नवंबर 2026 | कार्तिक माह, कृष्ण, नवमी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 14 | मूल्य : 5 रुपया



मुख्यमंत्री योगी बोले- अग्निवीरों को पुलिस-पीएसी समेत अन्य विभागों में मिलेगा 20 प्रतिशत आरक्षण

जागरण मोर्चा

गोंडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चार साल की सैन्य सेवा पूरी कर लौटने वाले अग्निवीरों को प्रदेश में पुलिस, पीएसी समेत विभिन्न विभागों की भर्तियों में 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। उन्हें भर्ती के लिए परीक्षा नहीं देनी होगी, बल्कि सीधे नियुक्ति दी जाएगी। इससे अग्निवीरों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिलेगा।

सोमवार को छपिया के तेजपुर में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने युवाओं को रोजगार देने के मुद्दे पर भी सरकार की योजनाएं गिनाईं। उन्होंने कहा कि उन्होंने अखिलेश यादव से कहा था कि गिनती आती है तो गिन लें, अगले छह माह में एक लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगी। अब तक 12 से 15 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। करीब 4,500 उपनिरीक्षकों, 45 हजार पुलिस कांस्टेबलों और 42 हजार होमगार्डों को नियुक्ति पत्र देने की तैयारी है। शिक्षकों के साथ अन्य विभागों में भी भर्तियां की जाएंगी।

पदक लाओ, हमसे पद पाओ : मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सरकार की नीति है- पदक लाओ, हमसे पद पाओ। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से खिलाड़ियों को भी नियुक्तियां दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी और खेल अधिकारी जैसे पदों पर नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि सरकार ने रोजगार और आगे बढ़ने के लिए कई रास्ते खोले हैं। उन्होंने गोंडा के लोगों को बधाई देते हुए जय हिंद और जय श्रीराम के उद्घोष के साथ संबोधन समाप्त किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोंडा में विश्वविद्यालय की स्थापना की राह में सबसे बड़ी बाधा नकल के ठेके चलाने वाले लोग थे। उन्हें डर था कि विश्वविद्यालय बनने से उनका कारोबार बंद हो जाएगा। इसी वजह से वे यहां विश्वविद्यालय नहीं चाहते थे। सरकार ने विश्वविद्यालय देकर नकल के इस धंधे पर रोक लगाने और युवाओं का भविष्य संवारने का रास्ता खोला है। अब यहां नकल नहीं, बल्कि बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने और उन्हें शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने का काम होगा। सोमवार को छपिया के तेजपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय बनने से गोंडा समेत देवीपाटन मंडल के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्हें अपने क्षेत्र में ही बेहतर शैक्षिक अवसर मिलेंगे और वे विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोंडा में महाराजा देवी बख्श सिंह के नाम पर मेडिकल कॉलेज बन चुका है। बहराइच में महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज संचालित है, जबकि बलरामपुर में अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण अंतिम चरण में है। उन्होंने गोंडा-बलरामपुर और गोंडा-अयोध्या मार्ग के चौड़ीकरण का भी उल्लेख किया। कहा कि केंद्र सरकार से इसकी स्वीकृति मिल चुकी है और केंद्रीय मंत्री व सांसद कीर्तिवर्धन सिंह इसके लिए प्रयास कर रहे हैं।

एक नजर



अल नीनो का दुनिया में खौफ, बोलिविया में लगी इमरजेंसी

नई दिल्ली। बोलिविया के राष्ट्रपति रोड्रिगो पाज़ ने 'अल नीनो' के प्रभावों से निपटने के लिए एक आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत देश में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की गई है। पाज़ ने कहा कि उन्होंने यह आदेश देश के कई हिस्सों में पड़ रहे सूखे से निपटने और आने वाले महीनों में संभावित बाढ़ की स्थिति के लिए तैयारी करने के उद्देश्य से जारी किया है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ने बताया कि इस कदम का मकसद वित्तीय और मानवीय संसाधनों को जुटाना, सरकारी एजेंसियों के बीच तालमेल को मजबूत करना और अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करना है। इसका उद्देश्य प्रभावित परिवारों की मदद करना और जलवायु संबंधी आपदाओं के असर को कम करना है, ताकि लोगों के जीवन और आर्थिक गतिविधियों पर पड़ने वाले प्रभाव को सीमित किया जा सके। अल नीनो का खौफ केवल बोलिविया तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के कई देश इसकी चपेट में हैं।

हाईटेक मिसाइलें और खास सेंसर सिस्टम; भारतीय नौसेना को मिलेगी नई ताकत



नई दिल्ली : आने वाले वक्त में भारतीय नौसेना की ताकत काफी बढ़ने वाली है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को भारतीय नौसेना के लिए आठ अगली पीढ़ी के 'कॉर्वेट' (युद्धपोत) हासिल करने के वास्ते गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (GRSE) और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) के साथ 53,866 करोड़ रुपये के करार किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इन जहाजों के शामिल होने से भारतीय नौसेना की समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा, एंटी-सर्फेस और एंटी-सबमरीन युद्धक क्षमता, तटीय रक्षा, लिटोरल कॉम्बैट ऑपरेशंस, समुद्री उपस्थिति व निगरानी मिशनों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

अमेरिका कुछ ही दिनों में ईरान पर कर सकता है परमाणु हमला

जागरण मोर्चा

नई दिल्ली। अमेरिकी की बड़ी मीडिया हस्ती और राजनीतिक टिप्पणीकार टकर कार्लसन ने दावा किया है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर ईरान के खिलाफ परमाणु हमला करने का दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि अमेरिका कुछ ही दिनों में ईरान पर परमाणु हमला कर सकता है। जब इजरायल में चुनाव हो चुका है और अमेरिका में मिडटर्म का चुनाव एक दिन दूर है, तब यह बड़ा दावा किया गया है। यहां ध्यान देने की बता है कि खबर लिखे जाने तक अमेरिकी मीडिया में इसके अलावा और कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है जिसमें ऐसा दावा किया गया हो।



टकर कार्लसन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लगभग 18 मिलियन फॉलोअर्स हैं। उन्होंने सोमवार को एक्स पर एक बड़ा पोस्ट डालते हुए दावा किया कि इस संभावित परमाणु हमले में ईरान में 'पिकएक्स माउंटेन' को निशाना बनाया जा सकता है। इजरायली खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ईरान ने वहां अपना परमा णु संवर्धन (न्यूक्लियर एनरिच में ट) कार्यक्रम फिर से शुरू कर दिया है। उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका के पारंपरिक हथियार इस पहाड़ की ग्रेनाइट चट्टानों को भेदकर उन 300 फीट नीचे अंडरग्राउंड सुरंगों तक नहीं पहुंच पाएंगे, जहां कथित तौर पर परमाणु संवर्धन का काम चल रहा है। कार्लसन ने लिखा, "इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के दबाव में, ट्रंप प्रशासन कुछ ही दिनों के भीतर ईरान पर परमाणु हमला कर सकता है।

उन्होंने लिखा कि "मिडिल ईस्ट में अमेरिका के बाकी पुराने सहयोगी और अधिक युद्ध की संभावना से बुरी तरह डरे हुए हैं। 27 सितंबर को, नेतन्याहू चुपके से अबू धाबी गए ताकि ईरान पर अंतिम हमले के लिए अपनी लॉबिंग में UAE को शामिल कर सकें। अमीरात ने इससे इनकार कर दिया। आठ महीने के संघर्ष के बाद, खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्थाएं लड़खड़ा रही हैं। वैश्विक ऊर्जा और उर्वरक बाजार भी इसी स्थिति में हैं। इनके जल्द संभलने के आसार नहीं हैं। दुनिया भर में, उत्पादकों से बाकी दुनिया तक तेल पहुँचाने के लिए लगभग 850 सुपरटैंकरों का इस्तेमाल होता है। अकेले अक्टूबर में, इनमें से 11 टैंकर होर्मुज में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। अगर यही हाल रहा, तो वैश्विक मंदी आना तय है। परमाणु हमले से तबाही कई गुना तेजी से बढ़ेगी। 'पिकएक्स माउंटेन' पर जमीनी विस्फोट होने से जो रेडियोएक्टिव फॉलआउट फैलेगा, वह फारस की खाड़ी को प्रदूषित कर देगा, जिससे 10 करोड़ लोगों के लिए पानी की आपूर्ति ज़हरीली हो जाएगी।

नेपाल में भारी बर्फबारी : शे-फोक्सुंडो झील में फंसे 6 भारतीयों का रेस्क्यू

जागरण मोर्चा

काठमांडू। नेपाल के शे-फोक्सुंडो राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में भारी बर्फबारी के कारण फंसे छह भारतीय पर्यटकों को सोमवार को निकाल लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। डोल्पा जिला पुलिस कार्यालय के प्रवक्ता एवं पुलिस निरीक्षक बिनय सिंह ने बताया कि बर्फबारी के कारण दो महिला और चार पुरुष पर्यटकों से एक नवंबर से संपर्क टूट गया था और उन्हें सोमवार सुबह एक निजी हेलीकॉप्टर की मदद से बचाया गया। पुलिस ने बताया कि सभी पर्यटकों का डोल्पा जिले के दुनै स्थित सरकारी अस्पताल में उपचार जारी है, फिलहाल सभी का उपचार चल रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

रविवार को सेना का एक हेलीकॉप्टर पर्यटकों को बचाने के लिए उस इलाके में गया था, लेकिन खराब मौसम के कारण वह वहां उतर नहीं सका, इसके



बाद बचाव अभियान रोकना पड़ा। स्थानीय अधिकारियों ने इलाके में भारी बर्फबारी और वहां जाना सुरक्षित नहीं होने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद भारतीय पर्यटक शे-फोक्सुंडो ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड नंबर आठ में चले गए थे।

डोल्पा की मुख्य जिला अधिकारी (सीडीओ) जुनु ढकाल के अनुसार, यह पूरा इलाका भारी बर्फ से ढका हुआ था। इसी ग्रामीण नगरपालिका में स्थित शे-फोक्सुंडो झील नेपाल की सबसे गहरी झील है। यह समुद्र तल से 3,600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और इसकी अनुमानित गहराई 145 मीटर है। ये पर्यटक काठमांडू से करीब 300 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में शे-फोक्सुंडो ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड नंबर आठ के धो क्षेत्र में गए थे।

समाचार पोर्टल 'ऑनलाइन खबर' के अनुसार, जिला प्रशासन कार्यालय ने बताया कि भारतीय पर्यटक आवश्यक प्रशासनिक अनुमति लिये बिना ही अपर डोल्पा चले गए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार को इलाके में भारी बर्फबारी के कारण शे-फोक्सुंडो झील घूमकर लौटते समय पर्यटक नुमला और वागला दर्रों के बीच फंस गए थे।

सोनिया गांधी ने लालू यादव से की मुलाकात, जाना हालचाल

जागरण मोर्चा

नई दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सासंद सोनिया गांधी ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। सोनिया गांधी लालू यादव का हालचाल जानने उनके दिल्ली स्थित आवास पहुंचीं। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई। मुलाकात को लेकर RJD नेता और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बताया कि लालू प्रसाद यादव नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए दिल्ली आए हुए हैं।



मुलाकात को लेकर RJD नेता और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बताया कि लालू प्रसाद यादव नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए दिल्ली आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि रविवार को सोनिया गांधी को इसकी जानकारी दी गई थी, जिसके बाद वह सोमवार को लालू यादव से मिलने पहुंचीं।

उन्होंने कहा कि रविवार को सोनिया गांधी को इसकी जानकारी दी गई थी, जिसके बाद वह सोमवार को लालू यादव से मिलने पहुंचीं। तेजस्वी यादव ने कहा, "लालू यादव और सोनिया गांधी ने एक-दूसरे को विपरीत परिस्थितियों में सहयोग किया है। दोनों का पुराना रिश्ता रहा है।INDIA गठबंधन को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि केवल बिहार ही नहीं, बल्कि देशभर में विपक्षी दलों को मजबूती के साथ चुनौतियों का सामना करना होगा। उन्होंने विपक्षी एकजुटता पर जोर देते हुए कहा, "जब तक एक नहीं होंगे, हम लड़ाई नहीं जीतेंगे।

यूपी चुनाव 2027: क्या फिर साथ आएंगे सपा और कांग्रेस ?

जागरण मोर्चा

नई दिल्लीः उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा का चुनाव होना है। उम्मीद की जा रही है कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी यह चुनाव मिलकर लड़ें। दोनों दलों ने इसके लिए किसी औपचारिक समझौते का ऐलान अभी तक नहीं किया है। कांग्रेस ने 175 से अधिक सीटों की सूची सपा को सौंपी है, जहां से वह चुनाव लड़ना चाहती है। वहीं सपा ने कांग्रेस से उन उम्मीदवारों की सूची मांग रही है, जो जीत सकने की स्थिति में हों। दोनों दलों में सीट बंटवारे को लेकर जोर-आजमाइश जारी है। इससे पहले दोनों दलों ने 2017 में गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। लेकिन इस गठबंधन को कोई उल्लेखनीय सफलता नहीं मिली थी। आइए देखते हैं कि उत्तर प्रदेश के पिछले कुछ चुनावों में कांग्रेस और सपा का प्रदर्शन कैसा रहा है।



हम पिछले तीन विधानसभा चुनावों की बात करते हैं। सबसे पहले 2012 के विधानसभा चुनाव की बात करते हैं। यह चुनाव बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सरकार में हुए थे। इस चुनाव में सपा और कांग्रेस में कोई समझौता नहीं हुआ था। इस चुनाव में सपा ने 403 में से 401 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ा था। उसे 224 सीटों पर जीत मिली थी। उसे कुल वैध मतदान का 29.13 फीसद मत मिले थे। वहीं अगर इस चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन देखें तो उसने 355 सीटों पर चुनाव लड़ा था। उसे 28 सीटों पर सफलता मिली थी। वहीं अगर वोट फीसद देखें तो कांग्रेस को कुल 11.65 फीसद वोट मिले थे। इस चुनाव के बाद सपा ने प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। इसके बाद 2017 के चुनाव के लिए सपा ने कांग्रेस से हाथ मिलाया था। समझौते के मुताबिक सपा को 298 और कांग्रेस को 105 सीटों पर चुनाव लड़ना था।

राहुल गांधी ने रैली में उमड़े जनसैलाब का जताया आभार

जागरण मोर्चा

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोगों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाने के लिए लोगों का भारी संख्या में पहुंचना लोकतंत्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दिखाता है। वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाने के लिए लोगों का आभार जताते हुए कहा है कि इस जनसमर्थन से स्पष्ट हो गया है कि लोकतंत्र और सत्य की जीत होगी तथा आने वाली चुनावों में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित होगी।

राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा, "वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाने के लिए रिकॉर्ड संख्या में पहुंचने के लिए धन्यवाद।" उन्होंने



विश्वास जताया कि लोकतंत्र की जीत होगी, सत्य की जीत होगी और इंडिया गठबंधन विजयी होगा।

इस बीच संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि इंडिया गठबंधन की महारैली को बदनाम करने और लोगों को दिल्ली आने से रोकने के लिए व्यापारियों के नुकसान तथा बाजार बंद होने का डर फैलाया गया लेकिन भाजपा का यह पूरा दुष्प्रचार पंक्चर हो गया। जयराम रमेश के मुताबिक, इस प्रचार का मकसद वोट चोरी और चुनाव आयोग की जवाबदेही जैसे अहम मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाना और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर उठ रहे सवालों से बचाना था।

'बंधुआ मजदूरी पर रोक सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रह सकती'

जागरण मोर्चा

नई दिल्ली। बंधुआ मजदूरी से मुक्ति मिलने के बाद भी मजदूरों को अगर आर्थिक मदद और रोजगार का सहारा नहीं मिलता है तो वे दोबारा शोषण के जाल में फंस सकते हैं। इसी चिंता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को बंधुआ मजदूरी खत्म करने से जुड़े कानून और पुनर्वास योजना को प्रभावी तरीके से लागू करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि संविधान में बंधुआ मजदूरी पर रोक लगाने का प्रावधान सिर्फ कागजों पर लिखी बात बनकर नहीं रह सकता। मजदूरों को शोषण से मुक्त कराना ही सरकार की जिम्मेदारी पूरी होने के लिए काफी नहीं है, बल्कि उन्हें



सम्मान से जीवन जीने के लिए जरूरी मदद भी देनी होगी। अदालत ने केंद्र को छह महीने के भीतर इस संबंध में एक समान मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह की पीठ ने बंधुआ मजदूरी व्यवस्था (उन्मूलन) अधिनियम, 1976 और उससे जुड़ी पुनर्वास योजना को लागू करने के लिए कई निर्देश जारी किए।


प्रदूषण GRAP-II की पाबंदियां लागू, जानिए क्या खुला, क्या बंद

दिवाली से पहले 'जहरीली' हुई दिल्ली-NCR की हवा

जागरण मोर्चा

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंचने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) ने पूरे दिल्ली-एनसीआर में तत्काल प्रभाव से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) का दूसरा चरण लागू कर दिया है। इसके तहत धूल प्रदूषण रोकने के उपाय तेज किए जाएंगे, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा दिया जाएगा और पार्किंग शुल्क भी बढ़ाए जाएंगे।

सीएक्यूएम की ओर से 2 नवंबर को जारी आदेश में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों में दिल्ली की वायु



गुणवत्ता में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है। 31 अक्टूबर को दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 117 था, जो 1 नवंबर को बढ़कर 261 हो गया। इसके बाद सोमवार को प्रतिकूल मौसमीय परिस्थितियों के कारण AQI और बढ़कर 324 पर पहुंच गया। AQI का यह स्तर 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है।

ग्रैप-2 के तहत प्राइवेट गाड़ियों के इस्तेमाल को कम करने के लिए पार्किंग फीस में बढ़ोतरी, सीएनजी-इलेक्ट्रिक बसों और मेट्रो की सर्विस को बढ़ा दिया गया है। इसके साथ प्रदूषण कम हो इसके लिए रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन अपने सोसाइटी में कूड़ा और किसी भी प्रकार की लकड़ी जलाने पर नजर रखना होगा और डीजल जनरेटर पर पाबंदी होगी। इस दौरान केवल नेचुरल गैस, बायो गैस, एलपीजी से चलने वाले जनरेटर ही चला सकते हैं। 800 किलोवॉट से ज्यादा क्षमता वाले जनरेटर को केवल रेट्रोफिटिंग के दौरान ही चलाए जाएंगे। चिन्हित सड़कों डेली बेसिस पर मैकेनिकल/वैक्यूम स्वीपिंग और पानी का छिड़काव आवश्यक है ।

आयोग ने बताया कि मौसम विभाग (IMD) और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) के पूर्वानुमान को देखते हुए प्रदूषण के और बढ़ने की आशंका है।

'लोकतंत्र नहीं, हमें बचाओ कहिए': कपिल सिब्बल ने भाजपा पर कसा तंज

जागरण मोर्चा

नई दिल्ली। कांग्रेस और विपक्षी दलों के इंडिया ब्लॉक की दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली को लेकर सियासत तेज हो गई है। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने दावा किया है कि इस रैली में करीब पांच से छह लाख लोग शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों का शांतिपूर्ण तरीके से जुटना दिखाता है कि देश के नागरिक सरकार के खिलाफ अपनी आवाज उठाना चाहते हैं। सिब्बल ने भारतीय जनता पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि अब उसे अपनी रैलियों का नाम 'लोकतंत्र बचाओ' या 'देश बचाओ' रखने के बजाय 'हमें बचाओ' रखना



चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विपक्ष की रैली में जुटी भीड़ से चिंतित है। कपिल सिब्बल ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि रामलीला मैदान में हुई रैली में उनके अनुमान के मुताबिक पांच से छह लाख लोग मौजूद थे। उन्होंने दावा किया कि कनॉट प्लेस और उससे जुड़ने वाली आसपास की सड़कों पर पूरी तरह जाम लगा हुआ था और कहीं भी खाली जगह दिखाई नहीं दे रही थी।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

तलाकशुदा महिला ने पूर्व पति पर लगाए गंभीर आरोप, तहरीर

बहेड़ी। एक तलाकशुदा महिला ने अपने पूर्व पति और उसके दो साथियों पर घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और खुद की सुरक्षा की गुहार लगाई है। महिला के अनुसार, करीब नौ साल पहले उसकी शादी बहेड़ी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुई थी। छह साल पहले दोनों का तलाक हो गया था। आरोप है कि 31 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे पूर्व पति अपने दो साथियों के साथ उसके घर में घुस आया। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और चाकू दिखाकर जबरदस्ती करने का प्रयास किया। विरोध करने पर परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों के विरोध पर आरोपी फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है।

पुलिस मुठभेड़ में महिला से कुंडल झपटकर भागा शातिर बदमाश गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

फरीदपुर (बरेली)। फरीदपुर पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्यवाही कर महिला से कुंडल छीनकर फरार होने वाले एक शातिर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसे इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर की शाम ग्राम पालपुर कमालपुर थाना कैंट निवासी सुनील कुमार अपनी पत्नी ईशु के साथ बाइक से फरीदपुर के मोहल्ला कानूनगोयान स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। दशमेश ढाबे के पास एक अज्ञात बाइक सवार बदमाश ने ईशु के कान से सोने का कुंडल झपटा और तेजी से फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर फरीदपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना के खुलासे के लिए लगी स्थानीय पुलिस व एसओजी टीम को सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त घटना का आरोपी ग्राम बकैनिया निवासी 28 वर्षीय देवराज पुत्र श्याम बिहारी ग्राम उगनपुर के पास ही मौजूद है। पुलिस टीम ने जब शातिर बदमाश की घेराबंदी की, तो खुद को घिरा जान उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई में देवराज के दाहिने पैर में गोली लगी और वह वहीं गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया और इलाज के लिए सीएचसी भेजा। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक, महिला से लूटा गया सोने का कुंडल, एक 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया। कोतवाली प्रभारी अमित पाण्डेय ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध जनपद के थाना फरीदपुर, थाना बारादरी, थाना इज्जतनगर में गैंगस्टर एक्ट, चोरी, छिनैती, अपहरण, अवैध हथियार रखना आदि गंभीर अपराधों में पहले से 8 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है।


मुठभेड़ में घायल अभियुक्त को हिरासत में लेकर जाती पुलिस टीम।

सीता हरण लीला देख भावुक हुए दर्शक

फतेहगंज पूर्वी। नगर में चल रही रामलीला में सोमवार को सीता हरण की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने रावण द्वारा साधु का वेश धारण कर माता सीता का हरण करने के प्रसंग को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। लक्ष्मण रेखा और रावण के छल का दृश्य देखकर दर्शक भावविभोर हो गए। मंचन में भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के वन में रहने के दौरान रावण द्वारा माता सीता के हरण का प्रसंग दिखाया गया। कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। रामलीला देखने के लिए नगर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कस्बा चौकी प्रभारी लक्ष्मीनारायण सिंह और आकाश ठाकुर पुलिसकर्मियों के साथ मुस्तैद रहे। रामलीला कमेटी अध्यक्ष पवनराज मिश्रा सहित कामराज मिश्रा, अजय गुप्ता, कैलाश गुप्ता, प्रदीप मिश्रा, हरीश गुप्ता, अनुज मिश्रा, अरुण मिश्रा और विकास मिश्रा ने सहयोग किया।

25 दिनी मेला श्री रामलीला का हुआ समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

बहेड़ी। बीती पांच अक्टूबर को झंडी शोभायात्रा के साथ शुरू हुए मेला श्री रामलीला का रविवार रात पूरी भव्यता के साथ औपचारिक रूप से समापन हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बैंड कलाकारों ने सुरीली धुनों पर प्रभु श्री राम की महिमा के गीत बजाकर माहौल को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। मुख्य अतिथि एसडीएम गोपाल शर्मा ने श्रीराम, माता जानकी, अनुज लखनलाल तथा पवनसुत हनुमान के स्वरूपों की आरती कर माथे पर तिलक रोचना के साथ माल्यार्पण किया। आतिशबाजी का दौर चला जिसकी छटा देखने को लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्य अतिथि ने अपने संशोधन में कहा कि मेले सनातनी संस्कृति में हमारी मजबूत धरोहर हैं और एकता के प्रतीक हैं। उन्होंने मेले की व्यवस्था के लिए मेला कमेटी के साथ पुलिस के कार्य की भी सराहना की। मेला कमेटी सदस्य चौधरी गजेन्द्र सिंह ने मेले के 160 साल पुराने इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मीडिया कर्मियों, , विशिष्ट दुकानदारों, बैंड तथा नाट्य कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अलख नाथ मंदिर के महंत कालू गिरि, मेला कमेटी के प्रमोद अग्रवाल, विवेक गर्ग, अरूण अग्रवाल, विनोद दुबे, डा. परमजीत सिंह राठी, डा.विश्व विजय सिंह, हरीश शर्मा, संजय सक्सेना तथा अवधेश रस्तोगी सहित कई अन्य शामिल रहे। अंत में मुख्य अतिथि द्वारा मेले में शुरुआत के दिन प्रांगण में फहराए गये ध्वज को उतारकर विधिवत रूप से मेले के समापन की घोषणा कर दी गई।

जेई की गैरमौजूदगी में रात में डाली सड़क, 35 मीटर हिस्सा उखड़वाने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

मीरगंज। मीरगंज से बलूपुरा जाने वाले संपर्क मार्ग पर घटिया निर्माण का मामला सामने आने के बाद जिला पंचायत विभाग में खलबली मच गई है। सड़क की बजरी हाथों से उखड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विभागीय अधिकारी हरकत में आए। जांच में करीब 30 से 35 मीटर सड़क में खामियां मिलने पर जेई केएन पांडेय ने संबंधित हिस्से को उखड़वाकर दोबारा निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं। खास बात यह है कि जेई ने खुद स्वीकार किया कि रात के समय उनकी गैरमौजूदगी में लेबर ने सड़क पर पीसी (प्रिमिक्स कारपेट) डाल दी थी। ऐसे में निर्माण कार्य की निगरानी और विभागीय जिम्मेदारी को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।जेई केएन पांडेय के मुताबिक, सोमवार को निरीक्षण के दौरान पाया गया कि करीब 30 से 35 मीटर हिस्से में धूल की समुचित सफाई किए बिना ही पीसी डाल दी गई थी। उन्होंने इस हिस्से को उखड़वाकर मंगलवार को मानकों के अनुरूप दोबारा निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण सामग्री का इस्तेमाल करने और निर्माण में लापरवाही न बरतने की हिदायत दी है।गौरतलब है कि जिला पंचायत की ओर से मीरगंज-बलूपुरा संपर्क मार्ग पर करीब 300 मीटर डामर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण पूरा होने के महज दो दिन बाद ही कई स्थानों पर बजरी उखड़ने लगी थी। ग्रामीणों ने हाथों और पैरों से सड़क की बजरी उखड़ने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था।मामले को गंभीरता से लेते हुए रविवार को जिला पंचायत की अपर मुख्य अधिकारी नीतू सिंह सिसोदिया और इंजीनियर मौके पर पहुंचे थे। निर्माण में खामियां मिलने पर उन्होंने काम रुकवा दिया था। इसके बाद जेई के निरीक्षण में भी सड़क के एक हिस्से में खामी सामने आई। हालांकि, जेई की गैरमौजूदगी में रात के समय निर्माण कराए जाने की बात सामने आने से निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।उधर, ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण निर्धारित मानकों और उच्च गुणवत्ता की सामग्री से कराया जाना चाहिए। केवल 35 मीटर हिस्सा उखाड़कर दोबारा बनाने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि पूरे 300 मीटर मार्ग की गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो वे धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल करने को मजबूर होंगे।

▶ बजरी उखड़ने के मामले में जेई की कार्यप्रणाली पर भी उठे सवाल, ग्रामीणों ने दी धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल की चेतावनी

फतेहगंज पूर्वी में तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

फतेहगंज पूर्वी। थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को 315 बोर के तमंचे और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शाहजहांपुर जिले के कटरा थाना क्षेत्र के मिल्कियापुर खैरपुर निवासी अकबर पुत्र इद्दू शाह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सोमवार को ग्राम निवड़िया की ओर जाने वाले रास्ते पर हाईवे से करीब 20 कदम की दूरी पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध युवक को पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ शाहजहांपुर जिले के जैतीपुर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज है।

साइबर ठगी के 13 मामलों में मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी, लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। साइबर ठगी के अलग-अलग मामलों में पीड़ितों की लाखों रुपये की रकम हड़पने का मामला सामने आया है। नवाबगंज थाने में दर्ज एफआईआर से संबंधित दस्तावेज में 13 पीड़ितों की शिकायतों और ठगी की रकम का विवरण दर्ज है। शिकायतकर्ताओं ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद थाना स्तर की साइबर टीम ने बैंकों से संपर्क कर संबंधित खातों में धनराशि को लीन होल्ड कराने की कार्रवाई की थी। दस्तावेज के मुताबिक, शिकायतें दर्ज कराने में देरी होने के कारण पीड़ितों की रकम पूरी तरह होल्ड नहीं हो सकी और उन्हें पैसा वापस नहीं मिल पाया। इसमें एक लाख रुपये से अधिक की ठगी तथा 50 हजार रुपये से अधिक की लीन होल्ड धनराशि वाले मामलों में मुकदमा दर्ज किया जाना उचित बताया गया है। दर्ज विवरण में मुर्तिजा खान के साथ 1,38,010 रुपये, रजत गुप्ता के साथ 3,16,384 रुपये, रानी देवी के साथ 1,18,195 रुपये, मो. रिहान के साथ एक लाख रुपये, शेर सिंह के साथ 1,37,251 रुपये, शिवानी सास्तव के साथ एक लाख रुपये, देवेंद्र कुमार के साथ 98 हजार रुपये, उमेश कुमार के साथ 1,21,998 रुपये, मोनल गुप्ता के साथ 3,30,000 रुपये, अनुराग सिंह के साथ 1,18,000 रुपये, इशाक अहमद के साथ 1,30,000 रुपये, मो. इलियास के साथ ठगी की रकम तथा अवनेश कुमार के साथ 59,780 रुपये की धोखाधड़ी का उल्लेख है। दस्तावेज में इन शिकायतों के साथ अलग-अलग एनसीआरपी एक्नॉलेजमेंट नंबर और तारीखें भी दर्ज हैं। संबंधित प्रार्थना पत्र पर मुकदमा पंजीकृत करने के लिए कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। मामले में पुलिस की ओर से की गई आगे की कार्रवाई और पीड़ितों की रकम वापस मिलने की स्थिति की जानकारी उपलब्ध दस्तावेज में स्पष्ट नहीं है।

▶ नवाबगंज थाने में दर्ज एफआईआर की कॉपी में 13 पीड़ितों की शिकायतों का उल्लेख, खातों में रकम फ्रीज कराने की कार्रवाई के बावजूद वापस नहीं मिल सका पैसा

द्वारिकेश चीनी मिल में इंडेंट पूजन संपन्न


इन्डेंट पूजन करते चीनी मिल के अधिकारी व कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

फरीदपुर (बरेली)। सोमवार को द्वारिकेश चीनी मिल फरीदपुर में आगामी पेराई सत्र के सफल और निर्विघ्न संचालन हेतु पारंपरिक रूप से वैदिक मंत्रोचार के साथ इन्डेंट पूजन किया गया। मिल प्रबंधन द्वारा बताया गया कि नए पेराई सत्र का शुभारंभ 11 नवंबर 2026 को होना प्रस्तावित है। जिसके लिए आवश्यक सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। किसानों से अपील की गई कि अपनी गन्ना आपूर्ति हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर लें। मोबाइल पर गन्ना आपूर्ति का मैसेज प्राप्त होने के बाद ही गन्ने की कटाई छिलाई शुरू करें। पर्ची पर वर्णित प्रजाति के अनुसार ही गन्ने की आपूर्ति मिल में करें। वहीं मिल प्रबंधन ने मौसम की अनुकूलता के अनुसार 20 नवंबर तक शरदकालीन गन्ना बुवाई में उन्नत प्रजातियाओं का गन्ना बोने की भी अपील की। इस दौरान मिल के वरिष्ठ अधिकारी अनिल कुमार त्यागी, वी.बी. सिंह, उपेन्द्र कुमार उपाध्याय, विशाल सूरी, सुधीर कुमार सिंह, सोबिन्दर सिंह, सूनील पुनिया, दुर्गेश बिहारी, सुशील कुमार, मुकेश शर्मा, मनोज सक्सेना तथा गन्ना विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

टोल प्लाजा के पास डिवाइडर से टकराई अनियंत्रित बाइक, सिर में गंभीर चोट लगने से चालक बेहोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

फतेहगंज पश्चिमी। दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर फतेहगंज पश्चिमी टोल प्लाजा के समीप सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मीरगंज की ओर से अपने गांव लौट रहे बाइक सवार की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि बाइक सवार उछलकर सड़क पर जा गिरा और सिर में गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही अचेत (बेहोश) हो गया। हादसे के बाद टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए टोल एंबुलेंस की मदद से घायल को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गांव उनासी निवासी रामोतार पुत्र रामदास किसी निजी कार्य से बाइक द्वारा मीरगंज गए हुए थे। सोमवार को जब वह मीरगंज से वापस अपने गांव लौट रहे थे, तभी टोल प्लाजा के पास पहुंचते ही अचानक उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया। अनियंत्रित बाइक सीधे डिवाइडर से जा भिड़ी। हादसे में रामोतार के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान होकर सड़क पर बेहोश हो गए। सड़क पर हादसा होते देख टोल प्लाजा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों और कर्मचारियों ने बिना समय गंवाए राहत कार्य शुरू किया। कर्मचारियों ने तत्काल टोल प्लाजा की एंबुलेंस को मौके पर बुलवाया और घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। इसके साथ ही घायल की जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को दुर्घटना की सूचना दी गई।

किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, रिपोर्ट

नवाबगंज। थाना नवाबगंज क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी 15 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। किशोरी के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 26 अक्टूबर को वह किसी जरूरी काम से घर से बाहर गया हुआ था। उसकी पत्नी अपने मायके गई हुई थी। इसी दौरान उसकी 15 वर्षीय पुत्री शाम करीब तीन बजे घर से चली गई। शाम को जब वह घर लौटा तो पुत्री गायब मिली।काफी तलाश करने के बाद उसे जानकारी हुई कि गुरुगवांवा गांव निवासी नितिन उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। आरोप है कि किशोरी अपने साथ एक जोड़ी चांदी की पायल, सोने का ऊं और पांच हजार रुपये भी ले गई है। पीड़ित पिता ने पुलिस से पुत्री को बरामद करने और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

टुक-टुक चालक को झांसा देकर मोबाइल ले उड़ा शातिर, पुलिस से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। देवरनियां से नवाबगंज सवारी लेकर आए एक टुक-टुक (ई-रिक्शा) चालक को चकमा देकर एक अज्ञात व्यक्ति उसका मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। पीड़ित चालक ने इस संबंध में नवाबगंज थाना पुलिस को लिखित तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है। ग्राम विचपुरी थाना देवरनियां निवासी ललित कुमार पुत्र वेद प्रकाश टुक-टुक चलाकर मेहनत- म जदूरी से अपना जीवन यापन करता है। सुबह करीब 10 बजे देवरनियां में एक अज्ञात व्यक्ति ने नवाबगंज सब्जी मंडी जाने के लिए 700 रुपये में उसका टुक-टुक बुक किया। दोपहर लगभग 1 बजे चालक जब सवारी को लेकर नवाबगंज सब्जी मंडी के पास कलीम चार्ज सर्विस के निकट पहुँचा, तभी उक्त व्यक्ति ने कहा कि उसके फोन से कॉल नहीं लग रही है और जरूरी बात करने के बहाने ललित से उसका मोबाइल मांग लिया। चालक ने विश्वास में आकर अपना सैमसंग M51 मोबाइल उसे दे दिया। फोन हाथ में आते ही शातिर मौका पाकर वहां से रफू चक्कर हो गया। काफी खोज बीन के बाद भी जब उसका पता नहीं चला, तो पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को मामले की सूचना दी।

▶ सवारी बनकर आया शातिर, चालक का मोबाइल लेकर फरार

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने की छापेमारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



फरीदपुर (बरेली)। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा गठित राज्य-सचल दल की टीम में शामिल खाद्य सुरक्षा अधिकारी मीरा सिंह, अरविंद सिंह, अमित सिंह एवं शहाबुद्दीन दोस्त ने सोमवार को नगर में मिठाई की दुकानों पर छापामारी की। टीम फरीदपुर के साहूकारा चौराहा स्थित छप्पन भोग स्वीट्स पर पहुंची और मोतीचूर के लड्डू का नमूना लिया।

सचल दल की टीम के नगर में पहुंचने की सूचना मिठाई व्यापारियों के बीच तेजी से फैल गई और सभी मिठाई व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। इसके बाद टीम रानी साहब की कोठी में स्थित दीप 'श्री' मिठाई की दुकान पर पहुंची लेकिन प्रतिष्ठान बंद पाए जाने पर टीम ने प्रतिष्ठान को सील कर उसपर नोटिस चस्पा कर दिया। जिसमें अग्रिम आदेशों तक सील की गई दुकान को निरीक्षण के पश्चात ही खोलने का उल्लेख किया गया। दुकान सील करने की जानकारी होने पर दुकानदार व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और टीम से बात करने का प्रयास किया लेकिन वे लोग बिना कुछ कहे-सुने वहां से चले गए। इतने में पता चला कि सील की गई दुकान के अंदर तीन कारीगर बंद हो गये हैं। इसके बाद मिठाई व्यापारी ने जिले के खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से संपर्क साधा और घटनाक्रम की जानकारी देते हुए सील खुलवाकर कारीगरों को निकलवाने की गुहार लगाई। शाम 8:30 बजे जिले से पहुंचे सहायक खाद्य आयुक्त राहुल सिंह व टीम की मौजूदगी में साढ़े 4 घंटे अंदर बंद रहे कारीगरों को बाहर निकलवाया गया।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

आज बरेली में भाजपा की 2.15 किमी पदयात्रा, नड्डा और केशव मौर्य होंगे शामिल

बरेली। भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत तीन नवंबर को बरेली में विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी। इसमें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। पार्टी ने पदयात्रा में करीब 25 हजार कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के जुटने की तैयारी की है। ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरनलाल लोधी के मुताबिक, जेपी नड्डा दोपहर 12 बजे ट्रेन से बरेली जंक्शन पहुंचेंगे। पदयात्रा कुबेराम बांके बिहारी मंदिर से शुरू होकर छत्रपति शिवाजी चौक पहुंचेगी। यहां प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद शहीद पंकज अरोड़ा चौक पर इसका समापन होगा। करीब 2 .15 किलोमीटर की यात्रा में ब्रज क्षेत्र के 19 जिलों के 65 विधानसभा क्षेत्रों से कार्यकर्ता शामिल होंगे।

भाजपा की पदयात्रा को लेकर आज शहर में डायवर्जन

जागरण मोर्चा कार्यालय



▶ सुबह सात बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक भारी वाहनों की नो एंट्री, दिल्ली-रामपुर, बदायूं और लखनऊ जाने वाले वाहनों के रास्ते बदले; स्कूलों को भी सतर्कता बरतने की सलाह

बरेली। भाजपा की मंगलवार को प्रस्तावित विशाल पदयात्रा के चलते शहर की यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। तीन नवंबर को सुबह सात बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक रहेगी। वहीं, पुराने रोडवेज बस स्टैंड (नॉवेल्टी) से बसों का संचालन भी बंद रहेगा। सभी रोडवेज बसें सैटेलाइट बस स्टैंड से संचालित होंगी। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों और यात्रियों से घर से निकलने से पहले बदले हुए मार्गों की जानकारी करने की अपील की है। भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत आयोजित पदयात्रा में केंद्रीय मंत्री और पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। पार्टी ने करीब 25 हजार कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के जुटने का लक्ष्य रखा है। ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरनलाल लोधी के मुताबिक, कार्यकर्ता स्वयंवर बारातघर में एकत्र होंगे। यहां से यात्रा बांके बिहारी मंदिर होते हुए छत्रपति शिवाजी चौक पहुंचेगी। शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद पदयात्रा शहीद पंकज अरोड़ा चौक पर संपन्न होगी। करीब दो किलोमीटर की इस यात्रा में ब्रज क्षेत्र के 19 जिलों और 65 विधानसभा क्षेत्रों से कार्यकर्ताओं के पहुंचने की तैयारी है। यातायात पुलिस के मुताबिक, परसाखेड़ा रोड नंबर एक, विल्वा पुल, लालपुर कट, विलयधाम, नवदिया झादा, ट्रांसपोर्टनगर, रामगंगा तिराहा और बुखारा मोड़ से भारी वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं मिलेगा। दिल्ली और रामपुर से बदायूं जाने वाले वाहनों को झुमका तिराहा से बड़ा बाईपास, विल्वा, विलयधाम, नवदिया झादा, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी, दातागंज और देवचरा होते हुए भमोरा की ओर भेजा जाएगा। नैनीताल और पीलीभीत रोड से बदायूं जाने वाले वाहन भी इसी वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करेंगे। दिल्ली-रामपुर से लखनऊ जाने वाले भारी वाहन बड़ा बाईपास, झुमका, विल्वा, विलयधाम, फरीदपुर और फतेहगंज पूर्वी होकर निकलेंगे। लखनऊ से दिल्ली जाने वाले वाहनों को फरीदपुर और इन्वर्टिस तिराहा से बड़ा बाईपास की ओर भेजा जाएगा। बदायूं से बरेली आने वाले भारी वाहन भमोरा, देवचरा, दातागंज, फतेहगंज पूर्वी और इन्वर्टिस तिराहा होते हुए ट्रांसपोर्टनगर पहुंच सकेंगे। वीआईपी कार्यक्रम के मद्देनजर पुराने रोडवेज बस स्टैंड से सभी बसों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। दिल्ली और रामपुर से आने वाली बसें झुमका तिराहा, विलयधाम, बैरियर नंबर दो, 100 फुटा पूर्वी और सुरेश शर्मा नगर होते हुए सैटेलाइट पहुंचेंगी। पीलीभीत की बसें विलयधाम और बैरियर नंबर दो के रास्ते आएंगी, जबकि शाहजहांपुर और लखनऊ की बसें इन्वर्टिस तिराहा होकर सैटेलाइट पहुंचेंगी। बदायूं जाने वाली रोडवेज बसें सैटेलाइट से ईसाइयों की पुलिया, वियावान कोठी, अक्षर विहार तिराहा, नटराज तिराहा, बुखारा मोड़, रामगंगा और देवचरा होते हुए रवाना होंगी। वापसी में भी बसें इसी मार्ग से आएंगी। यातायात पुलिस ने सेलेक्शन प्वाइंट, डेलापीर तिराहा, राजेंद्र नगर, श्यामगंज, 100 फुटा पूर्वी और पश्चिमी, सूद धर्मकांटा, इज्जतनगर व संजयनगर क्षेत्र के विद्यालयों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। स्कूल प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों और अभिभावकों से बच्चों को निर्धारित समय से पहले भेजने की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया है। एसपी यातायात मो. अकमल खान ने लोगों से अपील की है कि तीन नवंबर को अनावश्यक रूप से प्रमुख मार्गों पर जाने से बचें और निर्धारित डायवर्जन का पालन करें।

तीन हजार रुपये के विवाद में युवक का सिर लोहे की रॉड से फोड़ा, तीन पर केस

जागरण मोर्चा कार्यालय



▶ दुकान से घर लौटते समय पीछे से किया हमला, घायल होकर सड़क पर गिरा युवक; मां की तहरीर पर सीबीगंज पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

बरेली। महज तीन हजार रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। सीबीगंज के तिलियापुर गांव में दुकान से घर लौट रहे आरिश के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया गया। इसके बाद दो अन्य युवकों ने भी उसके साथ मारपीट की। गंभीर रूप से घायल आरिश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी मां की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तिलियापुर निवासी मुन्नो पत्नी बाबू के मुताबिक, उनके बेटे आरिश के अरमान पुत्र जाकिर पर तीन हजार रुपये बकाया थे। इसी रकम को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। आरोप है कि 30 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे आरिश इकरार खां की दुकान से घर लौट रहा था। रास्ते में अरमान ने पीछे से उसके सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया। हमले में आरिश लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। आरोप है कि इसके बाद चांद और जाफिर भी मौके पर पहुंच गए और आरिश को पीटने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग जुटे और बीच-बचाव कर उसे बचाया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। मां मुन्नो की शिकायत पर सीबीगंज पुलिस ने अरमान, चांद और जाफिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छात्राओं को बताए सुरक्षा और कानूनी अधिकार


जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। बच्चों को यौन उत्पीड़न और असुरक्षित व्यवहार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को डॉ. सुशील गिरीश गर्ल्स इंटर कॉलेज में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जया प्रदर्शनी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों और व्यक्तिगत सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार यादव का विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक अनिल कुमार ने माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को यौन उत्पीड़न से बचाव, पॉक्सो एक्ट और गुड टच-बैड टच के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने असुरक्षित व्यवहार की पहचान करने और ऐसी स्थिति में बिना डर परिवार अथवा संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने के लिए जागरूक किया। पैनल अधिवक्ता विनीत सक्सेना ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मिलने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112 और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में बताया। शिविर में पीएलवी प्रतिपाल सिंह, संस्थापक प्रबंधक अनिल कुमार, प्रधानाचार्य कीर्ति कुदेशिया सहित विद्यालय की शिक्षिकाएं और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ में मिली जिम्मेदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



नवाबगंज। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के शिक्षा संस्थान प्रकोष्ठ में प्रदेश सदस्य का दायित्व मिलने पर एडवोकेट नंद किशोर श्रीवास्तव ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

नंद किशोर श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा नेतृत्व द्वारा उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना उनके लिए सम्मान की बात है। वह शिक्षा के क्षेत्र में संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी सक्रियता से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के विकास का महत्वपूर्ण आधार है और इस क्षेत्र में संगठन की भूमिका को और प्रभावी बनाने के लिए वह निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे। संगठन के कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं का सहयोग, स्नेह एवं मार्गदर्शन उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी समेत समस्त शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया।

भुगतान को लेकर केसर मिल पर प्रशासन ने कसा शिकंजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बहेड़ी। बीते दो सत्रों के केसर मिल पर चल रहे 162 करोड़ के बकाये को लेकर बीती 30 अक्टूबर को गन्ना किसानों के विशाल धरना प्रदर्शन के बाद अब प्रशासन ने भी मिल पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। मिल के सीएमडी की ओर से प्रशासन को 10 नवंबर तक भुगतान करने की बात कही गई है। सोमवार को एसडीएम गोपाल शर्मा, एसडीएम नबाबगंज सचिन यादव, सीओ अरूण कुमार सिंह, डी सीओ दिलीप कुमार के साथ पुलिस बल तथा राजस्व टीम के साथ यकायक मिल के प्रशासनिक भवन जा पहुंचे और सीईओ शरत मिश्रा के केबिन में जाकर सीधे सीएमडी हर्ष आर किला चंद से बात कराने को कहा। वीडियो काल के जरिये हुई बातचीत में सीएमडी ने कहा कि मिल की बिक्री के लिए दो अलग अलग पार्टियों से क्रमशः पांच और 10 नवंबर तक डील तय हो जाने की पूरी उम्मीद है। इस पर अधिकारियों ने दीपावली पर्व को देखते हुए हर हाल में करीब 20 करोड़ रुपये का प्रबंध करने के निर्देश मिल प्रबंधन को दिए। इतने पर आश्वासन देते हुए सीएमडी ने पूरा भुगतान मिल की बिक्री होने के बाद देने की लाचारी जताई। 10 नवंबर तक मिल की बिक्री के बाद भुगतान करने की बात लिखित में देने की बात भी कही। प्रशासनिक अफसरों ने चेतावनी के लहजे में कहा कि 10 नवंबर तक भुगतान न हो पाने की सूरत में प्रशासनिक भवन, अधिकारियों के बंगले तथा कर्मचारियों के आवास समेत पूरे परिसर को सील कर नीलामी की जद में ले लिया जाएगा।

जनसुनवाई में लापरवाही पर तीन निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। थानों में फरियादियों की शिकायतों की अनदेखी करना सी बीगंज के तीन पुलिसकर्मियों को भारी पड़ गया। जनसुनवाई और शि कायतों के निस्तारण में ला परवाही सामने आने पर एसएस पी अनुराग आर्य ने थानाध्यक्ष (एसओ), वरिष्ठ उपनिरीक्षक (एसएसआई) और एक उपनिरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। तीनों के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। एसएसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हलचल मच गई है। कार्रवाई के जरिए जिले के सभी थानों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि जनशिकायतों की अनदेखी और जिम्मेदारियों के निर्वहन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दरअसल, थानों में जनसुनवाई का उद्देश्य पीड़ितों की समस्याएं सुनकर उनका नियमानुसार समाधान कराना है। इसके बावजूद सीबीगंज थाने में शिकायतों के निस्तारण और जनसुनवाई की व्यवस्था में खामियां सामने आईं। इस पर एसएसपी ने संबंधित तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित करने का निर्णय लिया।

विभागीय जांच में यह पता लगाया जाएगा कि शिकायतों के निस्तारण में किस स्तर पर लापरवाही बरती गई और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि एसएसपी अनुराग आर्य इससे पहले भी ड्यूटी में लापरवाही और कार्यशैली में खामियां मिलने पर दो थानेदारों समेत तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई कर चुके हैं। लगातार हो रही कार्रवाई से थानों में तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने का संदेश दिया जा रहा है। अब देखना होगा कि इस कार्रवाई के बाद थानों में जनसुनवाई और शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण की व्यवस्था में कितना सुधार आता है।

बरेली में भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा की तैयारियां तेज

बरेली। प्रस्तावित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक हुई। क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरण लाल लोधी ने कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पदयात्रा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल होंगे। पदयात्रा स्वयंवर बारात घर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए शहीद पंकज अरोड़ा स्मारक पर संपन्न होगी। बैठक में सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, मेयर डॉ. उमेश गौतम समेत जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

दिल्ली ले जाकर दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के दबाव का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। भमोरा क्षेत्र की एक युवती ने गांव के युवक पर बहला-फुसलाकर दिल्ली ले जाने, बंधक बनाकर दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। युवती ने शिकायत में बताया कि 21 अक्टूबर 2026 को गांव का अब्दुल रहमान पुत्र रमजानी अपने भांजे सद्दाम के साथ उसे डरा-धमकाकर दिल्ली ले गया। आरोप है कि आरोपी घर से पांच लाख रुपये नकद भी ले गए, जिन्हें उसके पिता ने खेत बेचकर रखा था। युवती के मुताबिक, दिल्ली में उसे जबरन रखा गया और उसके साथ दुष्कर्म किया गया। उस पर इस्लाम कबूल करने का दबाव भी बनाया गया। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकलकर वह घर पहुंची। पीड़िता ने ग्राम प्रधान सरताज समेत तीन लोगों पर धमकाने और अदालत में अपने पक्ष में बयान देने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है।.दो नवंबर को एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में युवती ने निष्पक्ष जांच, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है।

नवाबगंज में सरदार वीएम सिंह का जोरदार स्वागत, केंद्र-प्रदेश सरकार और विपक्ष पर साधा निशाना

जागरण मोर्चा कार्यालय



नवाबगंज। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार वीएम सिंह के नवाबगंज आगमन पर स्थानीय किसानों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। किसान नेता के स्वागत के दौरान उपस्थित अन्नदाताओं में खासा उत्साह और जोश देखने को मिला। किसानों के इस स्नेह पर आभार व्यक्त करते हुए सरदार वीएम सिंह ने कहा कि किसानों के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान के लिए संगठन का मजबूत होना बेहद जरूरी है। उन्होंने किसानों से एकजुट होकर काम करने की अपील की, ताकि अपने हकों की आवाज को मजबूती से उठाया जा सके। किसानों से बातचीत के दौरान वीएम सिंह ने केंद्र और प्रदेश सरकार के साथ-साथ विपक्षी राजनीतिक दलों को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि सरकारें किसानों की आय और कल्याण के दा वे तो करती हैं, लेकिन जमी नी स्तर पर किसान आज भी खाद, बिजली, सिंचाई और फसलों के ला भकारी मूल्य जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। वहीं, विपक्षी दल भी किसानों के असल संकट पर केवल राजनीति करते हैं और जरूरी मुद्दों पर मौन साधे रहते हैं। वीएम सिंह ने कहा कि संगठन किसानों के हर संघर्ष में उनके साथ खड़ा रहेगा। इस मौके पर क्षेत्र के दर्जनों किसान मौजूद रहे।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, छह लोग घायल, दो बुजुर्ग महिलाओं की हालत गंभीर

बदायूं। बहजोई रोड पर सोमवार को तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में छह लोग घायल हो गए, जिनमें दो बुजुर्ग महिलाओं की हालत गंभीर है। तीन बच्चों को मामूली चोटें आई हैं। संभल जिले के बहजोई कोतवाली क्षेत्र के मिर्जापुर निवासी अरवाज पुत्र अलीजन अपनी लाल स्विफ्ट कार से पत्नी फरा, मां अजीजन और अन्य रिश्तेदारों के साथ इस्लामनगर में चमन की बेटी की शादी में शामिल होने जा रहे थे। कार में तीन बच्चे भी सवार थे। राहगीरों के अनुसार, तेज रफ्तार के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और कार पेड़ से टकरा गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

यातायात माह का शुभारंभ, बाइक रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। जिले में सोमवार को यातायात माह नवंबर-2026 का शुभारंभ रिजर्व पुलिस लाइन्स में किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा और सदर विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री महेश चंद्र गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान यातायात जागरूकता बाइक रैली भी निकाली गई।

कार्यक्रम में एसएसपी अंकिता शर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यातायात नियमों का पालन करके सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट और चारपहिया



रैली का शुभारम्भ करते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता व एसएसपी अंकिता शर्मा।



सदर विधायक को पुष्प गुच्छ भेंट करती एसएसपी अंकिता शर्मा। -जागरण मोर्चा

वाहन चालकों से सीट बेल्ट का के प्रयोग से बचने तथा सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करने पर भी जोर दिया। इसके बाद विधायक महेश चंद्र गुप्ता और एसएसपी अंकिता शर्मा ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर पुलिस लाइन चौराहा, इंदिरा चौक, लावेला चौक और जेल तिराहा होते हुए वापस पुलिस लाइन पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के माध्यम से लोगों को सुरक्षित यातायात का संदेश दिया गया। इस मौके पर एएसपी ग्रामीण डॉ. ह्रदेश कठेरिया, एसडीएम सदर साई आश्रित शाखमुरी, एएसपी एवं सीओ सिटी सुमेध मिलिंद जाधव, एआरटीओ हरिओम गौतम, यातायात प्रभारी मनोज कुमार वर्मा, यातायात पुलिसकर्मी, ऑटो व ई-रिक्शा चालक, पुलिस मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थी, राजकीय इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बदायूं पुलिस ने लोगों से स्वयं यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की।

तीन माह में 436 पेंशनरों ने जमा किए डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र की सुविधा को लेकर जागरूकता बढ़ाई जा रही है। अगस्त से अक्टूबर 2026 तक जिले के कोषागार में कुल 436 डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र सफलतापूर्वक प्रस्तुत किए जा चुके हैं। वरिष्ठ कोषाधिकारी विकास चौधरी ने बताया कि अगस्त माह में 224, सितंबर में 108 और अक्टूबर में 104 पेंशनरों ने डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा किए हैं। कोषागार में आने वाले पेंशनरों को हेल्पडेस्क के माध्यम से कर्मचारियों ने डिजिटल प्रमाण-पत्र बनाने और ऑनलाइन जमा करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। कई पेंशनरों के प्रमाण-पत्र मौके पर ही अपलोड कराए गए। उन्होंने बताया कि अब पेंशनरों को जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने के लिए कोषागार के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। वे घर बैठे जीवन प्रमाण पोर्टल www.jeevanpramaan.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन प्रमाण-पत्र जमा कर सकते हैं। इसके अलावा बैंक, जनसेवा केंद्र, डाकघर और मोबाइल एप के जरिए भी यह सुविधा उपलब्ध है। एक नवंबर 2026 से राष्ट्रीय डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान शुरू किया गया है। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने उन पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों से अपील की है, जिन्होंने अभी तक अपना जीवित प्रमाण-पत्र जमा नहीं किया है, वे जल्द से जल्द डिजिटल माध्यम से इसे प्रस्तुत कर दें, ताकि पेंशन संबंधी प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

ट्रैक्टर चालक से मारपीट, चार पर मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

ओरछी। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के खेड़ादास के जंगल में अनुमति लेकर मिट्टी डाल रहे ट्रैक्टर चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि रास्ते के विवाद को लेकर चार लोगों ने चालक के साथ गाली-गलौज कर उसकी पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे दो अन्य युवकों को भी आरोपियों ने पीटा और जान से मारने की धमकी दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, मुकेश कुमार खेड़ादास के जंगल में अनुमति लेकर मिट्टी डालने का काम कर रहा था। इसी दौरान ग्राम मइ, कोतवाली चंदौसी, जनपद संभल निवासी शाहिद, अजमल, अजीम



खेड़ा दास के जंगल में होती मारपीट। -जागरण मोर्चा

पुत्रगण शाकिर अली और शाकिर अली वहां पहुंच गए। आरोप है कि रास्ते के विवाद को लेकर उन्होंने मुकेश के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बचाव के लिए पहुंचे राजकुमार और आलम को भी पीटा गया। आसपास के लोगों के जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस भी मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष कपिल कुमार ने बताया कि मुकेश की तहरीर पर शाहिद, अजमल, अजीम और शाकिर अली के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

किसानों को 1340 कुंतल आलू बीज आवंटित

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ नकद भुगतान पर नवादा स्थित एसआर कोल्ड स्टोरेज से मिलेगा बीज

बदायूं। रबी सीजन 2026-27 में आलू की खेती को बढ़ावा देने के लिए जनपद के किसानों को 1340 कुंतल आलू बीज आवंटित किया गया है। जिला उद्यान अधिकारी के अनुसार किसानों के लिए कुफरी किरन, फाईसोना, आनंद, ख्याति, चिप्सोना-1, चिप्सोना-3, सूर्या, मोहन और बहार प्रजातियों का बीज उपलब्ध कराया गया है। आलू बीज की कीमत आधारीय प्रथम सीड साइज 2630 रुपये, आधारीय प्रथम ओवर साइज 2040 रुपये तथा आधारीय द्वितीय सीड साइज 2480 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित है। किसान नकद भुगतान कर एसआर कोल्ड स्टोरेज,



नवादा से बीज प्राप्त कर सकते हैं। जिला उद्यान अधिकारी ने किसानों से समय रहते बीज प्राप्त करने की अपील की है। अधिक जानकारी कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी अथवा आलू बीज प्रभारी देवेंद्र कुमार, सहायक उद्यान निरीक्षक के मोबाइल नंबर 7983319256 पर प्राप्त की जा सकती है।

विधायक ने इलेक्ट्रॉनिक शोरूम का किया शुभारंभ

▶ बगरैन में नए प्रतिष्ठान के खुलने से क्षेत्रवासियों को मिलेगी सुविधा, मेडिकल स्टोर पर भी की चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बगरैन। कस्बा बगरैन में जेएन एंटरप्राइजेज इलेक्ट्रॉनिक शोरूम का सोमवार को बिसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशुतोष मौर्य ने फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के संचालक इरफान खान सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। शुभारंभ के दौरान विधायक आशुतोष मौर्य ने संचालक को नई शुरुआत की बधाई देते हुए कहा कि कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में नए व्यापारिक प्रतिष्ठानों की स्थापना से स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यापारिक



शोरूम का उद्घाटन करते बिसौली विधायक आशुतोष मौर्या। -जागरण मोर्चा

गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। इलेक्ट्रॉनिक शोरूम खुलने से बगरैन तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की खरीदारी के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। अब उन्हें जरूरी सामान खरीदने के लिए दूरदराज के बाजारों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इसके बाद विधायक आशुतोष मौर्य जय हनुमान मेडिकल स्टोर पहुंचे, जहां उन्होंने स्टोर संचालक विपिन गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं अन्य लोग मौजूद रहे। लोगों ने नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर खुशी जताते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अधिवक्ता हत्या के विरोध में प्रदर्शन, जाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। जालौन में वरिष्ठ अधिवक्ता के अपहरण के बाद हत्या किए जाने की घटना के विरोध में सोमवार को बदायूं में अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं के प्रदर्शन के चलते कलेक्ट्रेट के दोनों ओर करीब एक घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन बदायूं के सदस्य अधिवक्ता विपिन बहादुर सिंह ने कहा कि प्रदेश में अधिवक्ताओं के साथ लगातार हो रही आपराधिक घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। जालौन की घटना ने पूरे अधिवक्ता समाज को झकझोर दिया है। अधिवक्ताओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान सर्वोपरि होना चाहिए। उन्होंने कहा कि



विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी संरक्षण कानून लागू कराने, जिला बार एसोसिएशन में अधिवक्ता सुरक्षा समिति गठित करने और पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नियमित बैठक करने की आवश्यकता है। जिला न्यायालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। विपिन बहादुर सिंह ने कहा कि किसी अधिवक्ता को धमकी मिलने या हमला होने पर तत्काल सहायता की व्यवस्था होनी चाहिए। पीड़ित अधिवक्ता के परिवार को आर्थिक और कानूनी मदद भी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन को अधिवक्ताओं के अधिकारों और सम्मान की मजबूत आवाज बनना होगा। अधिवक्ता सुरक्षित रहेगा, तभी न्याय व्यवस्था मजबूत होगी।

महिलाओं पर फब्तियां कसने वाला मनचला गिरफ्तार

बदायूं। महिलाओं और युवतियों पर फब्तियां कसने तथा अभद्र टिप्पणियां करने के आरोप में महिला थाना पुलिस की मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीम ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार, मिशन शक्ति प्रभारी योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अभियान चला रही थी। इसी दौरान राह चलती महिलाओं और युवतियों पर फब्तियां कस रहे युवक को पकड़ लिया गया। आरोपी की पहचान जुनैद पुत्र वाजिद निवासी खेड़ा बुजुर्ग, थाना शिवलाल के रूप में हुई। कार्रवाई करने वाली टीम में कांस्टेबल सुशील कुमार, श्रीकांत, शालू यादव, सुनीता और नीलम चौधरी शामिल रहीं।

अनुशासन और सेवा भाव से उज्ज्वल भविष्य

▶ युवा शक्ति में छिपी है राष्ट्र निर्माण की अपार क्षमता : संजीव कुमार शर्मा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। नेहरू मेमोरियल शिवनारायण दास पीजी कॉलेज में भारत स्काउट एवं गाइड संस्था के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय रोवर-रेंजर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में युवाओं को नशे से दूर रहने, अनुशासन का पालन करने तथा प्राकृतिक आपदाओं के दौरान स्वयं को तैयार रखने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डा. प्रशांत कोहली ने स्काउट ध्वज फहराकर किया। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर



नेहरू मेमोरियल शिवनारायण दास कालेज में रोवर-रेंजर को प्रशिक्षण देते जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा, डा .लक्ष्य सिंह चौधरी व अर्चना।

परिश्रम और अनुशासन से ही जीवन में ऊंचाइयां हासिल की जा सकती हैं। युवा यदि अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें तो कोई भी बाधा उन्हें आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डा. मनवीर सिंह ने कहा कि संकल्पशील युवाओं में इतिहास रचने की क्षमता होती है। देशभक्ति, सकारात्मक सोच और सेवा भाव से ही समाज एवं राष्ट्र सशक्त बनता है। जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। श्रेष्ठ चिंतन और पवित्र आचरण के माध्यम से देश को विश्व गुरु बनाने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। रोवर प्रभारी डा. लक्ष्य सिंह और रेंजर प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर अर्चना के मार्गदर्शन में रोवर-रेंजर की टोलियों का गठन कर उन्हें विभिन्न दायित्व सौंपे गए। इस दौरान प्रो. बैकुंठ नाथ शुक्ला, डा. विक्रांत उपाध्याय, रवि भूषण पाठक, डा. सत्यम मिश्रा, डा. रुचि, निहारिका गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सरकारी नौकरी के नाम पर 20 लाख की ठगी, 18 लोग शिकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। बिसौली कोतवाली क्षेत्र में सरकारी नौकरी और स्पोर्ट्स कॉलेज में दाखिला दिलाने के नाम पर करीब 20 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक व्यक्ति खुद को जिला समन्वयक अधिकारी बताकर और खेल मंत्री, एसएसपी समेत बड़े नेताओं व अधिकारियों से करीबी संबंध होने का दावा कर लोगों को अपने जाल में फंसाता रहा। वर्ष 2023 से अब तक करीब 15 से 18 लोगों से ऑनलाइन और नकदी के माध्यम से लगभग 20 लाख रुपये ठगने का आरोप है। मामले में ग्राम विधानगला निवासी दानसिंह पुत्र भूपाल सिंह ने बिसौली कोतवाली में लिखित शिकायत देकर



ठगी के शिकार हुई लोग। -जागरण मोर्चा

कार्रवाई की मांग की है।

फर्जी नियुक्ति पत्र देकर कराई ड्यूटी

शिकायतकर्ता दानसिंह के मुताबिक, बिसौली के गांव परसिया निवासी शिशुपाल पुत्र हरीश चंद्र पाली से उसकी पुरानी दोस्ती थी। आरोप है कि शिशुपाल ने खेल मंत्री से पारिवारिक संबंध होने का हवाला देकर विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी, स्टेडियम में स्पोर्ट्स कोच, स्टाफ नर्स और स्पोर्ट्स कॉलेज में दाखिला दिलाने का भरोसा दिया। लोगों का विश्वास जीतने के लिए उसने कथित तौर पर फर्जी नियुक्ति पत्र भी जारी किए। इतना ही नहीं, अमरोहा, बरेली, डोरीलाल स्टेडियम और बगरैन स्टेडियम में कुछ लोगों से करीब चार महीने तक काम भी कराया गया। जब उन्हें वेतन नहीं मिला और उन्होंने इस संबंध में पूछताछ की तो आरोपी टालमटोल करने लगा। इसके बाद कथित फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ।

किसी से नौकरी तो किसी से दाखिले के नाम पर वसूली

शिकायत में जिन लोगों से रकम लेने का उल्लेख किया गया है, उनमें मुरादाबाद के मौसमपुर निवासी सौरभ कुमार से स्पोर्ट्स कोच की नौकरी के नाम पर 1.20 लाख रुपये, दानसिंह की पत्नी श्वेता से स्टाफ नर्स की नौकरी के नाम पर 3.50 लाख रुपये और दानसिंह से स्टेडियम में स्पोर्ट्स कोच का अधिकारी पद दिलाने के नाम पर 1.60 लाख रुपये लेने का आरोप है। इसी तरह रामपुर के एचोरा निवासी उमेश कुमार से उनके 14 वर्षीय बेटे तरुण का गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ में कक्षा छह में दाखिला कराने के नाम पर तीन लाख रुपये लिए गए। इसमें 2.50 लाख रुपये ऑनलाइन और 50 हजार रुपये नकद दिए जाने की बात कही गई है। बिनावर क्षेत्र के सदुल्लापुर भितारा निवासी पुष्पाल से ब्लॉक स्तर पर स्पोर्ट्स कोच की नौकरी के नाम पर 1.50 लाख रुपये और बरेली के आंवला क्षेत्र के रेहगांव निवासी वीरेंद्र से स्टेडियम में चतुर्थ श्रेणी की नौकरी दिलाने के नाम पर 1.20 लाख रुपये लेने का आरोप लगाया गया है। पीड़ितों ने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और ठगी गई रकम वापस दिलाने की मांग की है।

30 गर्भवती महिलाओं की जांच, एक में खून की कमी

सैदपुर। सैदपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शिविर लगाया गया। इसमें 30 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच में एक महिला हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की श्रेणी में मिली, जिसमें खून की कमी थी। चिकित्सकों ने उसे आयरन और सुक्रोज के इंजेक्शन देकर उपचार किया। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, मलेरिया, पीलिया और एनीमिया समेत विभिन्न जांचें की गईं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा ने गर्भवती महिलाओं को समय पर पंजीकरण कराने और नियमित प्रसव पूर्व जांच कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे जटिलताओं का समय रहते पता लगाकर मां और शिशु की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

दीपावली पर शहर को रोशन करने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



सपा के पूर्व मंत्री आबिद रजा।

बदायूं। दीपावली के त्योहार पर शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों को आकर्षक रोशनी व सजावट से जगमगाने की मांग को लेकर पूर्व मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव आबिद रजा ने पहल की है। उन्होंने नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष फात्मा रजा को पत्र भेजकर शहर के प्रमुख मार्गों पर फैंसी पोल लाइट लगवाने और चौराहों पर आकर्षक रंगोली बनवाने का सुझाव दिया है। आबिद रजा ने पथिक चौक से नवादा तक, मढ़ई चौक से लालपुल चौराहे तक, घंटाघर से राजकीय डिग्री कॉलेज होते हुए छह सड़का बाजार तक तथा इंदिरा चौक से रेलवे स्टेशन मार्ग पर फैंसी लाइट लगवाने की मांग की है। इसके अलावा शहर के प्रमुख चौराहों पर रंगोली बनवाकर दीपावली की सजावट को आकर्षक बनाने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि दीपावली हिंदू समाज का प्रमुख त्योहार है। इस अवसर पर नगर पालिका की ओर से विशेष प्रकाश व्यवस्था और सजावट कराई जानी चाहिए, जिससे त्योहार पर शहर के प्रमुख बाजारों और मार्गों की रौनक बढ़े तथा लोगों को उत्सव जैसा माहौल मिले।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





टिकट फाइनल होने से पहले ही सपा में विरोध के स्वर, बिसौली और दातागंज में बढ़ी दावेदारों की चुनौती

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। समाजवादी पार्टी ने अभी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए बिसौली और दातागंज सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान नहीं किया है, लेकिन टिकट की दावेदारी को लेकर दोनों क्षेत्रों में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। खास बात यह है कि प्रत्याशियों की घोषणा से पहले ही पार्टी के भीतर विरोध के स्वर सुनाई देने लगे हैं। पूर्व विधायकों के सपा में शामिल होने के बाद वर्षों से पार्टी के लिए काम कर रहे स्थानीय नेताओं और संभावित प्रत्याशियों को अपनी राजनीतिक जमीन खिसकने का डर सताने लगा है। दोनों विधानसभा क्षेत्रों में संभावित टिकट वितरण को लेकर अलग-अलग स्तर पर लामबंदी शुरू हो गई है।



कुशाग्र सागर।



सिनोद शाक्य पूर्व विधायक।



सतीश प्रेमी।



दातागंज से दावेदार।

बिसौली और दातागंज की राजनीति में यह स्थिति 26 अक्टूबर को पूर्व विधायक कुशाग्र सागर और पूर्व विधायक सिनोद शाक्य के समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद पैदा हुई है। दोनों नेताओं के सपा में आने से पार्टी का राजनीतिक समीकरण बदलता दिखाई दे रहा है। वहीं, पहले से टिकट की उम्मीद लगाए बैठे नेताओं और उनके समर्थकों को आशंका है कि पार्टी नेतृत्व नए शामिल हुए नेताओं को प्राथमिकता दे सकता है। इसी आशंका के चलते अब स्थानीय स्तर पर विरोध और समर्थन की गतिविधियां तेज होने लगी हैं।

दातागंज में सुनीता पाल के समर्थन में पाल समाज की लामबंदी: दातागंज विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक सिनोद शाक्य के सपा में शामिल होने के बाद संभावित प्रत्याशियों के बीच नए सिरे से राजनीतिक समीकरण बनने लगे हैं। यहां लंबे समय से पार्टी के लिए सक्रिय सुनीता पाल के समर्थन में पाल समाज के लोगों ने आवाज उठानी शुरू कर दी है। समर्थकों का मानना है कि पार्टी को ऐसे स्थानीय चेहरे को मौका देना चाहिए, जो लंबे समय से संगठन के साथ जुड़ा हुआ है और क्षेत्र में अपनी राजनीतिक पहचान रखता है। सुनीता पाल के समर्थन में हो रही लामबंदी को पार्टी नेतृत्व के लिए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संदेश माना जा रहा है। समर्थकों की अपेक्षा है कि टिकट वितरण में स्थानीय कार्यकर्ताओं की मेहनत और क्षेत्र में उनकी स्वीकार्यता को महत्व दिया जाए। ऐसे में सिनोद शाक्य की एंट्री के बाद दातागंज में टिकट की लड़ाई और दिलचस्प हो गई है।

बिसौली में सतीश प्रेमी के पक्ष में उठ रही आवाज: बिसौली विधानसभा क्षेत्र में भी कमोबेश यही स्थिति दिखाई दे रही है। पूर्व विधायक कुशाग्र सागर के सपा में शामिल होने के बाद लंबे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे सतीश प्रेमी के समर्थकों में टिकट को लेकर बेचैनी बढ़ी है। सतीश प्रेमी के पक्ष में यादव समाज सहित बड़ी संख्या में मतदाता आवाज उठा रहे हैं। समर्थकों की मांग है कि पार्टी नेतृत्व स्थानीय स्तर पर सक्रिय और संगठन के प्रति समर्पित नेताओं की दावेदारी को नजरअंदाज न करे।बिसौली में सतीश प्रेमी के समर्थन में हो रही लामबंदी को केवल टिकट की दावेदारी तक सीमित नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं की राजनीतिक हिस्सेदारी से जोड़कर भी देखा जा रहा है। समर्थकों का तर्क है कि चुनाव के समय किसी नए समीकरण के आधार पर निर्णय लेने के बजाय वर्षों से क्षेत्र में काम कर रहे नेताओं की मेहनत और जनाधार का आकलन किया जाना चाहिए।

अखिलेश यादव के सामने संतुलन बनाने की चुनौती: दोनों विधानसभा क्षेत्रों में उभर रही स्थिति ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। एक ओर पार्टी में शामिल हुए पूर्व विधायकों का राजनीतिक अनुभव और उनका अपना जनाधार है, तो दूसरी ओर पुराने कार्यकर्ता और स्थानीय दावेदार हैं, जो लंबे समय से पार्टी के लिए मेहनत कर रहे हैं। ऐसे में टिकट का फैसला किसी एक पक्ष को संतुष्ट करने के साथ दूसरे पक्ष की नाराजगी बढ़ा सकता है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सामने दोनों सीटों पर ऐसा प्रत्याशी चुनने की चुनौती होगी, जिसे चुनाव में जीत दिलाने की क्षमता के साथ संगठन और स्थानीय कार्यकर्ताओं का समर्थन भी हासिल हो। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि टिकट वितरण में जल्दबाजी के बजाय जातीय समीकरण, क्षेत्रीय प्रभाव, संगठन की स्थिति और संभावित प्रत्याशियों की चुनावी क्षमता का आकलन महत्वपूर्ण होगा।

आंतरिक समीक्षा में जुटा पार्टी नेतृत्व: राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, बिसौली और दातागंज दोनों सीटों पर समाजवादी पार्टी का नेतृत्व आंतरिक स्तर पर समीकरणों की समीक्षा करने में जुटा है। संभावित प्रत्याशियों की लोकप्रियता, स्थानीय कार्यकर्ताओं की राय, सामाजिक समीकरण और चुनावी संभावनाओं को परखा जा रहा है। हालांकि पार्टी की ओर से अभी किसी सीट पर टिकट को लेकर आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है और न ही किसी दावेदार के नाम पर अंतिम मुहर लगाई गई है। फिलहाल दोनों सीटों पर टिकट की घोषणा से पहले ही जिस तरह समर्थन और विरोध की गतिविधियां सामने आ रही हैं, उससे साफ है कि सपा के लिए प्रत्याशी चयन आसान नहीं रहने वाला। अब निगाहें पार्टी नेतृत्व के फैसले पर टिकी हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि अखिलेश यादव नए शामिल हुए पूर्व विधायकों पर भरोसा जताते हैं या वर्षों से पार्टी के लिए जमीन तैयार कर रहे स्थानीय दावेदारों को मौका देते हैं। इतना तय है कि दोनों सीटों पर टिकट का फैसला केवल प्रत्याशी चयन नहीं, बल्कि पार्टी के भीतर राजनीतिक संतुलन की भी परीक्षा होगा।

त्योहारों पर शांति बनाए रखने की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय

कुंवरगांव। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को थाना कुंवरगांव परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने की। इसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं और समाजसेवियों ने भाग लिया। बैठक में थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने क्षेत्रवासियों से सभी त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अराजकता, हुड़दंग या अफवाह फैलाकर माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि बिना पुष्टि किए किसी भी भ्रामक, आपत्तिजनक या भड़काऊ संदेश को साझा न करें। क्षेत्र में अफवाह फैलाने और शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। बैठक में त्योहारों के मद्देनजर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त रखने पर भी चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। इस दौरान मौजूद नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में क्षेत्र के प्रधानों सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



पीस कमेटी की बैठक में दिशा निर्देश देते थाना अध्यक्ष राजेश कौशिक।

तीन और चार नवंबर को लगेगा रोजगार मेला, 15 से अधिक कंपनियां करेंगी भर्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय

- हाईस्कूल से स्नातकोत्तर तक के अभ्यर्थियों को मिलेगा नौकरी पाने का अवसर

बदायूं। बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि तीन नवंबर को सुबह 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सालारपुर तथा चार नवंबर को सुबह 10 बजे ककराला रोड स्थित बीआईएमटी परिसर में रोजगार मेला लगेगा। इसमें 15 से अधिक कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जो तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्रों में विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से करेंगी। 18 से 40 वर्ष तक के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा और बीटेक उत्तीर्ण अभ्यर्थी इसमें शामिल हो सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को शैक्षिक प्रमाणपत्रों और बायोडाटा की छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थल पर पहुंचना होगा। मेले में प्रतिभाग पूरी तरह निःशुल्क रहेगा।

बरेली की पदयात्रा में बदायूं से उमड़ेगा भाजपा कार्यकर्ताओं का हुजूम, 5 हजार से अधिक भरेंगे हुंकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

- लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत तीन नवंबर को होगा आयोजन, जेपी नड्डा और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य रहेंगे मौजूद

बदायूं। भारतीय जनता पार्टी के लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत तीन नवंबर को बरेली में विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी। इसमें बदायूं जनपद से पांच हजार से अधिक पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा तथा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। पदयात्रा में बदायूं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला और मंडल स्तर पर तैयारियां की गई हैं। सभी मंडलों के पदाधिकारियों, विभिन्न मोर्चों के कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर सहभागिता सुनिश्चित की गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा और संवैधानिक मूल्यों के सम्मान के लिए पार्टी प्रतिबद्ध है। विपक्ष की नकारात्मक राजनीति, झूठे आरोपों और अराजकता फैलाने के प्रयासों के विरुद्ध यह पदयात्रा जनजागरण का सशक्त माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अनुशासन और एकजुटता के साथ पदयात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। पदयात्रा सुबह 10 बजे स्वयंवर बारातघर, राजेंद्र नगर से शुरू होकर बांके बिहारी मंदिर और शिवाजी चौक होते हुए शहीद पंकज अरोड़ा चौक, डीडीपुरम तक पहुंचेगी।



बदायूं-बिल्सी मार्ग पर लौड़ा बहेड़ी में लगेंगी आतिशबाजी की अस्थायी दुकानें

जागरण मोर्चा कार्यालय

- फायर टेंडरों की उपलब्धता के आधार पर तय होगी दुकानों और क्लस्टरों की अधिकतम संख्या

बदायूं। दीपावली पर्व पर आतिशबाजी की अस्थायी दुकानें लगाने के लिए प्रशासन ने स्थान का चयन कर लिया है। प्रभारी अधिकारी आयुध एवं नगर मजिस्ट्रेट सुमित सिंह ने समिति की रिपोर्ट के आधार पर तहसील सदर के ग्राम लौड़ा बहेड़ी स्थित गाटा संख्या 711 को अस्थायी आतिशबाजी दुकानों के लिए चयनित किया है। यह स्थान बदायूं-बिल्सी मार्ग पर स्थित है।

नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि आतिशबाजी दुकानों के आवंटन से पहले सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके लिए उप जिलाधिकारी सदर, पुलिस क्षेत्राधिकारी बदायूं और अग्निशमन अधिकारी की संयुक्त समिति भौतिक गणना कर क्लस्टरों और दुकानों की अधिकतम संख्या निर्धारित करेगी। इसके बाद निर्धारित मानकों के अनुसार अस्थायी आतिशबाजी के लाइसेंस जारी किए जाएंगे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार जिले में छोटे-बड़े कुल आठ फायर टेंडर कार्यशील हैं। प्रत्येक क्लस्टर में अधिकतम 50 दुकानें लगाने और सुरक्षा की दृष्टि से दो फायर टेंडरों की उपलब्धता अनिवार्य रखी गई है। इसी आधार पर ग्राम लौड़ा बहेड़ी के स्थान का चयन किया गया है।

बांके बिहारी के दर्शन कर 4 नवंबर को बदायूं पहुंचेंगे डॉ. शैलेश पाठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

- भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह चरम पर, कछला से दातागंज तक जगह-जगह भव्य स्वागत की तैयारी

बदायूं। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. शैलेश पाठक 4 नवंबर को वृंदावन में ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेने के बाद बदायूं पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह है। कछला से लेकर उझानी, बदायूं शहर और दातागंज तक जगह-जगह भव्य स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। अनुमान है कि इस दौरान हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक उनके स्वागत में जुटेंगे। डॉ. शैलेश पाठक के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वह कछला से बदायूं की ओर रवाना होंगे। यहां से उझानी, लालपुल, कचहरी चौराहा और इंद्रा चौक होते हुए भाजपा जिला कार्यालय पहुंचेंगे। पार्टी कार्यालय पर वह भाजपा के पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन लेंगे। इसके बाद सराय और पापड़ होते हुए दातागंज पहुंचने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उनके शाम तक दातागंज पहुंचने की सूचना है। डॉ. पाठक का दातागंज विधानसभा क्षेत्र के साथ ही पूरे जनपद में अच्छा प्रभाव माना जाता है। प्रदेश कार्यसमिति में स्थान मिलने के बाद उनके प्रथम आगमन को लेकर समर्थकों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। स्वागत कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए हनुमान दल, बजरंग दल, भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों की टीमें व्यवस्थाओं में जुटी हुई हैं।कछला से दातागंज तक स्वागत की तैयारियों से राजनीतिक माहौल भी गर्माने लगा है। कार्यकर्ताओं को उम्मीद है कि डॉ. पाठक का यह दौरा संगठन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा।



डॉ. शैलेश पाठक।

विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

मुजरिया। मुजरिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर अतिरिक्त दहेज में अर्टिगा कार मांगने, मारपीट करने और जेवर छीनकर घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता नुजहत पुत्री नवी अहमद ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उसने बताया कि करीब एक साल पहले उसकी शादी भोगाजीत नगरिया निवासी फरमान से हुई थी। पिता ने शादी में पर्याप्त दहेज दिया था। इसके बावजूद पति समेत ससुराल वाले कार की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि 20 फरवरी 2026 को मारपीट कर जेवर छीन लिए और जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

जनगणना में सहयोगी स्कूलों को नकद पुरस्कार

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों के तहत सोमवार को तहसील सदर में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अवनीश राय ने प्रशिक्षण स्थल पर अचानक पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कर्मचारियों को जनगणना का कार्य पूरी गंभीरता, शुद्धता और समयबद्धता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना में जिन विद्यालयों के प्रधानाचार्य और विद्यार्थी पूर्ण सहयोग करते हुए शत-प्रतिशत गणना कराने में अहम भूमिका निभाएंगे, उन्हें नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता और जनगणना से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी भी ली। उनके साथ अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं जिला जनगणना अधिकारी महेंद्र कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। जनगणना डिजिटल माध्यम से भी कराई जाएगी। 16 से 30 नवंबर 2026 तक आमजन आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। स्व-गणना पूरी होने पर मिलने वाली एसई आईडी सुरक्षित रखनी होगी और घर पहुंचने वाले प्रगणक को उपलब्ध करानी होगी। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर गणना करेंगे।

मेघनाथ वध और सुलोचना सती लीला का मंचन

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। आदर्श रामलीला कमेटी दिसौली गंज में चल रही रामलीला में मेघनाथ वध एवं सिलोचना सती की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से दर्शकों को रामकथा के प्रसंगों का साक्षात अनुभव कराया। लीला के मार्मिक दृश्यों को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

मंचन के दौरान युद्धभूमि में मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच तीखे संवादों के बाद भीषण युद्ध हुआ। अंततः लक्ष्मण ने अपने बाणों से मेघनाथ का वध कर दिया। पति की मृत्यु का समाचार सुनकर सिलोचना व्याकुल हो उठीं और अपने पति का शीश लेने रामदल पहुंचीं। यहां प्रभु श्रीराम और सिलोचना के बीच हुए संवाद ने दर्शकों को भावुक कर दिया। प्रभु श्रीराम ने सिलोचना से कहा कि यदि यह शीश वास्तव में उनके पति मेघनाथ का है तो उनकी पुकार पर अवश्य बोलेगा। इसके बाद मेघनाथ के शीश के बोलने का दृश्य देखकर श्रद्धालु आश्चर्यचकित और भावुक हो उठे। पति के प्रति सिलोचना के अटूट प्रेम, समर्पण और पतिव्रता भाव का मंचन देख दर्शकों की आंखें नम हो गईं।लीला के माध्यम से कलाकारों ने धर्म, मर्यादा, प्रेम और त्याग का संदेश दिया। मंचन के दौरान पूरा रामलीला परिसर प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंजता रहा और श्रद्धालु भक्तिरस में सराबोर नजर आए।



रामलीला का मंचन करते कलाकार

शांति व्यवस्था को लेकर 11 आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने और विवाद की आशंका को देखते हुए पुलिस ने सोमवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया। थाना अलापुर पुलिस ने शांति व्यवस्था के दृष्टिगत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें भूरे पुत्र मोर सिंह (29) और वकील पुत्र मुरारी (38), निवासी ग्राम उनोला तथा अकरम पुत्र रौनक अली (40), निवासी ग्राम आसपुर, थाना अलापुर शामिल हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की। वहीं, थाना हजरतपुर पुलिस ने ग्राम अभयपुर में शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका के चलते आठ लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में ओमेंद्र, अमित, भरे उर्फ मानवेंद्र और पुष्पेंद्र पुत्रगण रणवीर सिंह, जोगराज सिंह, मोरपाल पुत्र जोगराज सिंह, प्रदीप पुत्र जसवीर और शिवम पुत्र जसवीर निवासी ग्राम अभयपुर शामिल हैं।हजरतपुर पुलिस ने सभी आठ आरोपियों के विरुद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। इस प्रकार दोनों थाना क्षेत्रों में पुलिस ने कुल 11 लोगों के खिलाफ शांति व्यवस्था के मद्देनजर निरोधात्मक कार्रवाई की।

25वें दिन भी जारी किसानों का धरना

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के जिला अध्यक्ष सतीश साहू के नेतृत्व में मालवीय आवास गृह पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना रविवार को 25वें दिन भी जारी रहा। किसान नौ अक्टूबर से दो समस्याओं के समाधान और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर दिन-रात धरने पर बैठे हैं। किसानों का आरोप है कि इतने दिन बीतने के बाद भी कोई जिम्मेदार अधिकारी उनकी सुध लेने नहीं पहुंचा। सदर तहसील अध्यक्ष दिलशाद हुसैन ने बीएसएनएल कार्यालय के पीछे सार्वजनिक नाले और आठ फीट के आम रास्ते पर कथित अवैध कब्जे का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के बावजूद पैमाइश और कब्जा हटाने की कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, जिला प्रवक्ता राशिद अब्बासी ने ग्राम जनुईया निवासी प्रेमवती और भगवान दास के जमीन विवाद में इकरारनामा होने के बावजूद दूसरे व्यक्ति के नाम बैनामा कराने और कब्जे का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शिकायत के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं हुई। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेश व मंडल स्तर पर ज्ञापन सौंपने के साथ भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। धरने में बीयीशु दास, दिलशाद हुसैन, रहीश मलिक, बब्बू हुसैन, रोहितास सिंह पटेल, प्रेमवती, भगवान दास और राशिद अब्बासी सहित अन्य किसान मौजूद रहे।



धरने पर बैठे किसान यूनियन के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

शाहबाद पुलिस ने दो चोरियों का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

शाहबाद। कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग घरों में हुई चोरियों का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से नकदी और चांदी के जेवर बरामद हुए हैं, जबकि उसका साथी फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, 31 अगस्त को एक घर से सोने-चांदी के आभूषण और 15 हजार रुपये चोरी हुए थे। वहीं, 25 अक्टूबर को दूसरे घर से 95 हजार रुपये और चांदी के जेवर चोरी किए गए थे। एक नवंबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बरखेड़ा मोड़ स्थित यात्री शेड के पास से इसरार उर्फ नन्हे पुत्र लतीफ निवासी मुड़िया घोसियान, थाना मूंढापांडे, मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया। उसका साथी महफूज अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी से दोनों मामलों के 20,100 रुपये और एक जोड़ी चांदी की पाजेब बरामद की है।

शाहबाद में कैंटर ने बाइक सवार छात्रों को मारी टक्कर, एक की मौत, दो ज़ख्मी

▶ पॉलीटेक्निक के प्रथम वर्ष के छात्र था मृतक, हेलमेट भी नहीं बचा सका जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के सुहावा गांव के पास बाइक सवार छात्रों को कैंटर ने बाइक सवार तीन छात्रों को टक्कर मार दी, हादसे में शाहबाद के राजकीय पालिटेक्निक के प्रथम वर्ष के छात्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार दो अन्य छात्र गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक छात्र के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक शिशुपाल उर्फ सूरज।

सोमवार सुबह बरेली जनपद के मीरगंज अंतर्गत सिधौली गांव निवासी हरिओम का बेटा शिशुपाल उर्फ सूरज(18) अपने दो साथी छात्रों आकाश और आशीष के साथ बाइक पर सवार होकर शाहबाद के राजकीय पालिटेक्निक में परीक्षा देने आ रहा था, रास्ते में शाहबाद-सिरौली स्थित सुहावा गांव के पास सामने से आ रही कैंटर ने छात्रों की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में प्रथम वर्ष के छात्र शिशुपाल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार लास्ट ईयर के छात्र आकाश और आशीष बुरी तरह जख्मी हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाल धनंजय सिंह मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और घायलों को डायल 112 और एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद में भेजा, वही मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलते ही छात्रों के परिजन रोते बिलखते हुए अस्पताल पहुंचे साथ ही साथ राजकीय पालिटेक्निक के प्रधानाचार्य ने भी सीएचसी पहुंचकर जानकारी ली।

हेलमेट भी नहीं बचा सकता छात्र की जान

शाहबाद। सोमवार को सुहावा गांव के पास रफ्तार की वजह से टक्कर इतनी भिड़ंत थी कि बाइक पर हेलमेट पहने छात्र की जान नहीं बच सकी। हेलमेट टूटकर टुकड़ों में तब्दील हो गया। कैंटर की तेज रफ्तार के चलते पॉलीटेक्निक के एक छात्र शिशुपाल की जान की चली गई। जबकि उसके दो अन्य दोस्त बुरी तरह जख्मी हो गए।

बड़े भाई की मौत के बाद शिशुपाल उर्फ सूरज ही था घर का इकलौता सहारा

शाहबाद। बरेली जनपद के मीरगंज अंतर्गत सिधौली गांव निवासी हरिओम ने कई वर्ष पूर्व एक हादसे में अपने बड़े बेटे को खो दिया था, उसके बाद से छोटा बेटा शिशुपाल उर्फ सूरज ही घर का इकलौता चिराग़ था और अपने मां बाप का सहारा भी। परिजनों ने बड़ी उम्मीद से उसका दाखिला शाहबाद के राजकीय पालिटेक्निक में कराया था, लेकिन उन्हें कहां पता था कि वो भी एक हादसे में अपनी जान गवा देगा। सड़क हादसे में शिशुपाल की मौत के बाद हरिओम के घर का इकलौता चिराग़ भी बुझ गया। जानकारी के अनुसार शिशुपाल की बहने भी है, जिनमें एक की शादी हो चुकी है। शिशुपाल की असमय मौत से परिजनों में मातम छा गया।

आर्य समाज वर्तमान परिपेक्ष में राष्ट्र रक्षा के लिए संकल्पित : राजेंद्र कपूर

जागरण मोर्चा कार्यालय

तिलहर(शाहजहांपुर)। श्री कन्या गुरुकुल रुद्रपुर के महोत्सव के प्रथम दिवस रविवार को राष्ट्र रक्षा सम्मेलन के साथ ही विभिन्न मत-मतांतरों पर चर्चा की गई। प्रयागराज से आए आर्य विद्वान राजेंद्र कपूर ने राष्ट्र रक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है आतंकवाद अलगाववाद के साथ ही विदेशी ताकतें देश को तोड़ने पर आमादा हैं ऐसे में हम सभी को एकजुट रहने की आवश्यकता है। आर्य समाज ने देश की आजादी में सर्वाधिक योगदान देकर देश आजाद कराया। वर्तमान समय में भी आर्य समाज राष्ट्र रक्षा के लिए संकल्पित है। श्री कपूर ने लोगों से एकजुट रहने की अपील करते हुए राष्ट्र को मजबूत करने का आवाहन किया। दोपहर हुए कार्यक्रम में विभिन्न मत मतांतरों पर विद्वानों ने चर्चा करते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर गुरुकुल संचालक अनुभव आर्य ने सभी विद्वानों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए धूम मचा दी। मुंबई से आए उत्पल वापी ने संगीत के माध्यम से भक्ति रस से सभी को भाव विभोर कर दिया। संचालक अनुभव आर्य ने बताया कि सोमवार को सम्मेलन के दौरान शास्त्रार्थ होगा जिसमें शंका समाधान किया जाएगा। गुरुकुल की प्रधानाचार्या अंजली आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

शाहजहांपुर : गांधी भवन में यूथेरा का ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन सम्पन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। यूथेरा पोएट्री की ओर से आयोजित ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन शनिवार, 1 नवंबर 2026 की शाम गांधी भवन, शाहजहांपुर में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। बरेली से आये मुख्य एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत यूथेरा पोएट्री के ऑर्गेनाइज़र इंजीनियर आमिर ख़ान और तमन्ना अली ने बुके देकर, शॉल एवं मोमेंटो भेंट करते हुए किया। मुशायरे का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अनीस बेग एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, जबकि मुशायरे एवं कवि सम्मेलन की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर अज़्म शाकिरी ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन लखनऊ के शायर शाहबाज़ तालिब ने किया। मुशायरा कंवीनर इशरत सग़ीर ने मंच का प्रारंभ करने से पहले शाहजहांपुर की ऐतिहासिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक धरोहर पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह आयोजन शहर की गंगा-जमुनी तहज़ीब को नज़र में रखते हुए किया गया है। सभी आमंत्रित शायरों को यूथेरा पोएट्री की ओर से बैज लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। उन्हें शॉल और मोमेंटो से सम्मानित किया गया। महफिल में श्रोताओं की भारी भीड़ जमा हुई और देर रात तक गांधी भवन शेर-ओ-शायरी से गूंजता रहा।कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर अज़्म शाकिरी, लखनऊ से हास्य-व्यंग्य के मशहूर शायर पपलू लखनवी, चंडीगढ़ से नवीन नीर, हमज़ा बिलाल, मेरठ से युवा शायरा हिमांशी बाबरा, दिल्ली से नितिन कबीर, अनुज कपूर, लखनऊ से शाहबाज़ तालिब, अभिश्रेष्ठ तिवारी, आरिफ़ अल्वी, अमरोहा से नुज़हत अमरोही, असम से राहिल फ़रीदी और मकनपुर से असिम मकनपुरी ने अपने कलाम से खूब वाहवाही लूटी। मेज़बान शायरों में शायर इशरत सग़ीर, कवि पीयूष शर्मा, विकास सोनी ऋतुराज और विकास शर्मा पारस के साथ-साथ इंजीनियर आमिर ख़ान और तमन्ना अली को भी श्रोताओं और मेहमान शायरों की खूब दाद मिली। इस मौके पर गणमान्य अतिथियों में मशहूर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. हिक्मत उल्लाह, समाजसेवी संजय गुप्ता पाइप वाले, वरिष्ठ साहित्यकार ज्ञानेन्द्र मोहन ज्ञान, रंगकर्मी प्रमोद प्रमिल, इंजीनियर अकरम ख़ान, ओवैस ख़ान, फ़रहत नक़वी, अज़हर ख़ान, दानिश ख़ान सहित भारी संख्या में साहित्यकार, सम्मानित पत्रकार लॉबी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीयूष शर्मा, विकास सोनी ऋतुराज, रिज़वान सग़ीर, विकास शर्मा पारस, विवेक यादव, मोहसिन ख़ान, नियाज़ आदि ने अहम भूमिका निभाई।

आज विश्वविद्यालय पहुंचेंगी राज्यपाल आनंदीबेन

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश की माननीया राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल 3 नवंबर को स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय का भ्रमण किया जाएगा। राज्यपाल सचिवालय की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार कुलाधिपति का विश्वविद्यालय भ्रमण पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक प्रस्तावित है। इस दौरान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आधारभूत संरचनाओं की स्थिति की समीक्षा भी की जाएगी। राज्यपाल के प्रस्तावित भ्रमण को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने तैयारियां दुरुस्त कर ली हैं। इसी क्रम में कुलपति प्रो. पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं शिक्षकों के साथ आवश्यक बैठक कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा निर्धारित समयसीमा में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। राज्यपाल द्वारा प्रस्तावित समीक्षा बैठक में विश्वविद्यालय परिसर स्थित भवनों एवं निर्माणाधीन भौतिक संरचनाओं की अद्यतन स्थिति, पंजीकृत छात्र-छात्राओं की कुल संख्या, पठन-पाठन का स्तर तथा शैक्षणिक कैलेंडर के अनुपालन की स्थिति प्रमुख रूप से शामिल रहेगी। इसके अतिरिक्त स्वीकृत शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक (प्रशासनिक) पदों के सापेक्ष कार्यरत एवं रिक्त पदों की स्थिति तथा रिक्त पदों को भरने के लिए तैयार की गई समयबद्ध कार्ययोजना और उसकी प्रगति की भी समीक्षा की जाएगी। समीक्षा बैठक में विश्वविद्यालय के सुचारु संचालन एवं सुधार से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं और उनके समाधान के लिए प्रस्तावित सुझावों पर भी चर्चा होगी। इसके साथ ही वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षाओं के संचालन, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन, परीक्षा परिणामों की घोषणा तथा समर्थ पोर्टल एवं डिजिटल माध्यमों से डिग्री अपलोड किए जाने की प्रगति की जानकारी भी प्रस्तुत की जाएगी। कुलपति प्रो. पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों व शिक्षकों को निर्देशित किया कि राज्यपाल के भ्रमण से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित, समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जाएं। राज्यपाल के प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत जिला प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी, एसपी सिटी, अपर जिलाधिकारी (एडीएम) सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण कर कार्यक्रम से संबंधित व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, आवागमन, परिसर की व्यवस्थाओं एवं अन्य आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

पटेल जयंती पर विधायक ने किया नमन

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुवायां, शाहजहांपुर। अखण्ड भारत के निर्माता, भारत रत्न, लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कोटि-कोटि नमन करते हुए विधायक चेतराम के द्वारा उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की अपील लोगों से की गई भाजपा विधायक चेतराम ने कहा कि देश को आजादी मिलने के बाद "जिन्होंने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया"* - ऐसे महान राष्ट्रनायक को शत-शत नमन करते हैं उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से देश को एकता के सूत्र में बाँधा। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। जयंती कार्यक्रम पुवायां में मुख्य अतिथि जनप्रिय पुवायाँ भाजपा विधायक श्री चेतराम जी की गरिमामयी उपस्थित में किया गया। इस मौके पर साथ में कार्यक्रम अध्यक्ष विजय वर्मा, सर्वजीत वर्मा, अशोक वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा अनिल वर्मा एडवोकेट, डॉ एसके वर्मा, अनूप पटेल, कमलेश वर्मा, शिव महान, सर्वेश कुमार, हरिपाल, आकाश वर्मा, नितेश कुमार, डॉ विमल वर्मा, राजकुमार सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर मौजूद सभी लोगों ने संकल्प लिया किआइए, हम सब मिलकर राष्ट्र निर्माता सरदार पटेलके दिखाए एकता के मार्ग पर चलें।

स्मार्ट मीटर से बेरोजगारी का संकट, समायोजन की मांग

पुवायां, शाहजहांपुर। पुवायां विद्युत वितरण खंड प्रथम में वर्षों से कार्यरत मीटर रीडरों ने स्मार्ट मीटर लगने से रोजगार पर आए संकट को लेकर आवाज उठाई है। विद्युत संविदा मीटर रीडिंग वर्कर यूनियन के बैनर तले कर्मियों ने मुख्य अभियंता बरेली क्षेत्र और अधिशा सी अभियंता पुवायां को ज्ञा पन भेजकर राहत की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्मा र्ट मीटर लगने से उनके सामने परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। कर्मियों ने सरकार द्वारा गठित आउटसोर्स सेवा निगम के तहत अपना डेटा फीड कराकर समायोजित करने की मांग की है। साथ ही संबंधित एजेंसियों को आवश्यक निर्देश जारी करने की अपील की है।

शाहबाद में जंगली जानवर के हमले में महिला की जान गई

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ चारा काटने के दौरान जंगल में खतरनाक जानवर ने महिला पर हमला कर किया लहूलुहान

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के चकरपुर कदीम गांव में जंगल में घास लेने गई एक 50 वर्षीय महिला पर जंगली जानवर ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए शाहबाद के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के चकरपुर कदीम गांव निवासी वहीद की पत्नी हमशाद (50) सोमवार को गांव के पास जंगल में मवेशियों के लिए घास लेने गई थीं। इसी दौरान जंगल में छिपे खतरनाक जानवर ने हमला कर बुरी तरह ज़ख्मी कर दिया। हमशाद की चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों से लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे, तब तक जानवर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर चुका था। परिजन आनन-फानन में महिला को लेकर शाहबाद स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, जंगल में अज्ञात जानवर के हमले की सूचना से ग्रामीणों में भारी भय और आक्रोश है।

जमीन के बंटवारे को लेकर ग्रामीण के साथ मारपीट करने का आरोप, दी तहरीर

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के चकरपुर कदीम गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर ग्रामीण के साथ मारपीट करने के आरोप लगे है। पीड़ित ग्रामीण ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित रामभरोसे ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि रविवार को जमीन के बंटवारे के दौरान गांव के ही शिवचरन, बबलू और प्रमोद ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

तिलहर में संकल्प सेवा समिति का दीपोत्सव 4 को

तिलहर, शाहजहांपुर। संकल्प सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गौशाला में दीपोत्सव और गौ पूजन का आयोजन 4 नवंबर बुधवार को शाम 5:00 बजे धूमधाम के साथ किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक सेवक संघ के विभाग प्रमुख रवि जी, सह संघ चालक शहाजीपुर विभाग प्रताप नारायण, वीरेन्द्र मिश्र, सह संयोजक कुटुम्ब प्रबोधन, ब्रज प्रांत रघुवीर सहाय, सहविभाग कार्यवाह शहाजीपुर विभाग श्री हेमंत जी जिला प्रचारक, परशुरामपुरी विभाग शाहजीपुर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी संकल्प सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ आलोक अग्रवाल ने दी।

कुत्ता सामने आने से बाइक गिरी, पिता-पुत्र घायल

पुवायां, शाहजहांपुर। पुवायां में निगोही रोड पर गायत्री पैलेस के पास बाइक के सामने कुत्ता आ गया। उसे बचाने की कोशिश में बाइक सड़क पैर फिसल कर गिर गई। पुवायां में निगोही रोड पर गायत्री पैलेस के पास बाइक के सामने कुत्ता आ गया। उसे बचाने की कोशिश में बाइक सड़क पर गिर गई। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। दोनों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां पहुंचाया गया। डॉक्टर ने श्रीपाल की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया। प्रदीप कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर में दो युवक ज़ख्मी

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र में सोमवार देर शाम हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के ठीरिया जदीद निवासी नेम सिंह और बरेली जिले के नवाबगंज क्षेत्र के गांव धोरेरा निवासी राहुल बाइक से सिरौली जा रहे थे। सिरौली स्थित आरएम इंटर कॉलेज के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया।

भागवत कथा में उमड़ रहे श्रद्धालु



पुवायां, शाहजहांपुर। श्रीमद भागवत कथा की अमृत वर्षा प्रफुल्ल शुक्ल जी महाराज पुवायां के मुख से सैकड़ो भक्तों श्रद्धालु श्रवण कर रहे हैं श्रद्धदैय प्रफुल्ल शुक्ल महाराज के श्री मुख से श्रीमद् भागवत कथा का सीधा प्रसारण दिनांक 30 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक समय दोपहर 3 से 7 बजे तक होगा भागवत क्या हुआकथा स्थल : मुरली मैरिज लॉन पुवाया मैं हो रही है प्रफुल्ल शुक्ला महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों को वर्तमान परिपेक्ष में समझाया गया उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा सुननेका पुण्य लाभ अवश्य मिलता है।

अराजकतावादी पार्टी है कांग्रेस की पार्टी : सुरेश खन्ना

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहजहांपुर। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने हाल ही में आए एमएलसी के चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में 11 स्थानों पर चुनाव हुए। कानपुर, कानपुर देहात और उन्नाव को छोड़ कर पूरे प्रदेश में हुए चुनाव में 6 सीटे भाजपा के खाते में आई हैं। इससे इससे सपा को बहुत अधिक खुश होने की जरूरत नहीं है।

यह चुनाव व्यक्तिवादी ज्यादा और पॉलिसी का सैकेंडरी रोल है। इसमें लंबे समय तक देश पर शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी का तो सूपड़ा ही साफ हो गया है। कांग्रेस को अराजकता वादी पार्टी करार देते हुए श्री खन्ना ने कहा कि दिल्ली में जो कुछ प्रदर्शन के नाम पर हो रहा है वह किसी अराजकता से काम नहीं है सरकारी अराजकता से नहीं बदली जा सकती बोले आज नरेंद्र मोदी का पूरे देश में कोई विकल्प नहीं है समाजवादी पार्टी पढ़ा के नाम पर लोगों को छलकर भ्रमित कर रही है। यूपी में योगी मोदी की डबल इंजन की सरकार है योगी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। सपा और कांग्रेस की राजनीतिक हैसियत बताते हुए उन्होंने कहा यह लोग अब हमेशा सत्ता से दूर रहेंगे क्योंकि जनता इनकी फरेबी राजनीति को अच्छी तरह से समझ चुकी है यह लोग पीडीए का अलग-अलग अर्थ बताकर जनता को गुमराह करते आ रहे हैं अब जनता इनकी असलियत समझ चुकी है वह 27 के चुनाव में इन लोगों की औकात इनको बता देगी। श्री खन्ना ने कहा कि कल वह अराजकता को लेकर बरेली में लोकतंत्र बचाओ रैली करने जा रहे हैं। उनका दृष्टिकोण साफ है कि अराजकता को हटाया जाना चाहिए। दिल्ली में जो कुछ हुआ वह अराजकता का एक कारण दर्शाता है। उन्होंने साफ किया कि लोकतंत्र में धरना देने की अनुमति तो है लेकिन आद्रता फैलाने की इजाजत नहीं है। अराजकता फैलेगी तो लोकतंत्र नहीं बचेगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संवैधानिक तरीके से चुनी गई सरकार के सामने चुनौती खड़ा करने की कोशिश कर रही है। यह बात बात जनता अच्छी तरीके से समझ चुकी है और समझ रही है आगामी चुनाव में यूपी में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और प्रदेश की विकास गति और तेज होगी। आज हालात यह है कि कांग्रेस यूपी में अपना उम्मीदवार खड़ा करने की स्थिति में नहीं है क्योंकि कांग्रेस और उसके नेता कंफ्यूज हैं।

मोच के चुनाव में सपा की पांच सिम जीते जाने के सवाल पर श्री खन्ना ने स्पष्ट किया किया जीत समाजवादी पार्टी की नहीं बल्कि उम्मीदवारों के चेहरे की जीत है यह चुनाव व्यक्तिगत होता है इसमें प्रत्याशी जितने अधिक वोट बनवा लेते हैं उसका ही उन्हें फल हासिल होता है यह चुनाव नितांत व्यक्तिगत हुआ करता है लिहाजा समाजवादी पार्टी अधिक खुश न हो। जनपद के विकास को लेकर पूछे गए सवाल पर वित्त मंत्री ने कहा कि जिले में काम तेजी से हो रहा है दीपावली के बाद शहर की सारी सड़कें चमकती नजर आएंगी। सभी चौराहे और तिराहे ठीक कर दिए गए हैं। सड़कों की वजह से जनता को थोड़ी परेशानी हो रही है लेकिन इसके सुख डी परिणाम भी जनता भोगेगी। श्री खन्ना ने कहा की शहर के सभी पार्क व्यवस्थित हैं। आज वह सारे स्थान व्यवस्थित रूप में दिखाई दे रहे हैं जहां पर कभी गंदगी का साम्राज्य था। उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते जिले में विकास हुआ है और आगे भी हो रहा है। जनता को धैर्य से काम लेने की जरूरत है। श्री खन्ना ने 27 के विधानसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि उनका एजेंडा केवल विकास है विकास के जरिए ही वह नौ बार विधायक बने और उन्हें उम्मीद है की जनता उनके काम को आगामी चुनाव में नजर अंदाज नहीं कर पाएगी। कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर संतोष जताते हुए कहा की गैर भाजपाई सरकारों के दौर में अपराध चरम पर थे लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कर शैली के चलते बड़े-बड़े माफिया मिट्टी में मिल गए वह कह सकते हैं याद प्रदेश में कानून का राज है गुंडे मवाली बिलों में छिपे हैं। जनता भी इस बात को बेहतर ढंग से समझ रही है।

किसान पर फायरिंग, दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के महेवा गांव के जंगल में खेत पर पानी लगाने गए किसान पर दो अज्ञात लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित नरेश कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। किसान के अनुसार, खेत में काम करते समय दो लोग बातचीत करने पहुंचे। इसके बाद जब वह आगे बढ़े तो आरोपियों ने पीछे से तमंचे से फायरिंग कर दी। वह बाल-बाल बच गए। इसके बाद हमलावरों ने तमंचे की बट और फावड़े के उल्टे हिस्से से सिर पर वार कर उन्हें घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी देकर आरोपी फरार हो गए। परिजनों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

बार एसोसिएशन चुनाव 4 नवंबर को होगा मतदान, एल्डर कमेटी ने पूरी की तैयारियां

चंदौसी। बार एसोसिएशन चंदौसी के वर्ष 2026-2027 के वार्षिक चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। एल्डर कमेटी के तत्वावधान में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है। एल्डर कमेटी के चेयरमैन अनिल कुमार गुप्ता एडवोकेट तथा सदस्यगण शकील अहमद वारसी, मौ. सगीर सैफी, राज बहादुर और लोकेंद्र शर्मा की देखरेख में चुनाव संबंधी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कमेटी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मतदान आगामी 4 नवंबर बुधवार को सुबह 9 :00 बजे से शाम 4 :00 बजे तक कराया जाएगा। एल्डर कमेटी व चंदौसी बार एसोसिएशन ने सभी मतदाताओं से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान में भाग लेने और प्रत्याशियों को सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया।

त्योहारों से ठीक पहले चंदौसी के बाजार बने जाम के अड्डे बिना रूट डायवर्ज और ई-रिक्शा के आतंक से जनता परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। आगामी त्योहारों धनतेरस, दीपावली और भैयादूज की आहट के साथ ही चंदौसी के प्रमुख बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों का सैलाब उमड़ने लगा है। हालांकि, त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन और नगर पालिका की तैयारियां अब तक शून्य नजर आ रही हैं। शहर में न तो यातायात पुलिस ने अब तक कोई रूट डायवर्ज प्लान लागू किया है और न ही नगर पालिका की तरफ से पार्किंग की कोई व्यवस्था की गई है।

ऊपर से शहर की तंग सड़कों पर अनियंत्रित ई-रिक्शाओं के आतंक ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। बाजार में खरीदारी करने आ रहे आम नागरिकों और वाहन चालकों को घंटों जाम से जूझना पड़ रहा है। बाजारों में मुख्य मार्गों से लेकर संकरी गलियों तक ई-रिक्शा चालकों का कब्जा बना हुआ है। जहां-तहां ई-रिक्शा खड़े कर सवारी उतारने व बैठाने के कारण फव्वारा चौक, सुभाष रोड, घंटाघर, संभल गेट, मुरादाबाद गेट, ब्रह्म बाजार, बड़ा बाजार, में लगातार जाम के हालात बने रहते हैं। स्थानीय दुकानदारों और ग्राहकों का कहना है कि यदि ई-रिक्शाओं का प्रवेश नो-वेंडर जोन या नो-एंट्री बनाकर नियंत्रित नहीं किया गया, तो धनतेरस और दीपावली के दिन पैदल चलना भी दूभर हो जाएगा।



चंदौसी के संभल गेट पर जाम में फंसे ई रिक्शा और लोग। -जागरण मोर्चा

न रूट डायवर्ज न पार्किंग की व्यवस्था

स्थानीय निवासियों में इस बात को लेकर बेहद रोष है कि हर साल त्योहारों पर यातायात व्यवस्था ध्वस्त होती है, फिर भी पुलिस प्रशासन पहले से सबक नहीं लेता। नगर पालिका द्वारा शहर में कहीं भी टू-व्हीलर या फोर-व्हीलर वाहनों के लिए अस्थायी या स्थायी पार्किंग नहीं बनाई गई है। मजबूरी में लोग सड़कों के किनारे ही अपने वाहन खड़े करने को मजबूर हैं, जिससे सड़क की चौड़ाई आधी रह जाती है और जाम की स्थिति पैदा होती है। जनता ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन तत्काल ट्रैफिक डायवर्ज प्लान लागू करे और नगर पालिका त्योहारों के दौरान खाली स्थानों पर पार्किंग की अस्थायी व्यवस्था बनाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

अहोई अष्टमी और धनतेरस की खरीदारी के लिए बाजार आए थे, लेकिन सड़क पर गाड़ियां खड़ी करने की कहीं जगह नहीं है। नगर पालिका को कम से कम त्योहारों के समय अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए। ऊपर से ई-रिक्शा वाले कहीं भी गाड़ी रोक देते हैं। आधे घंटे का काम निपटाने में दो-दो घंटे लग रहे हैं। पुलिस प्रशासन को जल्द से जल्द रूट डायवर्ज लागू करना चाहिए।


-नरेश कुमार गुप्ता स्थानीय निवासी, चंदौसी

त्योहारों का सीजन ही व्यापारियों के लिए मुख्य कमाई का समय होता है, लेकिन बाजार में लग रहे लंबे जाम की वजह से ग्राहक काफी परेशान हो रहे हैं। ई-रिक्शाओं की अनियंत्रित आवाजाही से दुकानों के आगे हर वक्त जाम की स्थिति बनी रहती है। अगर ट्रैफिक पुलिस ने मुख्य बाजारों में नो-एंट्री और पार्किंग के कड़े नियम लागू नहीं किए, तो त्योहार के दिनों में व्यापार पर बहुत बुरा असर पड़ेगा।


-अनुज वार्ष्णेय अन्नू, नगर अध्यक्ष, अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल चंदौसी।

5 माह से वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारियों में नाराजगी

चंदौसी। चंदौसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अवनि परिधि कंपनी के तहत कार्यरत कर्मचारियों को पिछले पांच माह से वेतन नहीं मिला है। इससे नाराज कर्मचारियों ने सोमवार को चिकित्सा अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर लंबित वेतन जल्द जारी कराने की मांग की। कर्मचारियों ने बताया कि वेतन न मिलने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। बच्चों की फीस जमा करने और परिवार का भरण-पोषण करने में परेशानी हो रही है। इस संबंध में पहले भी अधिकारियों को मौखिक और लिखित रूप से अवगत कराया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जल्द वेतन नहीं मिला तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान अथर्व, बिजेंद्र, आकाश, सचिन, गौरव, राकेश, दीपक, भानु, अमरपाल, रुचि शर्मा, आशा और सुनीता सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

त्यौहारों के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी का सघन चेकिंग अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। आगामी त्यौहारों के सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सोमवार को चंदौसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्मों और ट्रेनों में आरपीएफ व जीआरपी द्वारा संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक गोविंद सिंह और जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अब्दुल बासित मलिक के नेतृत्व में पुलिस बल ने प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों तथा ट्रेनों के जाकर संदिग्ध वस्तुओं व व्यक्तियों की चेकिंग की। इस दौरान यात्रियों से पूछताछ की गई और सुरक्षा मानकों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने यात्रियों को जागरूक करते हुए यात्रा के दौरान सतर्क रहने, किसी भी लावारिस वस्तु को न छूने और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत सुरक्षा कर्मियों को सूचना देने की अपील की। सुरक्षा एजेंसियों की इस सतर्कता से स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता नजर आई।


चैकिंग अभियान चलाती आरपीएफ व जीआरपी।

बनियाखेड़ा में लंका दहन का रोमांचक मंचन

चंदौसी। बनियाखेड़ा में आयोजित श्रीरामलीला में सोमवार को हनुमान जी द्वारा लंका दहन का सजीव मंचन किया गया। इसे देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। कथा के अनुसार, माता सीता की खोज में पवनपुत्र हनुमान लंका पहुंचे और अशोक वाटिका में उनसे भेंट कर प्रभु श्रीराम का कुशलक्षेम बताया। इसके बाद उन्होंने रावण की बगिया उजाड़ दी और अक्षय कुमार का वध कर दिया। मेघनाथ ने ब्रह्मपाश से हनुमान जी को बंदी बना लिया। रावण के आदेश पर उनकी पूंछ में आग लगाई गई। इसके बाद हनुमान जी ने जलती पूंछ से पूरी लंका नगरी को आग के हवाले कर दिया। इस दृश्य पर पंडाल जय बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। आयोजन में विशेष प्रजापति, कमल सिंह प्रजापति, अंश प्रजापति, वंश प्रजापति, थान सिंह यादव, अनिल गिरी, अनुज गिरी, सुशील जैन और डॉ. महेश मौर्य आदि का विशेष सहयोग रहा।

मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज ने कबड्डी प्रतियोगिता में मारी बाजी

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज के तत्वावधान में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। क्रीड़ा अधिकारी ज्ञान सिंह के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राजकुमार गोयल ने फीता काटकर किया।

प्रतियोगिता के दौरान पर्यवेक्षक डॉ. अमनदीप कौर, विशेषज्ञ विकास कुमार, अधिकारी मनीष कुमार ढाका, हेमंत कुमार और रितिक कपूर ने अंपायरिंग व मैचों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही सचिन ने स्कोरर, अर्जुन ने टाइम कीपर और आशीष ने लाइनमैन की भूमिका निभाई।

पहला मैच: जेएस कॉलेज अमरोहा और अब्दुल रज्जाक कॉलेज के बीच हुआ, जिसमें जे.एस. कॉलेज अमरोहा ने 46-16 के अंतर से जीत दर्ज की।

दूसरा मैच: विवेकानंद कॉलेज दरवाड़ा और मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज चंदौसी के बीच खेला गया, जिसमें मॉडल कॉलेज की टीम 42-30 से विजयी रही।

तीसरा मैच: वर्धमान कॉलेज बिजनौर ने जे.एस.एच. कॉलेज अमरोहा को 26-9 से हराया।

चौथा मैच: वर्धमान कॉलेज बिजनौर ने अब्दुल रज्जाक कॉलेज को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।


चंदौसी के मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज मैप कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता प्रतिभागी। -जागरण मोर्चा

प्रतियोगिता का फाइनल मैच वर्धमान कॉलेज बिजनौर और मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज चंदौसी के बीच खेला गया। कड़े मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज चंदौसी की टीम ने जीत हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता टीम को शील्ड और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग रहा। अंत में क्रीड़ा अधिकारी ज्ञान सिंह ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्तिक कथा में भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। नगर के मोहल्ला कागजी स्थित श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में कार्तिक मास के पवित्र उपलक्ष्य में धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला जारी है। गत 27 अक्टूबर से प्रतिदिन प्रातः 5:30 बजे से मंदिर परिसर में संगीतमय कार्तिक कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास पंडित मेवाराम द्वारा प्रस्तुत कथा के दौरान मंदिर प्रांगण भक्ति रस और अमृत वर्षा से सराबोर हो उठा। पंडित जी के मुखारविंद से कार्तिक मास का महत्त्व और भगवान के मधुर प्रसंगों को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमने पर मजबूर हो गए। संपूर्ण वातावरण जय श्री कृष्णा और हर-हर महादेव' के उद्घोष से गुंजायमान रहा। कथा के उपरांत मुख्य यजमानों एवं श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से आरती उतारी गई, जिसके पश्चात सभी भक्तों के मध्य प्रसाद का वितरण किया गया। कथा को सुनने वालों में सुधीर मल्होत्रा, बुद्धिश छाबड़ा, सचिन मग्गो, विजय अरोरा, मोनू अदलखा, रोहित मग्गो, अमन मल्लन, गगन अरोरा, नीतू ओहरी, बिट्टू अदलखा, विपिन आहूजा, गुलशन खत्री, ऋतिक अदलखा, राजू कालरा, मनमोहन भसीन, इंद्रमोहन बतरा, सचिन अरोरा, पुनीत खुराना, संजय मदान, विमल साहनी, हनी डुडेजा एवं गुलशन अरोरा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।


कार्तिक कथा सुनाते कथा व्यास पंडित मेवाराम और कथा सुनते श्रद्धालु।


चंदौसी के दियौरा खास में रामलीला का मंचन करते कलाकार।

दियौरा खास में हुआ धनुष यज्ञ और लक्ष्मण-परशुराम संवाद का मंचन

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। आदर्श श्री राम लीला कमेटी, दियौरा खास द्वारा आयोजित श्रीराम लीला के पांचवें दिन रविवार रात धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर और लक्ष्मण-परशुराम संवाद की मनमोहक लीला का मंचन किया गया। लीला में राजा जनक के दरबार में शिव धनुष भंग और भगवान श्रीराम व माता सीता के विवाह उत्सव का सजीव प्रसंग देख दर्शक भाव-विभोर हो गए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान राम और माता सीता का स्वागत किया, जिससे पूरा पंडाल 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान कमेटी के लल्लू सिंह, गोकरन यादव, उदयवीर सिंह, रनवीर सिंह, वीरेश यादव, लखमीचंद, मनसुख यादव करतार सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

राम-लक्ष्मण ने ताड़का का उद्धार कर की यज्ञ की रक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। वीर सावरकर नगर में आयोजित श्री राम कथा के छठे दिवस पर कथा व्यास पंडित अशोक दीक्षित जी महाराज ने भगवान श्री राम की बाल लीलाओं, नामकरण के आध्यात्मिक रहस्यों और गुरु-शिष्य परंपरा का विस्तृत वर्णन किया। चारों पुत्रों के नाम का महत्वः महाराज दशरथ के चारों पुत्रों के नाम की महिमा बताते हुए कहा कि राम नाम विश्व का कल्याण करने वाला, भरत त्याग की भावना जगाने वाला, शत्रुघ्न शत्रुओं का विनाश करने वाला तथा लक्ष्मण सकल ब्रह्मांड के आधार व उदारता के प्रतीक हैं। विश्वामित्र का आगमन व यज्ञ रक्षाः राक्षसों के उपद्रव को रोकने के लिए महर्षि विश्वामित्र अयोध्या पहुंचे और राम-लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने का आग्रह किया। पुत्र मोह में व्याकुल दशरथ को महर्षि वशिष्ठ ने कर्तव्य का बोध कराया, जिसके बाद दोनों भाइयों को विश्वामित्र के साथ भेजा गया। मार्ग में भगवान ने ताड़का का उद्धार कर यज्ञ की रक्षा की। जनकपुर यात्रा के दौरान भगवान ने अहिल्या का उद्धार किया तथा गंगा स्नान का महत्व बताते हुए कहा कि गंगाजल आध्यात्मिक, पौराणिक, वैज्ञानिक और मांगलिक दृष्टि से मानव मात्र के रोगों का नाश कर कल्याण करता है। जनकपुर पहुंचने पर महाराज जनक ने उनके ठहरने की उत्तम व्यवस्था की, जहां दोनों भाइयों ने नगर भ्रमण किया। इस दौरान चौधरी छत्रपाल सिंह, रामकिशोर मिश्रा, सुनील चौधरी, अभिनय चौधरी, तनिष्क चौधरी, प्रखर चौधरी, संजीत पाल, उमेश पाल सिंह, हिमांशु पाल, नरेश पाल, अनिल कुमार राघव, निशांत राजपूत, आईपी शर्मा, राम प्रकाश फौजी, वीरेंद्र सिंह, कुणाल पाल, रविंद्र सक्सेना, दयालु शरण शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।


चंदौसी में श्रीराम कथा सुनतें श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

मांगों को लेकर किसान यूनियन के प्रतिनिधियों ने खोला मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

मुरादाबाद। गन्ना उपायुक्त कार्यालय, मुरादाबाद मंडल, मुरादाबाद पर भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के तत्वावधान में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन आंदोलन प्रारंभ हुआ। आंदोलन का संयुक्त नेतृत्व चौधरी किरनपाल सिंह एवं चौधरी अशोक चौधरी ने किया तथा कार्यक्रम का कुशल संचालन संजय चौधरी ने किया। आंदोलन को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि आज किसान अपनी ही उपज का उचित मूल्य पाने और अपनी फसल की बिक्री के लिए संघर्ष करने को मजबूर है। गन्ने की खेती में खाद, बीज, कीटनाशक, डीजल, सिंचाई एवं मजदूरी की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। चीनी मिलों का समय से संचालन न होना और गन्ना मूल्य घोषित न किया जाना किसानों के साथ अन्याय है। संगठन की मांग है कि गन्ने का मूल्य 550 प्रति कुंतल घोषित किया जाए तथा सभी चीनी मिलों का समयबद्ध संचालन और किसानों के गन्ने का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।



चौधरी दिवाकर सिंह ने विशेष रूप से अमरोहा गन्ना विकास सहकारी समिति लिमिटेड के फत्तेपुर बिस्नोई द्वितीय गन्ना क्रय केंद्र का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस केंद्र को अगवानपुर चीनी मिल प्रबंधन द्वारा बंद कर दिया गया है, जबकि जेवड़ा, जेवड़ी एवं सलेमपुर गांवों के 300 से अधिक किसान इस केंद्र पर निर्भर हैं। यहां पूर्व में लगभग 1 लाख 70 हजार कुंतल गन्ने की आपूर्ति होती रही है। उन्होंने कहा कि क्रय केंद्र बंद होने से किसानों को लगभग 10 से 12 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करके गन्ना चीनी मिल तक ले जाना पड़ेगा।

अगवानपुर बाईपास पर भारी यातायात, लंबे-लंबे ट्रालों एवं अन्य भारी वाहनों की आवाजाही के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। किसानों को इस जोखिम में डालना उचित नहीं है। एक घंटे की वार्ता भी रही बेनतीजा, संगठन ने शुरू की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आंदोलन के दौरान जिला गन्ना अधिकारी अमरोहा, जिला गन्ना अधिकारी मुरादाबाद, सचिव गन्ना विकास सहकारी समिति लिमिटेड अमरोहा तथा अगवानपुर चीनी मिल के जीएम केन के साथ संगठन के प्रतिनिधिमंडल की लगभग एक घंटे तक वार्ता हुई। लेकिन वार्ता में किसानों की प्रमुख मांग, विशेषकर फत्तेपुर बिस्नोई द्वितीय गन्ना क्रय केंद्र को पुनः चालू कराने के संबंध में कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकल सका।

इसके बाद संगठन ने आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल एवं क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। वर्तमान में संगठन के 10 कार्यकर्ता क्रमिक अनशन पर बैठ गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि जब तक फत्तेपुर बिस्नोई द्वितीय गन्ना क्रय केंद्र को पुनः चालू कराने का ठोस निर्णय लेकर उसे धरातल पर शुरू नहीं कराया जाता, तब तक संगठन का आंदोलन लगातार जारी रहेगा। किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। आंदोलन की समस्त जिम्मेदारी अगवानपुर चीनी मिल प्रबंधन एवं संबंधित गन्ना विभाग की होगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राहुल यादव जिला अध्यक्ष मुरादाबाद बंटीचौधरी उर्फ विजयपाल सिंह तहसील अध्यक्ष मुरादाबाद योगेंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष मुरादाबाद चौधरी धर्मवीर सिंह, चौधरी नेमपाल सिंह, चौधरी विक्रम पंवार, मौजीराम पाल, चौधरी विजयपाल सिंह उर्फ बंटी, चौधरी योगेंद्र सिंह, चौधरी कमल सिंह, चौधरी राजाराम सिंह, चौधरी धर्मराज सिंह, चौधरी प्रधान समरपाल सिंह सहित सैकड़ों किसान एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

दीपावली व त्योहारों के दृष्टिगत एसडीएम ने आतिशबाजी गोदामों का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। दीपावली एवं आगामी त्योहारों को देखते हुए जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशों के अनुपालन में सोमवार को एसडीएम आशुतोष तिवारी ने क्षेत्र के आतिशबाजी गोदामों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने फायर एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में ग्राम मई, रामबाग रोड तथा कैथल रोड स्थित आतिशबाजी गोदामों का जायजा लिया। इस दौरान अग्निशमन उपकरणों, आपातकालीन निकास और निर्धारित सुरक्षा मानकों तथा नियमों के अनुपालन की स्थिति को परखा गया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं कि आतिशबाजी के भंडारण और बिक्री से जुड़े सभी प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके और त्योहारों के दौरान आमजन की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित हो सके।


आतिशबाज़ी गोदामों का निरीक्षण करते एसडीएम।

भारत की गरीबी के अर्धसत्य

क्या भारत में गरीबी 'नगण्य' स्तर पर आ रही है? क्या बहुत जल्द 'गरीबी-रेखा' की अवधारणा और मानकता समाप्त हो जाएंगी? क्या 285-400 रुपए रोजाना की आमदनी 'सामान्य स्थिति' है? गरीबी से उबरना है? देश के कण-कण, चप्पे-चप्पे, गली-मुहल्लों में जो गरीब परिवार दिखाई देते हैं, क्या उनमें से अधिकतर गरीबी से बाहर निकल आए हैं और सामान्य आय-वर्ग में शामिल हो चुके हैं? आरएसएस के सरकार्यवाह (महामंत्री) दत्तात्रेय होसबाले ने 375 रुपए से भी कम रोजाना कमाने वालों को 'गरीबी' की श्रेणी में रखा था, जिसमें करोड़ों भारतीय बताए गए थे, क्या उस आकलन और सर्वेक्षण का अर्थशास्त्र गलत था? पश्चिम बंगाल से उप्र तक की पट्टी में देश के करीब 57 फीसदी गरीब माने जाते रहे हैं, क्या उनमें से अधिकतर गरीबी से बाहर निकल आए हैं? देश में ऐसी कॉन-सी क्रांति या औद्योगिक विकास हुआ है, जिनसे गरीबी 3 फीसदी से भी कम पर आने का निष्कर्ष बताया जा रहा है? विश्व बैंक ने भारत की गरीबी पर जो रपट जारी की है, उसकी प्रामाणिकता और विश्वसनीयता कितनी है? भारत में गरीबी और गरीब के आंकड़े विश्व बैंक ने खुद तो जमा नहीं किए। भारत सरकार, मंत्रालयों और एजेंसियों ने जो डाटा मुहैया कराया होगा, विश्व बैंक ने उन्हीं का विश्लेषण किया होगा! तो उस आधार पर कैसे माना या दावा किया जा सकता है कि भारत में गरीबी बहुत कम हो चुकी है और करीब 50 करोड़ लोग, 2011-23 के दौरान, गरीबी-रेखा से बाहर आ चुके हैं? विश्व बैंक की रपट के मुताबिक, भारत में 'अत्यधिक गरीबी' 3 डॉलर (करीब 285 रुपए) रोजाना के मानक स्तर पर 27.1 फीसदी से घट कर मात्र 2.6 फीसदी रह गई है? यह 'अत्यधिक गरीबी' क्या होती है? यह शब्दावली किसने तय की और क्या सभी को स्वीकार्य है? बहरहाल 12 साल के कालखंड में साढ़े 3 साल यूपीए सरकार के हैं, शेष कालखंड मोदी सरकार का है। इन सालों में 49.6 करोड़ लोग गरीबी-रेखा से बाहर आए हैं। निम्न मध्यम आय-वर्ग में रोजाना 4.2 डॉलर (करीब 400 रुपए) कमाने और जीवनयापन करने वालों की आबादी 57.7 फीसदी से घट कर 16.1 फीसदी पर आ गई है। इसी स्तर पर 2026 की गरीबी-दर 14.2 फीसदी से घट कर 2028 में 12.1 फीसदी तक लुढक़ सकती है। इस विश्लेषण और इन निष्कर्षों पर कई सवाल हैं। भारत में औसतन 300-400 रुपए रोजाना कमाने वाले को 'गरीब' नहीं मानेंगे, तो क्या वह 'सामान्य' श्रेणी में गिना जाएगा? सरकारों ने न्यूनतम वेतन 18,000 रुपए से 24,000 रुपए तक तय कर रखा है। औसतन मजदूर भी 600-700 रुपए की दिहाड़ी मांगता है। विश्व बैंक के हिसाब से 9000-12,000 रुपए माहवार कमाई, आय वाले को 'गरीब' नहीं मानना चाहिए, लेकिन औसत किसान की आमदनी 10,000 रुपए माहवार भी नहीं है। उसे मजदूरी करनी पड़ती है। किसानी से 5000 रुपए भी नहीं मिलते। खेती पर 42 फीसदी कार्यबल आश्रित है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी कृषि का योगदान 16-18 फीसदी है। यह डाटा भारत सरकार के प्रेस सूचना ब्यूरो और विश्व बैंक का है। जिन आधारों पर गरीबी-उन्मूलन के दावे किए जा रहे हैं, उनके अपने 'अद्र्धसत्य' हैं। यह एक अलग विश्लेषण का विषय है, लिहाजा इसे यहीं छोड़ते हैं। 'गरीबी हटाओ' इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री काल से एक बेहद संवेदनशील मुद्दा रहा है। इसी आधार पर उन्होंने 1971 का चुनाव जीत लिया था। बाद में कुछ और प्रधानमंत्री भी गरीबी-उन्मूलन के दावे करते रहे। भारत सरकार में इसका बाकायदा एक मंत्रालय है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपनी योजनाओं के जरिए गरीबी मिटाने के लगातार दावे किए हैं। विश्व बैंक उनकी राजनीति को पुख्ता करता है, लेकिन यह सच भी देश के सामने आना चाहिए कि देश पर करीब 215 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। यह भी यथार्थ है कि वित्त वर्ष 2026-27 में अभी तक बेरोजगारी दर 14.6 फीसदी से बढ़ कर 15.9 फीसदी हो गई है।

अराजकता से भारत को बचाएं: इतिहास का सबक

मैं यह बात कई बार कह चुका हूं, और मेरी राय आज भी नहीं बदली है। भारत में अराजकता के लिए कोई जगह नहीं है। लोग कभी-कभी इसे सत्ता में बैठे किसी व्यक्ति का बचाव समझ लेते हैं। ऐसा नहीं है। यह इतिहास का सबक है। जो देश अराजकता के दौर से गुजरते हैं, वे लगभग कभी बेहतर होकर नहीं निकलते। अक्सर वे पहले से अधिक गरीब और नाराज होकर निकलते हैं, और जो चीजें कुछ सप्ताहों में टूट गयीं, उन्हें दोबारा खड़ी करने में बरसों लगा देते हैं।

हमें दूर देखने की जरूरत नहीं है। वर्ष 2022 में श्रीलंका, 2024 में बांग्लादेश, पिछले वर्ष नेपाल। तीनों जगह सरकारें गिरीं, और तीनों जगह आम लोग आज भी उन बेहतर दिनों की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जिनका वादा उनसे सड़कों पर किया गया था। अब भारत के बारे में सोचिए। हम 1.4 अरब लोग हैं। हमारे यहां सैकड़ों भाषाएं हैं, और हर तरह की आस्था, जाति और क्षेत्रीय निष्ठा है। हमें जो जोड़े रखता है, वह यह नहीं कि हम सब एक बात पर सहमत हैं। बल्कि यह कि हमने असहमत होने का तरीका तय कर रखा है : चुनाव, संसद, अदालतें। इसे हटा दीजिए, तो दूसरी तरफ कोई सुंदर मॉडल प्रतीक्षा नहीं कर रहा। वहां बस टुकड़े ही टुकड़े हैं। इसीलिए पिछले कुछ सप्ताहों ने मुझे परेशान किया है। ये विरोध प्रदर्शन वास्तविक प्रश्नों से शुरू हुए थे। लोग जानना चाहते हैं कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के तहत मतदाता सूचियां साफ-सुथरी हैं या नहीं। उन्हें चुनाव आयोग पर शक है। उससे पहले नीट की गड़बड़ी हुई थी, जिससे लाखों छात्र ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। ये उचित चिंताएं हैं, और लोगों को इन पर आवाज उठाने का पूरा अधिकार है, चाहें तो सड़क पर उतरकर भी। शांतिपूर्ण विरोध



लोकतंत्र का हिस्सा है। परंतु किसी मोड़ पर सुर बदल गया। एक प्रमुख छात्र नेता ने कहा कि बांग्लादेश के आंदोलन ने हमें रास्ता दिखाया है। उनके समर्थक कहते हैं कि उनका मतलब केवल युवाओं के संगठित होने से था, संभवतः यह सच भी हो। फिर भी, जो आंदोलन किसी संस्था को ठीक करने निकला था, वह यदि गिरायी गयी सरकार को अपनी प्रेरणा बताने लगे, तो कहीं कुछ गड़बड़ हो गयी है। इन सभी शिकायतों से निपटने के रास्ते हमारे पास पहले से मौजूद हैं। चुनावी विवाद अदालत में जा सकते हैं, और बहुत से गये भी हैं। मंत्रियों से संसद में कड़े प्रश्न पूछे जा सकते हैं। खराब कानूनों को चुनौती दी जा सकती है या उन्हें रद्द किया जा सकता है। पेपर लीक के जिम्मेदार लोगों की जांच हो सकती है और उन पर मुकदमा चल सकता है। ये रास्ते धीमे हैं और झुंझलाहट पैदा करते हैं। अदालत की तारीख के मुकाबले एक मार्च ज्यादा संतोष देता है। पर यही वे रास्ते हैं, जिनके अंत में देश सलामत बचता है। दो और बातें हैं, जिन पर मैं बार-बार लौटता हूं। पहली बात है पैसा। अमेरिकी संसद की एक समिति 3.9 करोड़ डॉलर से अधिक की उस रकम की जांच कर रही है, जो कथित तौर पर कारोबारी नेविल रॉय सिंघम से जुड़े एक नेटवर्क से कुछ गैर-लाभकारी संस्थाओं तक पहुंची। इनमें से कुछ ऐसे मीडिया संस्थान हैं, जिन्होंने हमारे विरोध प्रदर्शनों को बहुत बारीकी से कवर किया है। ये संस्थाएं किसी भी गलत काम से इनकार करती हैं और कहती हैं कि यह जांच अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला है। इसका फैसला जांच को करने दीजिए। पर भारतीयों का यह पूछना सही है कि विदेश से हमारी राजनीति को हवा देने वालों का खर्च कौन उठा रहा है। और यह प्रश्न हर पक्ष से पूछा जाना चाहिए, केवल उस पक्ष से नहीं जिसे हम नापसंद करते हैं। दूसरी बात है तकनीक। सोशल मीडिया गुस्से पर चलता है, क्योंकि गुस्सा हमें स्क्रॉल करते रहने पर मजबूर करता है। एक भ्रामक क्लिप, चाहे किसी पुलिसवाले की हो या किसी प्रदर्शनकारी की, कुछ ही घंटों में हजारों लोगों को सड़क पर ला सकती है। इसकी शिकायत करने से कुछ नहीं होगा। हमें संगठित हेरफेर को पकड़ने के लिए अपने स्वयं के टूल बनाने होंगे, और लोगों को, विशेषकर युवाओं को, कुछ भी शेयर करने से पहले रुककर सोचना सिखाना होगा। मैं सरकार से भी उतनी ही साफ बात कहना चाहता हूं।

जंतर-मंतर को प्रदर्शनकारियों के लिए बंद करना और हजारों लोगों को हिरासत में लेना एक गलती है। इससे नागरिकों में यह संदेश जाता है कि उनकी बात सुने जाने के लिए अब कोई वैध जगह नहीं बची। और अराजकता पर पलने वाले समूह ठीक यही चाहते हैं कि लोग ऐसा मानने लगें। किसी लोकतंत्र का सबसे अच्छा सेफ्टी वॉल्व वह सरकार है, जो सुनती है और फिर कदम उठाती है। हाशिये के आंदोलन मुख्यधारा में तभी आते हैं जब आम लोगों को लगने लगता है कि ऊपर बैठे लोगों में से कोई ध्यान नहीं दे रहा।

इसलिए मतदाता सूचियों पर विपक्ष के प्रश्नों को गंभीरता से लीजिए और उनका खुलकर जवाब दीजिए। भारत के सामने बहुत-सी असली समस्याएं हैं, और उन्हें सुलझाने के लिए बहस, दबाव और हां, विरोध प्रदर्शन की भी जरूरत पड़ेगी। परंतु इसके लिए घर में आग लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हममें से किसी को भी अराजकता फैलाने वालों का रत्ती भर भी साथ नहीं देना चाहिए। यह देश हम सबका है, उनका भी जिनसे हम असहमत हैं।

डिजाइन के कचरे में

इंजीनियरिंग की कसौटी में प्रदेश का विकास अगर पचास साल भी लांघ जाए, तो हैरानी होगी। इमारतों पर टिके दस्तावेज भले ही सियासी शेखियों में आगे बढ़ जाएं, मगर गुणवत्ता का हिसाब बार-बार टूट रहा है। एक बड़ा उदाहरण टांडा मेडिकल कालेज के प्रांगण में मिलता है, जहां वर्षों से बन रहा मदर एंड चाइल्ड अस्पताल इंजीनियरिंग की खामियों का पुलिंदा बन चुका है। 44 करोड़ की इमारत को इतनी भी लाज नहीं आई कि अस्पताल की सीढ़ियों के साथ रैंप की भी जरूरत है। जाहिर है पीडब्ल्यूडी के डिजाइन विंग ने अपनी काबिलीयत का प्रदर्शन करते हुए सोचा होगा कि एक बार बिना रैंप के अस्पताल खड़ा करके देखा जाए कि देखने में कैसा लगता है। आश्चर्य यह कि इस अधूरे और अव्यावहारिक भवन पर किसी नेता का नाम चस्पां हो जाता है, लेकिन अतिरिक्त 3.31 करोड़ खर्च करके भी अस्पताल का रैंप सही तरह से निर्मित नहीं होता। सरकारी धन की कोफ्त नहीं होती इसलिए मदर एंड चाइल्ड केयर अस्पताल दर्शनीय है और जहां केवल सियासत प्रतिबिंबित होती है। एक किस्सा धर्मशाला का भी है जहां उपायुक्त कार्यालय के समीप लाखों का ओवर हेड ब्रिज ऐसे बनाया कि दस वर्षों से कोई बंदा उस पार जाने की जहमत नहीं उठा पाया। किसी ने तो डिजाइन बना कर सीढ़ियां बनाई होंगी, किसी ने तो परियोजना का प्रारूप बनाया होगा। आश्चर्य यह कि ओवर हेड ब्रिज की नालायकी को ढांपने के लिए अब इसे प्रचार की सीडी से ढांप दिया गया है यानी एक गलती पर विराम लगाने के लिए दूसरी गलती चस्पां की जा रही है। हैरानी होती है कि हिमाचल में कमोबेश एक जैसी ड्राइंग के ऊपर स्कूल-कालेज भवन बन जाता है और उसी के ऊपर अस्पताल भी शुरू हो जाता है। प्रदेश में दो स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की मंजूरी से एक बार तो लगा कि कुछ बदलाव आएगा, मगर यह फंड भी डिजाइन के कचरे में डूब गया। शिमला की धरोहर इमारतों के बीच स्मार्ट सिटी का लोहा केवल बोझ बढ़ा कर रह गया, जबकि धर्मशाला की कब्र बना स्मार्ट रोड सारे शहर को बदनाम करता है। ये कौन से कमिश्नर हैं जो नगर निगमों के हिस्से में आ रहे हैं। केंद्रीय औद्योगिक पैकेज से हिमाचल और उत्तराखंड को एक जैसी सहूलियतें मिलीं, लेकिन हम बीबीएन का नक्शा आज तक मुकम्मल नहीं कर पाए, जबकि उत्तराखंड ने पांच सितारा रैंकिंग के हरिद्वार, पंतनगर जैसे औद्योगिक केंद्रों के कारण उत्पादकता का योगदान स्थापित किया।

भविष्य की तकनीक बनाने की ओर बढ़े भारत

आज चीन एआइ, यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता का भविष्य गढ़ने के अभियान में लगा है। इस लक्ष्य की पूर्ति की दिशा में चीन की तकनीकी कंपनियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता का भविष्य बनाने के लिए आपस में होड़ करती हुई दिखाई दे रही हैं, दूसरी ओर, भारत है, जिसकी अधिकांश बड़ी तकनीकी कंपनियां अब भी इसी बात पर चर्चा कर रही हैं कि दूसरों द्वारा तैयार कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल आखिर किस तरह किया जाये। यही अंतर दरअसल आज चिंता का सबसे बड़ा कारण बन गया है। चीन में डीपसीक, अलीबाबा के क्यूवेन, मूनशॉट के कमी, झीपू के जीएलएम, मनीमैक्स और टेनसेंट के हुनयुआन जैसे मॉडल लगातार एक-दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। इनमें से कोई एआइ मॉडल कम गणना शक्ति में बेहतर परिणाम हासिल कर रहा है, तो कोई प्रशिक्षण की लागत घटा रहा है, कोई मॉडल की संरचना को अधिक कुशल बना रहा है, तो कोई मॉडल छोटे संसाधनों में अधिक क्षमता पैदा करने के नये-नये तरीके खोज रहा है। इस आपसी प्रतिस्पर्धा का परिणाम केवल बेहतर कृत्रिम बुद्धिमत्ता मॉडल का बनना ही नहीं है, बल्कि इससे चीन में नयी तकनीकी खोजें संभव हो रही हैं। यानी चीन केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपभोक्ता ही नहीं बन रहा, बल्कि वह इसकी अगली पीढ़ी की तकनीक भी विकसित कर रहा है। और यहीं पर भारत के सामने एक बेहद असहज सवाल खड़ा होता है। हकीकत यह है कि हमारे पास विश्व स्तर की तकनीकी प्रतिभाएं हैं। लाखों भारतीय अभियंता दुनिया की शीर्ष तकनीकी कंपनियों में काम कर रहे हैं। हमारे पास टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो और एचसीएल जैसी विशाल सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां हैं, रिलायंस और एयरटेल जैसे बड़े



औद्योगिक समूह हैं। हमारे पास पूंजी है, विशाल घरेलू बाजार है और खुद सरकार भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता को रणनीतिक महत्व दे रही है। इसके बावजूद भारत से अभी तक ऐसा कोई मॉडल क्यों नहीं निकला, जिसने दुनिया को ठीक उसी तरह चौंकाया हो, जिस तरह डीपसीक या क्यूवेन जैसी कंपनियों ने चौंकाया है? इसमें कोई शक नहीं कि भारत में लगातार इस दिशा में प्रयास हो रहे हैं। नयी कंपनियां, शोध संस्थान और कुछ बड़े समूह भारतीय भाषाओं तथा देश की आवश्यकताओं के अनुरूप मॉडल तैयार करने में निरंतर जुटे हुए हैं। जाहिर है कि इन प्रयासों को किसी भी तरह कम करके नहीं आंका जाना चाहिए। लेकिन समस्या यह है कि जिस पैमाने और तीव्रता की प्रतिस्पर्धा पड़ोसी चीन में दिखाई दे रही है, वैसी प्रतिस्पर्धा भारत में फिलहाल देखने में नहीं आ रही है। हमारी सबसे बड़ी तकनीकी कंपनियां कहां हैं? भारत की सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों ने पिछले तीन दशकों में देश के लिए असाधारण योगदान दिया है। उन्होंने लाखों रोजगार पैदा किये हैं, विदेशी मुद्रा अर्जित की है और भारत को वैश्विक तकनीकी सेवाओं का केंद्र बनाया है। लेकिन यह समझना होगा कि आने वाली लड़ाई केवल सेवाओं की लड़ाई नहीं है। यह मूल तकनीक, शोध और बौद्धिक संपदा की लड़ाई है। हमें स्वयं से यह कठिन सवाल पूछना होगा कि क्या हमारी बड़ी कंपनियां बहुत अधिक सुरक्षित खेल रही हैं? इसमें कोई संदेह नहीं कि नयी तकनीक बनाने में हमेशा ही असफलता का जोखिम होता है। यहां तक कि हजारों करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी परिणाम की कोई गारंटी नहीं होती। शोध का प्रतिफल अगली तिमाही में दिखने की गारंटी नहीं होती। लेकिन दुनिया बदलने वाली तकनीक कभी बिना जोखिम के पैदा नहीं हुई। समस्या केवल पैसे की भी नहीं है। उससे कहीं बड़ा प्रश्न यह है कि हमारी कंपनियों में तकनीकी निर्णय लेने की शक्ति किसके पास है। कई बड़े संगठनों में वास्तविक तकनीकी विशेषज्ञ धीरे-धीरे निर्णय प्रक्रिया से दूर होते जाते हैं। पाया यह गया है कि शीर्ष पदों तक अक्सर ऐसे लोग पहुंचते हैं, जो व्यवस्था को चुनौती देने के बजाय उसके अनुरूप चलने में अधिक कुशल होते हैं। वरिष्ठों से असहमति जताने वालों की तुलना में उनकी बात मानने वालों के लिए रास्ता आसान होता है। लेकिन नयी तकनीक 'हां में हां मिलाने' की संस्कृति में पैदा नहीं होती। हमें ऐसे तकनीकी नेता चाहिए, जो कठिन प्रश्न पूछ सकें, जो मुख्य कार्यकारी अधिकारी से भी असहमत होने का साहस रखें और जो अगली तिमाही के लाभ से आगे पांच और दस वर्ष की तकनीक देख सकें।

लूला : भारत के खास दोस्त, चौथी बार बने राष्ट्रपति

चार जून, 2007। राजधानी दिल्ली भीषण गर्मी से तप रही थी। सुबह की शुरुआत के साथ ही सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ने लगा था कि अचानक प्रमुख मार्गों पर गाड़ियों की आवाजाही रोक दी गयी। कारण पूछने पर पता चला कि ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा राजघाट पहुंचने वाले हैं। आम तौर पर किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का राजघाट दौरा कुछ मिनटों तक सीमित रहता है। लूला के बारे में भी यही अनुमान था कि वे महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देकर लगभग 10 मिनट में लौट जायेंगे। पर उस दिन कुछ अलग हुआ। गांधी समाधि पर पहुंचने के बाद लूला वहां लगभग आधे घंटे तक रुके। समाधि पर फूल चढ़ाने के बाद उनका मन वहां से जल्दी लौटने का नहीं हुआ। उन्होंने राजघाट के कर्मचारियों से गांधी जी के जीवन, उनके संघर्षों और विचारों के बारे में कई प्रश्न किये।



उनकी जिज्ञासा से साफ था कि गांधी उनके लिए महज इतिहास के एक महान व्यक्तित्व नहीं, बल्कि गहरी प्रेरणा के स्रोत थे। विदा होने से पहले उन्होंने विजिटर बुक में दर्ज किया कि शांति के दूत महात्मा गांधी की समाधि पर आकर उन्हें बेहतर महसूस हुआ और गांधी जी के जीवन का उन पर गहरा प्रभाव पड़ा है। लूला कभी भारत में गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि बनकर आये, कभी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए और कभी दुनिया के बड़े नेताओं के साथ बैठकर वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने। लूला की भारत की पहली राष्ट्रपति स्तरीय यात्रा जनवरी, 2004 में हुई। उस समय वे ब्राजील के राष्ट्रपति थे और भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। यह सम्मान अपने आप में काफी मायने रखता था। भारत आम तौर पर ऐसे देशों के नेताओं को यह अवसर देता है, जिनके साथ वह मजबूत और भरोसेमंद रिश्ते बनाना चाहता है। लूला का 2004 का भारत दौरा इस मायने में भी विशेष था कि उनके साथ ब्राजील के 100 प्रमुख कारोबारी आये थे। वे 78 अलग-अलग कंपनियों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। लूला भारत और ब्राजील के बीच आपसी व्यापार को गति देने के हमेशा हिमायती रहे। दोनों देशों के बीच कृषि, खनन, ऊर्जा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार, संचार और रक्षा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग होता रहा है। दोनों ब्रिक्स समूह के सदस्य भी हैं। विदित है कि जन धड़कन से जुड़े लूला जब भी भारत आये, उन्होंने भारतीय नेताओं, कारोबारियों और आम लोगों को अपने व्यवहार और ज्ञान से प्रभावित किया।

वे सबसे मित्रवत भाव से मिलना पसंद करते रहे। राजघाट में उन्होंने वहां काम करने वाले कर्मचारियों से हाथ भी मिलाया था। लूला ने गरीबी को करीब से देखा है। इसी कारण उनकी सोच हमेशा गरीबों और वंचितों के पक्ष में रही है। लूला उन विश्व नेताओं में शामिल रहे हैं, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थायी सीट देने का पुरजोर समर्थन किया। उन्हें 2012 में शांति और निरस्त्रीकरण के लिए 'इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था। उस समय वे ब्राजील के राष्ट्रपति नहीं थे। ब्राजील में गरीबी उन्मूलन और विकास कार्यों को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों के लिए उन्हें यह पुरस्कार दिया गया। लूला को सम्मानित करते हुए तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने कहा था कि लूला के प्रयासों के दम पर ही उनके देश के दो करोड़ लोग गरीबी के दलदल से बाहर निकल सके। लूला ने सामाजिक कल्याण और गरीबों के जीवन में सुधार को अपनी राजनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया। शायद यही कारण था कि भारत में भी उनकी पहचान एक ऐसे नेता के रूप में बनी, जो विकास के साथ सामाजिक न्याय की बात करता है। लूला और भारत के बीच एक स्वाभाविक समानता भी है। दोनों चाहते हैं कि दुनिया के बड़े निर्णय केवल कुछ शक्तिशाली देश न करें, बल्कि विकासशील देशों को भी उनमें बराबर की आवाज मिले।

तीन नवंबर मंगलवार का राशिफल

मेष राशि: धीरे-धीरे आगे बढ़ना आज आपके लिए अधिक फायदेमंद रहेगा। रचनात्मक कार्यों में छोटी सफलता भी रास्ता आसान बनाएगी। करीबी रिश्तों में राहत मिलेगी। शुभ अंक 7 और शुभ रंग स्मोकी रहेगा।

वृषभ राशि: कामकाज में संतुलन बनाने की जरूरत है। व्यक्तिगत प्राथमिकताओं और पेशेवर जिम्मेदारियों के बीच सामंजस्य रखें। धैर्य और विस्तार से काम लें।

मिथुन राशि: बातचीत में स्पष्टता रखें। जल्दबाजी में प्रतिक्रिया देने से बचें। पुराने रुके हुए मामलों की समीक्षा करने के लिए दिन उत्तम है।

कर्क राशि: सप्ताह के इस दिन गजकेसरी राजयोग का लाभ मिल सकता है। आर्थिक मामलों में आपकी स्थिति मजबूत होगी और पारिवारिक सहयोग से मन प्रसन्न रहेगा।

सिंह राशि: चंद्रमा और गुरु की युति से सिंह राशि में गजकेसरी राजयोग बन रहा है। आपके साहस, आत्मविश्वास और मान-सम्मान में वृद्धि होगी। सोचे हुए कार्य पूरे होंगे।

कन्या राशि: दिन के दूसरे हिस्से में चंद्रमा के राशि परिवर्तन से आप अधिक विश्लेषणात्मक और सतर्क रहेंगे। स्वास्थ्य और दिनचर्या पर ध्यान दें।

तुला राशि: रिश्तों में संवाद और समझदारी से काम लें। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखें और किसी भी बड़े फैसले से पहले सूची या योजना की जांच कर लें।

वृश्चिक राशि: सूर्य और बुध की युति आपके विचारों और अभिव्यक्ति में मजबूती लाएगी। पुराने विवादों को सुलझाने का अच्छा अवसर है।


धनु राशि: भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा। आपकी योजनाएं गति पकड़ेंगी और यात्रा या नए संपर्क से लाभ के योग हैं।

मकर राशि: कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रैक्टिकल होकर फैसले लें।

कुंभ राशि: दूसरों की टिप्पणियों पर तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। अपने काम पर ध्यान केंद्रित रखें, मानसिक शांति के लिए योग या ध्यान की मदद लें।

मीन राशि: भावनात्मक संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। किसी नए वादे या उम्मीद से पहले वास्तविकता को अच्छे से जांच लें।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



आंगनबाड़ी कार्यकताओं को कैशलेस इलाज के साथ मिलेंगी तीन साड़ियां; फोन भी मिलेगा

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। इस बार प्रदेश की लाखों आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की दिवाली पहले से अधिक खुशियों के साथ मनेगी। योगी सरकार ने त्योहार से पहले उनके मानदेय में बढ़ोतरी कर लाखों परिवारों को उपहार दिया है। लंबे समय से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा की जिम्मेदारी निभा रहीं इन कर्मियों को अब बढ़ा हुआ मानदेय मिल रहा है। कार्यकर्ताओं का मानदेय 8 हजार से बढ़ाकर 12 हजार रुपये और सहायिकाओं का 4 हजार से बढ़ाकर 6 हजार रुपये प्रतिमाह किया गया है। इससे कार्यकर्ताओं को हर महीने 4 हजार और सहायिकाओं को 2 हजार रुपये अतिरिक्त मिल रहे। बढ़ी हुई आमदनी से जहां घर का बजट मजबूत होगा, वहीं त्योहार की तैयारियों में भी आसानी होगी।

योगी सरकार ने करीब 3.35 लाख आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं व परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी है। अब उन्हें अपने परिवार के साथ हर साल 5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज का प्रावधान है। सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में जरूरत होने पर इसका लाभ ले सकती हैं। इसके अलावा अब तक मिलने वाली दो साड़ियों के स्थान पर तीन साड़ियां दी जाएंगी। इसके लिए 500 रुपये अतिरिक्त उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है। इस पर सरकार करीब 20 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इन सुविधाओं से त्योहार की खुशियों के साथ परिवार की स्वास्थ्य संबंधी चिंता कम करने में भी मदद मिलेगी।

स्मार्टफोन और अपने भवन से आधुनिक होंगे आंगनवाड़ी केंद्र : आंगनवाड़ी व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए सरकार तकनीकी सुविधाओं का भी विस्तार कर रही है। पहले चरण में 1,23,398 स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जा चुके हैं इसके बाद रिप्लेसमेंट पॉलिसी के तहत 69,803 और स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए। इससे बच्चों के पोषण और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारियां रियल टाइम में दर्ज करना आसान हुआ। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को अपना भवन उपलब्ध कराने का लक्ष्य भी रखा है।

माल में ढाई हजार के लिए मजदूर को ईंट से कूचकर मार डाला, दो गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। राजधानी लखनऊ के माल के गोपरामऊ बाग में मजदूर नन्हके रावत की ईंट से कूचकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, महज 2500 रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया था। उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल ईंट के टुकड़े और खून से सने कपड़े बरामद किए गए हैं।

इंस्पेक्टर माल नवाब अहमद के मुताबिक, एक नवंबर को बीघापुर निवासी मीना रावत ने पति नन्हके रावत की हत्या किए जाने की तहरीर दी थी। इस पर चंद्रपाल रावत, रविंद्र विश्वकर्मा और कल्लू सिंह के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जांच के दौरान सोमवार रात करीब 12:30 बजे पुलिस ने गोपरामऊ ट्यूबवेल के पास से चंद्रपाल रावत और रविंद्र विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में चंद्रपाल ने बताया कि नन्हके के भतीजे संतोष ने उससे 2500 रुपये उधार लिए थे। रुपये वापस नहीं करने पर नन्हके ने उसे संतोष के घर बुलाया था। वहां संतोष और उसकी पत्नी से कहासुनी हो गई थी। इस दौरान खुद को अपमानित महसूस करने पर चंद्रपाल ने नन्हके से रंजिश मान ली। पुलिस के मुताबिक, इसी खुन्नस में चंद्रपाल ने रविंद्र के साथ मिलकर गोपरामऊ बाग में नन्हके पर ईंट से हमला कर उसकी हत्या कर दी। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल खून से सनी ईंट के टुकड़े बरामद किए। रविंद्र की खून लगी शर्ट और चंद्रपाल की जींस भी पुलिस ने कब्जे में ली है।

पुलिस के मुताबिक, रविंद्र विश्वकर्मा के खिलाफ माल थाने में पहले भी हत्या और एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हो चुका है। मौजूदा मामले में भी उसके खिलाफ हत्या और एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामले में नामजद तीसरे आरोपी कल्लू सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है।

लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरे वाराणसी-काठमांडू के 4 विमान खराब मौसम के चलते चीन के हांगझोऊ से की गई डायवर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। खराब मौसम के कारण सोमवार सुबह चार उड़ानों को लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया। हवाई अड्डे के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंडिगो की उड़ान संख्या 6E6558 बेंगलुरु से वाराणसी जा रही थी। इसे लखनऊ की ओर मोड़ा गया और यह सुबह सात बजकर 20 मिनट पर यहां उतरी। यह उड़ान सुबह 11 बजकर 24 मिनट पर रवाना हुई।

इंडिगो की एक अन्य उड़ान संख्या 6E6246 दिल्ली से वाराणसी जा रही थी। यह सुबह सात बजकर पांच मिनट पर लखनऊ पहुंची और सुबह नौ बजकर आठ मिनट पर रवाना हुई। सूत्रों के अनुसार, चीन के हांगझोऊ से नेपाल के काठमांडू जा रही हिमालय एयरलाइंस की उड़ान संख्या H9226 सुबह सात बजकर 40 मिनट पर लखनऊ हवाई अड्डे पर उतरी।

यह सुबह 9 बजकर 26 मिनट पर रवाना हुई। उन्होंने बताया कि दुबई से काठमांडू जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान संख्या एफजेड8399 सुबह आठ बजकर 18 मिनट पर लखनऊ पहुंची और सुबह नौ बजकर 46 मिनट पर रवाना हुई।

एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, वाराणसी और काठमांडू में खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण चारों विमानों को एहतियातन लखनऊ डायवर्ट किया गया था। किसी भी विमान में तकनीकी खराबी नहीं थी और न ही कोई आपात स्थिति उत्पन्न हुई। मौसम सामान्य होने और दृश्यता में सुधार के बाद सभी विमान अपने निर्धारित गंतव्य के लिए रवाना हो गए।

समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग 20 नवंबर तक नहीं दे पाएगा रिपोर्ट, तीन महीने में चुनाव संभव नहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। आयोग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, वर्तमान स्थितियों में आयोग 31 दिसंबर से पहले अपनी रिपोर्ट नहीं दे पाएगा। इसलिए आयोग न्यूनतम तीन माह का समय बढ़ाने की मांग कर सकता है।

यूपी में तीन माह में ग्राम पंचायत चुनाव कराने के हाईकोर्ट के आदेश के बीच राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। आयोग निर्धारित समय 20 नवंबर तक अपनी रिपोर्ट सरकार को नहीं सौंप पाएगा। आयोग सरकार से अतिरिक्त समय की मांग करेगा। सूत्रों के मुताबिक, त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण तय करने के लिए गठित इस आयोग के सामने सबसे बड़ी बाधा जिलों का व्यापक भ्रमण और आंकड़ों का सटीक परीक्षण है। आयोग अब तक प्रदेश के 75 जिलों में से केवल 50 जिलों का ही भ्रमण कर पाया है। शेष 25 जिलों में सर्वे और जनसुनवाई का कार्य अभी बाकी है, जिससे तय समय में रिपोर्ट तैयार करना संभव नहीं हो पा रहा है। बता दें, 21 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति राम औतार सिंह की अध्यक्षता में समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया था। तब आयोग का कार्यकाल छह महीने का निर्धारित किया गया था। आयोग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, वर्तमान स्थितियों में आयोग 31 दिसंबर से पहले अपनी रिपोर्ट नहीं दे पाएगा। इसलिए आयोग न्यूनतम तीन माह का समय बढ़ाने की मांग कर सकता है। इन स्थितियों में यह स्पष्ट हो गया है कि तीन माह में पंचायत चुनाव संभव नहीं हो पाएंगे।

संक्षेप समाचार

कानपुर से मासूम को उठाकर लखनऊ पहुंचे दो शातिर, आरपीएफ ने दबोचे



लखनऊ। कानपुर घंटाघर से तीन साल के मासूम को अकेला पाकर दो युवक उसे उठाकर लखनऊ ले आए। रविवार को दोनों युवक बच्चे के साथ लखनऊ जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर छह के पश्चिमी छोर पर बैठे थे। बच्चा लगातार रो रहा था। इस पर ड्यूटी कर रहे आरपीएफ के उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार को शक हुआ। पूछताछ में दोनों युवक बच्चे को कानपुर से उठाकर लाने की बात बताने लगे। आरपीएफ ने दोनों को पकड़कर बच्चे समेत जीआरपी के सुपुर्द कर दिया। आरपीएफ प्रभारी अमित राय ने बताया कि एक नवंबर को उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार लखनऊ जंक्शन पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर प्लेटफॉर्म नंबर छह के पश्चिमी छोर पर बैठे दो युवकों पर पड़ी। उनके साथ करीब तीन साल का बच्चा था जो लगातार रो रहा था। उपनिरीक्षक ने युवकों से बच्चे और उसके रोने की वजह पूछी, लेकिन वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने बच्चे को कानपुर घंटाघर से अकेला पाकर उठाकर लाने की बात बताई। पकड़े गए युवकों की पहचान बहराइच के कैसरगंज स्थित हाजीपुर गांव निवासी अखिलेश कुमार वर्मा (25) और कृपा राम वर्मा (26) के रूप में हुई। आरपीएफ ने दोनों युवकों को बच्चे के साथ जीआरपी चौकी लखनऊ जंक्शन को सौंप दिया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह को सौंपी गई है। पुलिस बच्चे को कानपुर में किन परिस्थितियों में और कहां से उठाया गया था, इसकी जांच कर रही है।

आजम खां की दोबारा गिरफ्तारी पर अखिलेश यादव का पहला बयान, बोले- उनके साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार हो रहा

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजम खान की दोबारा गिरफ्तारी पर भाजपा सरकार को घेरा है। लखनऊ एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया कि आजम खान के साथ लगातार अन्यायपूर्ण व्यवहार हो रहा है। अखिलेश ने इसके लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजम खान की दोबारा गिरफ्तारी को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। लखनऊ एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया कि आजम खान साहब के साथ लगातार अन्याय हो रहा है और इसके लिए सरकार ही जिम्मेदार है।

अखिलेश यादव ने कहा कि आजम खान के साथ जिस तरह का व्यवहार किया जा रहा है, वह अन्यायपूर्ण है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार लगातार उनके साथ अन्याय कर रही है। आजम खान की दोबारा गिरफ्तारी को लेकर सपा अध्यक्ष ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

पूर्व सीएम ने कहा कि देश आजादी का जश्न मना रहा था और मुख्यमंत्री विभाजन का उत्सव मना रहे थे। भाजपा ने आजादी के पहले और आजादी के बाद कभी तिरंगा नहीं लगाया। लोधी समाज एकजुट हो गया तो भाजपा का पता नहीं चलेगा। समाजवादी पार्टी लोधी समाज को सम्मान और स्थान देगी। उन्होंने कहा कि 2027 में भाजपा का सफाया होना तय है। 2024 के परिणाम से समाजवादी पार्टी व इंडिया गठबंधन नंबर एक पर पहुंच गया है।

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार 300 करोड़ पेड़ लगाने का दावा कर रही है, लेकिन पेड़ कहीं नहीं दिखाई दे रहे हैं। केंद्र सरकार की रिपोर्ट आई है कि प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। लखनऊ कानपुर एक्सप्रेस वे उद्घाटन के बाद जगह-जगह टूट गई, उस पर न जाने कितने गड्ढे हो गए।

नवंबर लगने के बाद प्रदेश में चढ़ना शुरू हुआ पारा

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सोमवार को ज्यादातर हिस्सों से मौसम साफ रहा। धूप खिलने से प्रदेश भर में दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी आई। मौसम विभाग का कहना है कि अब दिन में धूप होगी और तापमान में बढ़त आएगी। वहीं न्यूनतम तापमान में अभी और गिरावट आएगी और रातें पहले के मुकाबले ठंडी होंगी। हालांकि सुबह कोहरे का प्रकोप रह सकता है। सोमवार को गाजियाबाद, बलिया, गोरखपुर, बरेली, अमेठी आदि कई जिलों में सुबह के समय हल्के से मध्यम कोहरा छाया रहा। बलिया और गाजियाबाद में 50 मीटर से भी कम दृश्यता रही।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में उठ रहे नए चक्रवात मुरासू का असर उत्तर प्रदेश में नहीं पड़ेगा। साथ ही अब बारिश का दौर थमने के बाद दिन में धूप निकलने से तापमान बढ़ेगा, जबकि रात में ठंडक बढ़ेगी। इस दौरान प्रदेश के कई जिलों में सुबह हल्के से मध्यम कोहरा छाने की संभावना है। सोमवार को 28 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बलिया में सबसे ठंडा दिन रहा। वहीं 15.7 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ इटावा में सबसे ठंडी रात रही। राजधानी में सोमवार को धूप छांव का मौसम रहा। सुबह हल्का कोहरा रहा जो दिन चढ़ने के साथ छंट गया। इसके बावजूद अधिकतम तापमान में 2.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़त आई। शनिवार से सोमवार के बीच देखें तो दो दिन में दिन के तापमान में साढ़े पांच डिग्री सेल्सियस का उछाल दर्ज किया गया। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान अब दिन के तापमान में कोईविशेष परिवर्तन नहीं आएगा। लेकिन रात के पारे में अभी 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी और रात में क्रमशः ठंड बढ़ेगी। सोमवार को दिन का तापमान 2.4 डिग्री की बढ़त के साथ 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं रात का तापमान 0.8 डिग्री की गिरावट के साथ 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 5.2 डिग्री अधिक रहा।

केजीएमयू में धर्मांतरण: 13 डॉक्टरों पर शिकंजा कसने की तैयारी, विभागाध्यक्ष व प्रशासनिक पद से भी हटेंगे

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। केजीएमयू में धर्मांतरण से जुड़े मामले में 13 डॉक्टरों पर शिकंजा कसने की तैयारी तेज हो गई है। एसटीएफ की सात पेज की रिपोर्ट में सभी डॉक्टरों की भूमिका का विस्तार से उल्लेख किया गया है। आरोपों के घेरे में एक हिंदू डॉक्टर भी है, जिस पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने के आरोप हैं।

छह नवंबर को बुलाई गई कार्यपरिषद की आपात बैठक में आरोपी डॉक्टरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कमेटी गठित करने पर फैसला हो सकता है। जांच के बाद विभागाध्यक्ष और अन्य प्रशासनिक पदों से भी हटाया जा सकता है।

केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने कार्रवाई की रूपरेखा तैयार कर ली है। कार्यपरिषद से कमेटी गठन की मंजूरी मिलने के बाद आरोपी डॉक्टरों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा। कमेटी को सभी पहलुओं की जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपनी होगी। इसके बाद रिपोर्ट शासन और उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

जांच के दौरान एसटीएफ से भी जरूरी जानकारी जुटाई जाएगी। कार्रवाई की जद में आए कुछ डॉक्टरों को रिटायरमेंट के बाद प्रशासनिक जिम्मेदारी मिलने की संभावना थी, लेकिन अब इस पर भी संकट मंडराने लगा है।

एसटीएफ की रिपोर्ट में केजीएमयू के डेंटल विभाग में भी धर्मांतरण से जुड़ी गतिविधियों की आशंका जताई गई है। आरोप है कि विभाग के एक डॉक्टर हिंदू छात्रों को परीक्षा में पास कराने, रेजिडेंट डॉक्टर के रूप में नौकरी दिलाने और भविष्य में स्थायी नियुक्ति कराने का भरोसा देकर प्रभावित करने की कोशिश करते थे। उन पर कट्टरपंथी विचारधारा के प्रचार-प्रसार के आरोप भी हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, विरोध करने वाली छात्राओं को परीक्षा में फेल करने और कॅरिअर बर्बाद करने की धमकी दी जाती थी। इससे वे मानसिक दबाव में आ जाती थीं और शिकायत करने से भी बचती थीं। एसटीएफ की रिपोर्ट में इन आरोपों और संबंधित डॉक्टरों की भूमिका का उल्लेख किया गया है।

अनुप्रिया पटेल तीसरी बार बनीं अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष

लखनऊ। विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच अपना दल (सोनेलाल) ने एक बार फिर अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व पर भरोसा जताया है। सोमवार को राजधानी के कैसरबाग स्थित गांधी सभागार में हुए पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। साथ ही 38 सदस्यीय कार्यसमिति की घोषणा की गई। अनुप्रिया ने कार्यकर्ताओं को 2027 के विधानसभा चुनाव में 100 प्रतिशत स्ट्राइक रेट हासिल करने और पार्टी को प्रदेश में नंबर एक राजनीतिक ताकत बनाने का लक्ष्य दिया। विधायक रिंकी कोल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अनुप्रिया पटेल के नाम का प्रस्ताव रखा जो सर्वसम्मति से पारित हो गया। चुनाव के बाद कार्यकर्ताओं ने उन्हें मुकुट पहनाकर और तलवार भेंटकर स्वागत किया।

तोहफा चार श्रेणियों में दरें हुईं तय, दो सितंबर 2026 से होंगी प्रभावी

प्रदेश के आउटसोर्स कर्मचारियों को बढ़े वेतन का आदेश जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। प्रदेश के सरकारी विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के पारिश्रमिक की नई दरें तय कर दी गई हैं। अब उन्हें श्रेणी के अनुसार 17646 रुपये से लेकर 39 हजार रुपये तक मासिक पारिश्रमिक मिलेगा। ईपीएफ और ईएसआई की कटौती के बाद श्रेणी-4 के कर्मचारियों के खाते में 15396 रुपये, श्रेणी-3 के कर्मचारियों को 16966 रुपये और श्रेणी-2 के कर्मचारियों को 19148 रुपये मिलेंगे। श्रेणी-1 के कर्मचारियों का पारिश्रमिक 39 हजार रुपये तय किया गया है।

प्रमुख सचिव मनीष चौहान ने सोमवार को इस संबंध में शासनादेश जारी किया। नई दरें दो सितंबर 2026 से प्रभावी होंगी। शासन ने 19 सितंबर 2025 को जारी शासनादेश के तहत आउटसोर्स कर्मियों के पारिश्रमिक का श्रेणीवार निर्धारण किया है। नई व्यवस्था में कर्मचारियों के वेतन से ईपीएफ 12 प्रतिशत और ईएसआई 0.75 प्रतिशत की कटौती होगी। वहीं नियोक्ता की ओर से ईपीएफ का 12 प्रतिशत और ईएसआई का 3.25 प्रतिशत अंशदान संबंधित विभाग वहन करेंगे। यह राशि भी कर्मचारियों के खाते में भविष्य में जमा होगी।

शासनादेश के मुताबिक जीएसटी, सर्विस चार्ज और उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का एक प्रतिशत सेंटेज चार्ज भी सरकारी विभागों को ही देना होगा। इसके लिए विभागों को अपने बजट में व्यवस्था करनी होगी। जिन विभागों ने जेम पोर्टल से निर्धारित नई दरों से कम पारिश्रमिक पर कर्मचारी रखे हैं, उन्हें अतिरिक्त खर्च के लिए पुनर्विनियोग के जरिये बजट उपलब्ध कराया जाएगा।

पारिश्रमिक की नई दरें (प्रतिमाह)

श्रेणी	निर्धारित पारिश्रमिक
श्रेणी-1	39000
श्रेणी-2	21947
श्रेणी-3	19446
श्रेणी-4	17646

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





उत्तर प्रदेश के प्राचीन कलाकारों की स्मृति में आयोजित यूपीएसएन घराना संगीत समारोह बना यादगार

इस समारोह में लखनऊ के गायक किशोर चतुर्वेदी और मुम्बई की कथक नृत्यांगना नेहा सिंह मिश्रा एवं बाराबंकी के तबला वादक अनिल मिश्रा ने वाद्य-वृंद की प्रस्तुतियां दी

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखीमपुर-खीरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की कला संवर्धन-संरक्षण की नीति के अनुपालन में एवं मंत्री संस्कृति एवं पर्यटन जयवीर सिंह जी की प्रेरणा व मार्गदर्शन में तथा उप्र संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो.जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह एवं निदेशक राज कुमार जी की कुशल परिकल्पना एवं संयोजन में संस्कृति विभाग के उप्र संगीत नाटक अकादमी, संस्कृति विभाग लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश के प्राचीन कलाकारों की स्मृति में घराना संगीत समारोह का आयोजन, एक नवम्बर को लखीमपुर खीरी के ग्राम खमरिया खुर्द तहसील धौरहरा स्थित लोकप्रिय सैदापुर फार्म परिसर में भव्य रूप से किया गया। इसमें लखनऊ के वरिष्ठ गायक किशोर चतुर्वेदी और मुम्बई की प्रतिष्ठित कथक नृत्यांगना नेहा सिंह मिश्रा एवं बाराबंकी के लोकप्रिय तबला वादक अनिल मिश्रा महाराज ने प्रभावी वाद्य-वृंद की प्रस्तुतियां दी।

इस भव्य समारोह में मेहमान के रूप में उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) उप्र संगीत नाटक अकादमी , संस्कृति विभाग श्रीमती विभा सिंह, कुंवर रुद्र प्रताप सिंह, स्वामी जी, ज्ञानेंद्र सक्सेना, महामंत्री, राजेश श्रीवास्तव, सहमंत्री, अंकित रस्तोगी, कोषाध्यक्ष, आनंद अग्निहोत्री, संगीत विधा प्रमुख, सजल साहू संस्कार मित्र एवं सह कलाकार, संस्कार भारती लखीमपुर खीरी, अभिषेक विभाग प्रचारक आदि ने नृत्य गायन एवं वादन की संगीतमय त्रिवेणी का आनंद लिया।



दीप प्रज्वालित करते स्वामी प्रेमकांत। -जागरण मोर्चा

वरिष्ठ गायक किशोर चतुर्वेदी ने परंपरानुसार प्रथम देव गणेश की स्तुति प्रस्तुत की। इस क्रम में उन्होंने "हेरी सखी मंगल गावो री" सुनाकर प्रशंसा हासिल की। इसमें प्रियतम स्वरूपी परमात्मा के आत्मा से मिलन का सुंदर वर्णन सुनने को मिला। इस क्रम में उन्होंने प्रसिद्ध सूफी संत और कवि अमीर खुसरो द्वारा लिखी और संगीतबद्ध किया गया लोकप्रिय सूफी कलाम "छाप तिलक सब छीनी" सुनाकर सबका हृदय जीत लिया। 14वीं शताब्दी की इस ब्रज रचना का आगंतुकों ने झूमते हुए आनन्द लिया। इस क्रम में बाराबंकी के लोकप्रिय तबला वादक अनिल मिश्रा ने प्रभावी वाद्य-वृंद की प्रस्तुतियां और मुम्बई की प्रतिष्ठित कथक नृत्यांगना नेहा सिंह मिश्रा के पारंपरिक कथक के अंतर्गत आमद, चक्करदार परन, फुटवर्क एवं प्रभावी हस्तसंचालन एवं भावों का दर्शकों ने तालियां बजाकर प्रशंसा की। नेहा सिंह मिश्रा लखनऊ घराने की प्रतिष्ठित कथक नृत्यांगना, कोरियोग्राफर एवं दूरदर्शन की बी-हाई ग्रेड कलाकार हैं। वे वाराणसी की 13 पीढ़ियों की समृद्ध संगीत परंपरा से जुड़ी हैं। वे सुप्रसिद्ध कथक गुरु स्वर्गीय पंडित अर्जुन मिश्र की पुत्रवधू और अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथक कलाकार पंडित अनुज अर्जुन मिश्र की पत्नी एवं सह-कलाकार हैं। वे एंड टीवी के प्रसिद्ध रियलिटी शो 'हाई फीवर-डांस का नया तेवर' की फाइनलिस्ट रह चुकी हैं तथा अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित हैं। उन्होंने अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, रूस, इंग्लैंड, जर्मनी, इटली, स्पेन सहित विश्व के अनेक देशों में कथक प्रस्तुतियाँ दी हैं। लखनऊ महोत्सव, ताज महोत्सव, कोणार्क महोत्सव एवं अनेक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय नृत्य महोत्सवों में उनकी प्रस्तुतियाँ सराही गई हैं। वर्तमान में वे अनुज अर्जुन मिश्र डांस कंपनी की कलात्मक निदेशिका एवं प्रमुख नृत्यांगना हैं और वंचित बच्चों को निःशुल्क कथक प्रशिक्षण देकर भारतीय शास्त्रीय नृत्य के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। अनिल महराज की वाद्यवृंद प्रस्तुति में ऑक्टोपैड पर विश्वजीत, आर्गन पर हर्षित मिश्रा और नाल पर हर्षित शुक्ला ने प्रभावी वादन किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन सुनील शुक्ला एवं समरीन सिद्दीकी ने किया।

संक्षेप समाचार

इलाज के लिए लखनऊ जाने तक के पैसे नहीं थे, साबिरा की मदद को पहुंचे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह



साबिरा की मदद करने पहुँचे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि। -जागरण मोर्चा

लखीमपुर-खीरी। बीमारी से जूझ रहे किसी जरूरतमंद के लिए समय पर मिलने वाली आर्थिक मदद किसी बड़ी उम्मीद से कम नहीं होती। निघासन ब्लॉक की सिधौना ग्राम पंचायत के बेनीपुरवा गांव की बुजुर्ग साबिरा के परिवार के लिए भी समाजसेवियों की पहल राहत बनकर आई है। कैंसर की आशंका के बीच आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार के सामने इलाज के लिए लखनऊ पहुंचना भी बड़ी चुनौती बना हुआ था। ऐसे में मदद के लिए हाथ आगे बढ़े हैं। रविवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह बेनीपुरवा गांव पहुंचे और बुजुर्ग साबिरा से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने इलाज में सहयोग के उद्देश्य से परिवार को आर्थिक सहायता दी। साथ ही भरोसा दिलाया कि आगे भी जरूरत पड़ने पर परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और हरसंभव मदद की जाएगी। दरअसल, साबिरा का परिवार बेहद सीमित संसाधनों में जीवन गुजार रहा है। इसी बीच उनकी तबीयत बिगड़ने और कैंसर की आशंका ने परिवार की चिंता बढ़ा दी। किसी तरह आयुष्मान कार्ड तो बन गया, लेकिन जांच और उपचार के लिए लखनऊ जाने का किराया तक जुटा पाना मुश्किल हो रहा था। आर्थिक तंगी के चलते इलाज की राह में कई बाधाएं खड़ी हो गई थीं। आर्थिक संकट के बीच मिली इस सहायता से परिवार को कुछ राहत जरूर मिली है। हालांकि साबिरा को अभी बेहतर जांच और उपचार की जरूरत है। ऐसे में परिवार को उम्मीद है कि आगे भी लोगों का सहयोग मिलता रहेगा और उनके इलाज का रास्ता आसान हो सकेगा।

मोहाना नदी में समाते जा रहे हैं घर पीड़ितों के रहने का नहीं हुआ ठिकाना

जागरण मोर्चा कार्यालय

तिकुनिया-खीरी। मोहाना नदी के तेज बहाव में जसनगर गांव के घर कटते जा रहे हैं बीते एक सप्ताह से जोरदार कटान तेजी से शुरू है ग्राम जसनगर के लोगों में काटन को लेकर भारी खौफ व्याप्त है अभी तक प्रशासन कटान रोकने के कोई उपाय नहीं कर सका है जिसके चलते ग्रामीणों का बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया तहसील प्रशासन आश्वासन तो देता जा रहा है। लेकिन बेघर हुए लोगों को रहने का ठिकाना अभी नहीं हो सका है। तेजी से कटान के चलते मोहाना नदी तिकुनिया मैलानी नानपारा रेलवे ट्रैक की ओर बढ़ती जा रही है नदी ट्रैक से करीब 200 मी की दूरी पर है।

जसनगर गांव के कटान पीड़ितों ने बताया कि रविवार की रात में गांव निवासी रमेश, लोरी प्रसाद, रविंदर, काशी के घर नदी में समा गए इससे पहले गांव निवासी रामबली, बनवारी लाल, राजकुमार, रामजीवन, सियाराम, दिनेश, शिव भगवान, बालक राम के घर बीते एक सप्ताह में मोहाना नदी में समा चुके हैं ग्रामीणों की सूचना पर कटान का निरीक्षण पूर्व एसडीएम यदुवीर सिंह ने कर कटान पीड़ितों को मुआवजा दिलाए जाने की कार्यवाही शुरू करने व कटान में बेघर हुए लोगों को बसाने का आश्वासन दिया था। इस बीच उनका तबादला हो गया ग्रामीणों का कहना है इस बीच कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिसके चलते ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। एसडीएम भावना विमल ने बताता कि मैंने आज ही कार्यभार ग्रहण किया है बहुत जल्दी ही जसनगर गांव का निरीक्षण कर पीड़ितों की हर संभव मदद की जाएगी।



आशियाना काट रही मोहाना नदी। -जागरण मोर्चा

और माता जानकी का पंचवटी से हरण करके ले गया लंकापति रावण

जागरण मोर्चा कार्यालय

तिकुनिया-खीरी। कस्बे में चल रही रामलीला मेला के प्रति लोगों का आकर्षण दिनों दिन बढ़ता जा रहा है सोमवार को पंचवटी में राम लक्ष्मण का आगमन तथा सूर्पनखा नाक कटी सीता हरण लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर दर्शकों के नेत्र उस समय सजल हो गए जब सीता मां का हरण हुआ और भगवान राम सीता माता के वियोग में वन,वन भटक रहे थे।

पंचवटी में राम लक्ष्मण अपनी कुटिया बनाकर रहते हैं। रावण की बहन सूर्पनखा पंचवटी में आती है और राम को देखकर मोहित हो जाती है सूर्पनखा भगवान राम से विवाह करने की जिद करती है जिससे क्रोधित होकर भगवान राम के छोटे भाई लक्ष्मण सीता के नाक कान काट लेते हैं जिससे क्रोधित होकर सूपनखा अपने भाई खरदूषण को बताती है खरदूषण भगवान राम से युद्ध को आते हैं और भगवान राम के बाणो द्वारा मारे जाते हैं उसके बाद सूर्पनखा अपने बड़े भाई रावण को सारा वृतांत सुनाती है रावण क्रोधित होकर पंचवटी में जाता है और सीता को अकेले देखकर रथ में बैठा कर लंका ले आता है।

मेले में कार्यवाहक अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, महामंत्री अजय गर्ग टीटू, कोषाध्यक्ष शिशिर गुप्ता, अनिल कुंबले, जगदीश, उमेश निषाद अमेरिका प्रसाद, शाहिद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



सीता माता को हरने आया रावण। -जागरण मोर्चा

'PDA में पासी समाज की भागीदारी कहां', सूरज पासी ने सपा से पूछा सवाल



जागरण मोर्चा कार्यालय

लखीमपुर-खीरी। महाराजा कंसा पासी के ऐतिहासिक किले और उनके आराध्य भगवान शिव के मंदिर के संरक्षण एवं सुरक्षा की मांग को लेकर लाखन आर्मी का जनजागरण अभियान जारी है। इसी क्रम में लखीमपुर खीरी की पलिया विधानसभा में लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने पासी समाज से अपने गौरवशाली इतिहास को जानने, शिक्षा से जुड़ने, नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमें राजनीतिक दलों से सावधान रहना होगा। ये हमें संविधान के खतरे और पीडीए के नाम पर बांटने की कोशिश करेंगे। ये कभी नहीं चाहेंगे कि पासी समाज जागे। लेकिन हमें पहले अपने समाज को आगे बढ़ाना होगा।

सूरज पासी ने कहा कि शिक्षा इसलिए जरूरी है, ताकि समाज अपने महापुरुषों और गौरवशाली इतिहास की जानकारी हासिल कर सके। पासी समाज अपनी बहादुरी और ऐतिहासिक विरासत के लिए जाना जाता है, लेकिन आज उसे अपने ही इतिहास से विमुख किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज ने अपने इतिहास की कद्र नहीं की, इसलिए उसे भुला दिया गया। सनातन में पासी समाज का अहम स्थान रहा है।

लाखन आर्मी के चीफ ने कहा कि आज देवा शरीफ को तो सभी जानते हैं, लेकिन देवा पासी को भुला दिया गया है। बाराबंकी का इलाका देवा पासी के नाम से जाना जाता था, लेकिन आज उनके इतिहास को याद नहीं किया जा रहा। सूरज पासी ने आरोप लगाया कि पासी समाज को भाईचारे के नाम पर छला जा रहा है। समाज को भाईचारे की बात समझाई जाती है, जबकि दूसरी ओर हमारी बहू-बेटियों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस्लाम को बढ़ाने और सनातन को कमजोर करने के मिशन पर काम कर रहे हैं, लेकिन पासी समाज का अपना कोई मिशन नहीं रह गया है। समाज का मिशन केवल नशे में चूर रहना बनकर रह गया है और वह अपनी जड़ों से कटता जा रहा है।

सूरज पासी ने चुनाव के दौरान संविधान खतरे में होने की बात उठाए जाने पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि चुनाव आते ही संविधान खतरे में होने का मुद्दा उठाया जाता है, लेकिन चुनाव बीतते ही सारे खतरे खत्म हो जाते हैं। समाज को समझना होगा कि यह उसके खिलाफ एक षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि लोगों को संविधान के नाम पर बरगलाया जा रहा है और समाज को अपने इतिहास एवं सम्मान के आधार पर अपनी पहचान समझनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान को कोई खतरा नहीं है।

महाराजा अग्रसेन खेल मैदान पर संपन्न हुई खेल कूद प्रतियोगिता



खेल कूद प्रतियोगिता देखते दर्शक। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

तिकुनियां-खीरी। न्याय पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता महाराजा अग्रसेन खेल मैदान पर संपन्न हुई। यहां जीते हुए बच्चों को ब्लाक में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेना होगा। बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में सोमवार को न्याय पंचायत खमरिया कोईलार की प्रतियोगिता महाराजा अग्रसेन खेल मैदान पर संपन्न हुई। प्रतियोगिता में सभी विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों के बीच दौड़, कबड्डी, खो-खो, गोला फेंक, ऊंची व लंबी कूद सहित अन्य प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरुस्कार दिया गया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह, रमेश कुमार, तेज प्रताप यादव, छबिलाल सोनकर, विवेक चौधरी, मितान सिंह, ब्रजेश कुमार, जयवीर सिंह, जितेंद्र कठेरिया, ललित राठौर, सचिन यादव, भानु रस्तोगी, विकास अग्रवाल, सुशील यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

बड़ी संख्या में मेला देखने आएंगे नेपाली नागरिक - डॉ. दिनेश गुप्ता नीटू

जागरण मोर्चा, नीरज देववंश

तिकुनिया-खीरी। भारत-नेपाल सीमा से सटे तिकुनिया कस्बे में चल रहे ऐतिहासिक रामलीला मेले की धूम इस समय पूरे क्षेत्र में है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी इस मेले में पड़ोसी मित्र देश नेपाल से बड़ी संख्या में नागरिकों के आने की संभावना है। मेले को लेकर व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

श्री जनता रामलीला कमेटी के अध्यक्ष डॉ. दिनेश गुप्ता नीटू ने जानकारी देते हुए बताया कि तिकुनिया इंडोनेपाल बॉर्डर से सटा हुआ क्षेत्र है, इसलिए यहां लगने वाले मेले का आकर्षण नेपाल तक रहता है। उन्होंने कहा कि हर साल की तरह इस बार भी नेपाली नागरिक बड़ी संख्या में मेला देखने आएंगे। उन्होंने बताया कि मेले में नेपाली नागरिकों की उपस्थिति को लेकर वर्तमान नेपाल सरकार की सांसद कोमल गेवाली जी से भी वार्ता की गई है। साथ ही नेपाल के विभिन्न एफएम चैनलों और सोशल मीडिया के माध्यम से भी मेले का लगातार प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस मेले का आनंद ले सकें।



डॉ. दिनेश गुप्ता नीटू, मेला अध्यक्ष व जिला कार्यसमिति सदस्य भाजपा।

मेले को छठ पूजा तक बढ़ाने की दुकानदारों ने की मांग, व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

डॉ. गुप्ता ने बताया कि श्री जनता रामलीला कमेटी का प्रयास है कि आने वाले वर्षों में इस मेले को और भी अधिक भव्य और विशाल रूप दिया जाए। कमेटी द्वारा मेले में सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रामलीला मंचन के साथ-साथ मेले में लगे झूले, चाट-पकौड़ी और खिलौनों की दुकानें भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

दुकानदारों की मांग - छठ पूजा तक बढ़े मेला : मेले में कई वर्षों से लगातार अपनी दुकानें लगाने वाले दुकानदारों ने कमेटी से एक मांग की है। दुकानदारों का कहना है कि यदि इस मेले को छठ पूजा तक बढ़ा दिया जाए तो व्यापारिक दृष्टिकोण से बहुत अच्छा रहेगा। दुकानदारों के अनुसार, छठ पूजा के समय बाजार में भीड़ बढ़ जाती है और ग्राहकों की संख्या में इजाफा होता है। ऐसे में मेले का विस्तार होने से उन्हें अच्छा व्यापार करने का मौका मिलेगा और स्थानीय लोगों को भी अधिक समय तक मेले का लुत्फ उठाने का अवसर मिलेगा।

निघासन में भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

भाजपा नेता देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह, कहा- गांव-गांव से निकलें प्रतिभावान खिलाड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय

निघासन-खीरी। 138 विधानसभा निघासन क्षेत्र के चंद्रगुप्त नगर (परागीपुरवा) में श्री बालकराम लोधी के आयोजन में भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी देवेंद्र कुमार पाण्डेय शामिल हुए।

भाजपा नेता देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर सर्वप्रथम हनुमान जी का पूजन-अर्चन किया। इसके बाद फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों के उत्साह और खेल प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।



भाजपा नेता देवेन्द्र कुमार पाण्डेय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुये। -जागरण मोर्चा

इस अवसर पर देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'खेलो इंडिया' मुहिम का उद्देश्य देश के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। निघासन के गांव-गांव और गली-गली से प्रतिभावान खिलाड़ी निकलें तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर क्षेत्र और देश का नाम रोशन करें, यह हम सभी का दृढ़ संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान करती हैं।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्रीय लोग भी प्रतियोगिता देखने पहुंचे और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद लोधी, पूर्व प्रधान दिग्विजय गुप्ता, चंदन लोधी, पवन कटियार, रवि राजपूत, सुशील लोधी, प्रमोद कनौजिया, परमेश्वर कश्यप, अंकुल अवस्थी, सोनू गिरी सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य एवं सम्मानित लोग मौजूद रहे।

तैयारी विधायक योगेश वर्मा के साथ किया घाट का निरीक्षण, अफसरों को समय रहते सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश

छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम ने परखी सेठघाट की व्यवस्थाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखीमपुर-खीरी। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह सदर विधायक योगेश वर्मा के साथ सेठघाट पहुंचे और छठ पूजा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय रहते सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली जाएं, ताकि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने घाट की साफ-सफाई, पूजन स्थल की व्यवस्था और नदी में सुरक्षित दूरी तक बैरिकेडिंग सहित अन्य आवश्यक इंतजामों को परखा। उन्होंने छठ पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं संरक्षक से भी बातचीत कर तैयारियों की जानकारी ली। डीएम ने तहसील, ब्लॉक, जिला पंचायत और नगर पालिका प्रशासन को आपसी समन्वय से सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए। कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। छठ पूजा का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाए।



घाट का निरीक्षण करते सदर विधायक योगेश वर्मा व डीएम अंजनी कुमार सिंह। -जागरण मोर्चा

घाट को सुविधाओं से सुसज्जित करने में जुटे विधायक : सदर विधायक योगेश वर्मा छठ पूजा स्थल को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। घाट पर श्रद्धालुओं की सहूलियत के मद्देनजर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और आयोजन को व्यवस्थित स्वरूप देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस दौरान एसडीएम सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चेलुव राजू आर, तहसीलदार मुकेश कुमार वर्मा, बीडीओ संदीप कुमार, ईओ संजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com





पीलीभीत 11

लखनऊ, मंगलवार, 3 नवंबर 2026

मासिक बैठक में 14 दिसंबर को पंचम स्थापना दिवस की रूपरेखा पर चर्चा की गई

कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर तन मन धन से जुट जाएं सभी कार्यकर्ता - अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। खपरैल गोटिया जन कल्याण सुरक्षा संघ के कार्यालय पर मासिक बैठक एवं विचार विमर्श कार्यक्रम में चौदह दिसंबर को जन कल्याण सुरक्षा संघ के स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। जन कल्याण सुरक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रहमपाल सिंह ने बैठक में जन कल्याण सुरक्षा संघ सामाजिक संगठन के पंचम स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए समस्त कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे पदाधिकारी कार्यकर्तायों के अखत प्रयासो व अमूल्य त्याग एवं कठिन परिश्रम से संस्था ने संपूर्ण भारत के सात राज्यों में विस्तार करने का कार्य चल रहा है तथा जहां-जहां संगठन का विस्तार है वहां के लोगों एवं जनता की हर संभव मदद कर समाज के गरीब दबे कुचले शोषित वंचित किसान मजदूर सताए हुए कमजोर वर्ग के लोगों को आगे बढ़ाने का काम किया है चौदह दिसंबर को जन कलयाण सुरक्षा संघ अपने कार्यकाल के पांच वर्ष पूर्ण करने जा रहा है जिसको लेकर चौदह दिसंबर को संस्था के स्थापना दिवस के उपलक्ष में सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा जाएगा एवं संस्था के मंच पर पदाधिकारियों ग्राम प्रधानो पत्रकारों जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों



कार्यक्रम में बोलते अध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

सहित वृद्धजनों को सम्मानित करने का कार्यक्रम रखने का निर्णय लिया गया है कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारीगण सदस्यगण कार्यकर्तागण अभी से तन मन धन से जुट जाएं और कहा कि संगठन के माध्यम से हमेशा समाज के कमजोर वर्ग तथा युवाओं महिलाओं को संस्था के माध्यम से हमेशा सम्मान दिया गया है और हमारा प्रयास रहता है कि जो समाज के गरीब कमज़ोर लोगों तथा उनके परिवारों को बराबर का सम्मान बराबर का हक बराबर का अधिकार दिया जाना चाहिए। श्रीपाल सिंह राष्ट्रीय महासचिव ने अपने संबोधन में कहा कि आज के माहौल में हर किसी को संगठन से जुड़ना बहुत जरूरी है क्योंकि जिसके पास संगठन है उसके पास ताकत है इसलिए अपनी अपनी इकाइयों को मजबूत करना होगा और समाज के वंचित लोगों को उनके अधिकार दिलाने होंगे जन कल्याण सुरक्षा संघ निरंतर समाज के हित में कार्य करता चला रहा है लगातार समाज के हर वर्ग के लोग संस्था से जुड़ते चले आ रहे हैं सभी जिम्मेदार अपनी अपनी इकाइयां चाहे वह ग्राम स्तर की हो न्याय पंचायत स्तर की हो ब्लॉक स्तर की व तहसील स्तर की हो जिला स्तर की हो या फिर मंडल स्तर की वह प्रदेश स्तर की हो आप सभी अपनी कार्यकारिणी तत्काल पूर्ण कर ले।

हाथियों ने तहस-नहस कर डाली झोपड़ी

बार-बार हाथियों के झुंड से खराब हो रही फसल

जागरण मोर्चा कार्यालय



हाथियों द्वारा तहस-नहस की गई झोपड़ी। -जागरण मोर्चा

पूरनपुर। जंगल से रात को गांव पिपरा मुजप्ता के धार्मिक स्थल पहुंचे हाथी ने धार्मिक स्थल पर पड़ी झोंपड़ी को तहस नहस कर दिया। पुजारी ने बमुश्किल भाग कर एक आम के पेड़ पर चढक़र जान बचाई। खेतों में घुसकर हाथी ने गन्ना की फसल खाई और खराब की। सूचना पर पहुंची खुटार रेंज की टीम को हाथी के पैरों के निशान मिले। जंगल की ओर से सिद्धबाबा स्थल पहुंचे हाथी ने पुजारी की झोंपड़ी तहस नहस कर दी। झोंपड़ी में रखी साईकिल, चारपाई आदि सामान क्षतिग्रस्त हो गया। झोंपड़ी में सो रहे पुजारी हरिदास ने बमुश्किल भागकर और कुछ दूरी पर पहुंचकर पेड़ पर चढक़र जान बचाई। पुजारी ने बताया कि एक हाथी था। उससे बचकर भागने के बाद एक पेड़ पर चढ़ गया। घंटों चुपचाप बैठा रहा। हाथी की आहट न होने पर पेड़ से उतर कर भागकर गांव पहुंसा और लोगों को जानकारी दी। हाथी ने इसके अलावा गांव अवनीश शर्मा, श्रीपाल, अरविंद, हरिओम तिवारी, ओमप्रकाश कुशवाह, गुड्डू, प्रेम कुमार, नानक चंद, हरीशचंद्र, विनोद और राजकुमार के गन्ने के खेत में घुसकर फसल खाई और खराब की। सूचना पर रविवार सुबह खुटार रेंज की टीम पहुंची। खुटार रेंजर दिनेश बटोला ने बताया कि गांव पिपरा मुजप्ता में एक हाथी आने की सूचना पर टीम को भेजा गया था। टीम को हाथी के पैरों के निशान मिले। हाथी ने झोंपड़ी तहस नहस की है। हाथी की निगरानी को टीम लगाई गई है। हाथी पूरनपुर नगर में उत्पात मचाने वाला है या दूसरा इसकी जांच कराई जा रही है।

चोरी के मोबाइल के साथ आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय



मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया आरोपी। -जागरण मोर्चा

बीसलपुर। पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, बीसलपुर थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी हरिराम पुत्र स्वर्गीय प्यारे लाल राठौर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 22 अक्टूबर 2026 की रात करीब 12 बजे उनके गांव का रिजवान पुत्र शौकीन शाह चुपके से उनके घर में घुस आया और घर में रखा रेडमी टच मोबाइल फोन समेत अन्य सामान चोरी कर फरार हो गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 489/2026, धारा 305(ए) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने 2 नवंबर को कार्रवाई करते हुए आरोपी रिजवान (25 वर्ष) निवासी ग्राम रायपुर, थाना बीसलपुर को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तारी और बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जयपाल सिंह, कांस्टेबल विक्रांत कुमार और कांस्टेबल कपिल कुमार शामिल रहे।

हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, दो डंडे बरामद

गणपति राइस मिल में मजदूरी के दौरान हुआ था विवाद

जागरण मोर्चा कार्यालय



हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी। -जागरण मोर्चा

पूरनपुर। युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त दो डंडे भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 22 अक्टूबर 2026 को रामपुर निवासी अरबाज पुत्र मन्ने खां गणपति राइस मिल में शाहबाज, शेरखान और शकील उर्फ गुन्नू खां के साथ मजदूरी कर रहा था। काम के दौरान मजाक में हुई गाली-गलौज को लेकर अरबाज और शाहबाज के बीच विवाद हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उस समय मामला शांत करा दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद मिल से जाते समय शाहबाज ने अपने भाई शेरखान और पिता शकील के साथ मिलकर अरबाज की गर्दन पर धारदार हथियार और डंडों से हमला कर उसकी हत्या कर दी। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 440/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) में शाहबाज समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में शाहबाज को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद एक नवंबर को शेरखान पुत्र शकील और शकील उर्फ गुन्नू खां पुत्र नजीर खां निवासी ग्राम रामपुर कपूरपुर, थाना पूरनपुर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त दो डंडे बरामद किए गए हैं।

ग्राम पंचायत भीमपुर नौगजा विकास खंड, पूरनपुर जिला पीलीभीत

निविदा

सर्वसाधारण / पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भीमपुर नौगजा की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित्त अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड) / 16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड) / पंचम राज्य वित्त आयोग / छठवां वित्त अयोग / RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य / खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरमम्त), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरमम्त), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरमम्त कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य / सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिवोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर कय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाईट कय / मरम्मत, सी0सी0 रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरमम्त) डस्टविन कय, ठेली, व ई रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलाकिंग, वजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरगं, लोहा, टाइल, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पी0 पी0 किट, मास्क, सफाई किट, कूडादान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर व वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलवन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय भीमपुर नौगजा पर दिनांक 31-10-26 को बजे से दिनांक 05-11-26 को 13:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक 06-11-26 को 16:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय भीमपुर नौगजा पर खोली जायेगी।

निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगी।

विकास कुमार
ग्राम प्रधान / प्रशासक

ओम प्रकाश
ग्राम पंचायत अधिकारी

घर से गायब हुए तीन बच्चों को पुलिस और मिशन शक्ति टीम ने किया बरामद

- तीनों बच्चे बरेली के बस स्टैंड पर बैठे मिले

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस ने बरामद किए गायब बच्चे। -जागरण मोर्चा

पूरनपुर। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बरेली बस स्टैंड से सकुशल बरामद कर लिया। तीनों बच्चे घर से नाराज होकर चले गए थे। पुलिस ने फोटो और हुलिए के आधार पर उनकी पहचान की और आवश्यक पूछताछ के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चों के सकुशल मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया मझरा निवासी विक्रमनाथ की 13 वर्षीय पुत्री पायल और पांच वर्षीय पुत्र वंश सोमवार को गांव के ही सुनील की 15 वर्षीय भतीजी अंशिका के साथ बिना बताए घर से कहीं चले गए। काफी देर तक तीनों बच्चों के घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता सताने लगी। उन्होंने अपने स्तर से बच्चों की तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद परिजनों ने घुंघचाई पुलिस को मामले की सूचना दी। तीन बच्चों के एक साथ लापता होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। पुलिस और मिशन शक्ति टीम ने बच्चों की तलाश के लिए टीम गठित कर खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस ने पीलीभीत और पूरनपुर रेलवे स्टेशन के साथ ही बस स्टैंड पर भी बच्चों की तलाश की। इसके बावजूद उनका कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद पुलिस टीम ने तलाश का दायरा बढ़ाते हुए बरेली बस स्टैंड पर पहुंचकर खोजबीन शुरू की। यहां यात्रीशेड में तीनों बच्चे बैठे हुए दिखाई दिए। पुलिस ने पहले से उपलब्ध बच्चों के फोटो और हुलिए के आधार पर उनकी पहचान की। इसके बाद पुलिस ने तीनों बच्चों को सकुशल अपने संरक्षण में लिया। पूछताछ के दौरान बच्चों ने बताया कि वे घर से नाराज होकर बिना बताए निकल आए थे। पुलिस ने तीनों बच्चों के सकुशल मिलने की सूचना उनके परिजनों को दी और आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद उन्हें परिवार के सुपुर्द कर दिया। बच्चों के वापस मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली। वहीं, कम समय में तीनों बच्चों को तलाश कर सकुशल बरामद करने पर पुलिस और मिशन शक्ति टीम की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

किशोरियों को स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय रामस्वरूप रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पूरनपुर, पीलीभीत में सोमवार, 2 नवंबर 2026 को किशोरियों के स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मुनीता सिंह जी ने 10 से 18 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। डॉ. मुनीता सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किशोरावस्था में बालिकाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सजग रहना चाहिए। उन्होंने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, सैनिटरी पैड का समय-समय पर बदलाव करने तथा व्यक्तिगत साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि स्वस्थ शरीर के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार अत्यंत आवश्यक है। छात्राओं को अपने भोजन में हरी सब्जियाँ, सलाद एवं मौसमी फलों को शामिल करने तथा प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नियमित योग, व्यायाम एवं सुबह टहलने को स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। साथ ही छात्राओं को सकारात्मक सोच रखने और किसी भी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी में बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवाइयों का सेवन न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता ही एक स्वस्थ और आत्मविश्वासपूर्ण जीवन का आधार है।

ग्राम पंचायत नवादिया धनेश विकास खंड, पूरनपुर जिला पीलीभीत

निविदा

सर्वसाधारण / पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नवादिया घनेश की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित्त अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड) / 16 वां वित आयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/ पंचम राज्य वित्त आयोग / छठवां वित्त अयोग / RGSA / VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य / खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरमम्त), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरमम्त), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरमम्त कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य / सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिवोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर कय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाईट कय / मरम्मत, सी0सी0 रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरमम्त) डस्टविन कय, ठेली, व ई रिक्शा कय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलाकिंग, वजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरगं, लोहा, टाइल, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पी0 पी0 किट, मास्क, सफाई किट, कूडादान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, व वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलवन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय नवादिया घनेश पर दिनांक 31-10-26 को बजे से दिनांक 05-11-26 को 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक 07-11-26 को 11.30 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय नवादिया घनेश पर खोली जायेगी।

निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगी

राजेश कुमार
ग्राम प्रधान / प्रशासक

ओम प्रकाश
ग्राम पंचायत अधिकारी

ग्राम पंचायत कपूरपुर विकास खंड, पूरनपुर जिला पीलीभीत

निविदा

सर्वसाधारण / पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कपूरपुर की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित्त अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड) / 16 वां वित आयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/ पंचम राज्य वित्त आयोग / छठवां वित्त अयोग / RGSA / VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य / खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरमम्त), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरमम्त), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरमम्त कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य / सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिवोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर कय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाईट कय / मरम्मत, सी0सी0 रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरमम्त) डस्टविन कय, ठेली, व ई रिक्शा कय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलाकिंग, वजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरगं, लोहा, टाइल, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पी0 पी0 किट, मास्क, सफाई किट, कूडादान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, व वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलवन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय नवादिया घनेश पर दिनांक 31-10-26 को बजे से दिनांक 05-11-26 को 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक 07-11-26 को 11.30 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय नवादिया घनेश पर खोली जायेगी।

निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगी

दिनेश पाल
ग्राम प्रधान / प्रशासक

विजय पासवान
सचिव

घर से गायब किशोरी को पुलिस ने दो घंटे में खोजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। घर में पिता की डांट से नाराज होकर घर से निकली 14 वर्षीय किशोरी को घुंघचाई पुलिस ने महज दो घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने किशोरी को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस और मिशन शक्ति टीम की तत्परता की क्षेत्र में सराहना हो रही है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी गुड्डू की 14 वर्षीय पुत्री शिवानी किसी बात से नाराज होकर घर से चली गई थी। काफी देर तक किशोरी के घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता सताने लगी। उन्होंने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद परिजनों ने मामले की सूचना घुंघचाई पुलिस को दी। किशोरी के घर से लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस के साथ मिशन शक्ति टीम भी किशोरी की खोजबीन में जुट गई। टीम ने आसपास के गांव और संभावित स्थानों पर जानकारी जुटाई। पुलिस की सक्रियता के चलते महज दो घंटे के भीतर ही किशोरी को दिलावरपुर गांव से सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर किशोरी ने बताया कि उसके पिता ने शराब के नशे में उसे डांट दिया था। इसी बात से नाराज होकर वह घर से निकल गई और पड़ोस के ही एक घर में जाकर छिप गई थी। पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद करने के बाद आवश्यक कार्रवाई पूरी कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

आयोजन 13 नवंबर से शुरु होगा कसगंजा का श्रीराम लीला मेला

कसगंजा में धूमधाम के साथ निकाली शिव बारात

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद कलाकार। -जागरण मोर्चा

पूरनपुर। ग्राम कबीरपुर कसगंजा का ऐतिहासिक रामलीला मेले की बारात निकाली गई। शिव बारात में निकाली गई झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। बारात में भोले शंकर के गणरुपों पर कलाकारों ने जमकर धूम मचाई।बारात में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे।मेला का शुभारंभ 13 नवंबर को किया जाएगा। कबीरपुर कसगंजा का रामलीला मेला हर साल होता आया है। इस बार भी मेले का आयोजन किया जा रहा है।मेला आयोजन से पहले भगवान राम लक्ष्मण के रुपों का पूजन कर शिव बारात निकाली गई।शिव बारात कसगंजा से होते हुए भैसासुर,सिमरा, बलरामपुर, गुलडिया भूपसिंह,सिकराना से होते हुए रामलीला मैदान जाकर समाप्त हुई।शिव बारात में इस बार झांकियां देखने के लायक थी कलाकार भजनों पर नृत्य कर रहे थे।शिव बारात में भूत पिचास के अलावा कई देवी देवताओं की आकर्षक झांकियां सजाई गई जो आकर्षण का केंद्र रही शिव बारात का कई जगहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गय। इस बार शिव बारात में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। ऐतिहासिक रामलीला मेला का शुभारंभ 13 नवंबर को होगा 22 नवंबर को रावण वध और राज तिलक के साथ मेले का समापन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि मेले में अच्छे से अच्छे खेल तमाशा लगाए जाएंगे मेले की तैयारियां चल रही है।इस वार बिहार की नाटक मंडली के द्वारा रामलीला का सजीव मंचन किया जाएगा।शिव बारात में सुरक्षा को लेकर पुलिस फोर्स तैनात रहा।इस दौरान बड़ी संख्या में मेला कमेटी के लोग मौजूद रहे। इस दौरान सिद्धार्थ शुक्ला, जयप्रकाश शुक्ला सहित कई लोग मौजूद रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

राज्य निर्माण सेनानियों ने उठाई पांच सूत्रीय मांगें, सीएम को भेजा ज्ञापन

खटीमा। उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी परिषद के पदाधिकारी ने ने मुख्यमंत्री को पांच सूत्री मांग पत्र भेजा। उप जिलाधिकारी को संबोधित मांगपत्र तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण को सौंपते हुए उचित कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की अपील की।

परिषद ने सरकारी गेस्ट हाउसों के साथ ही कुमाऊं और गढ़वाल मंडल विकास निगम के गेस्ट हाउसों में रियायती दरों पर ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराने, विद्युत कर, हाउस टैक्स, जल कर और टोल टैक्स माफ करने की संबंधी मांग की है।

इसके अलावा परिचय पत्र से वंचित 251 आंदोलनकारियों एवं छूटे हुए राज्य निर्माण सेनानियों का शीघ्र चिन्हीकरण कर उन्हें परिचय पत्र जारी करने की मांग की गई है। । ज्ञापन पर जीवन चंद्र भट्ट, होशियार सिंह धोनी, मो. बदर सिद्दीकी, भुवन जोशी, दुर्गा सिंह सामंत, त्रिभुवन सिंह थिरपाल, धीरज चंद्र गहतोड़ी और आदेश कुमार भटनागर सहित अन्य लोगों के हस्ताक्षर हैं।

धनतेरस एवं दीपावली पर किच्छा के मुख्य बाजार में चार पहिया/ भारी वाहनों व टुकटुक वाहनों का 3 दिवस रहेगा प्रतिबंध

त्यौहारों के दृष्टिगत कोतवाली में संपन्न हुई बैठक में व्यापारियों एवं अधिकारियों ने सर्वसम्मति से आम जनता के हित में किया यातायात को लेकर बड़ा बदलाव

जागरण मोर्चा कार्यालय



किच्छा कोतवाली में आयोजित बैठक में उपस्थित अधिकारी एवं गणमान्य लोग। । -जागरण मोर्चा

किच्छा। आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर कोतवाली परिसर में संपन्न हुई बैठक में तमाम मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। व्यापारियों एवं अधिकारियों ने आपसी चर्चा के बाद सर्वसम्मति से यातायात को लेकर बड़े बदलाव करने का निर्णय लिया। दीपावली एवं धनतेरस पर्व के दृष्टिगत किच्छा कोतवाली में संपन्न हुई बैठक में यातायात व्यवस्था सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर विचार विमर्श किया गया। धनतेरस एवं दीपावली पर मुख्य बाजार में अत्यधिक भीड़ होने के चलते यातायात व्यवस्था में तीन दिवसीय बदलाव किया गया है।

सोमवार को कोतवाली परिसर में तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में तमाम विभागीय अधिकारियों सहित गणमान्य लोगों ने शिरकत की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 6 नवंबर से 8 नवंबर तक नगर के मुख्य बाजार में ई रिक्शा टुकटुक वाहनों सहित चार पहिया एवं भारी वाहनों की आवाजाही प्रातः 11 से शाम 8 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। सर्वसम्मति से चर्चा के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी डी एल वर्मा ने बताया कि इस बीच नगर के मुख्य बाजार में ट्रांसपोर्ट एवं अन्य सामान वाले ई रिक्शा वाहनों को आवाजाही की अनुमति दी जाएगी तथा पंत मार्केट के सामने स्थित टैक्सी स्टैंड को खाली कराकर उक्त स्थान पर तीन दिवसीय बाइक पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी, ताकि बाजार में खरीददारी को आने वाले ग्राहकों व महिलाओं को आवाजाही में दिक्कत ना हो। कोतवाली परिसर में संपन्न हुई बैठक में वक्ताओं द्वारा तमाम मुद्दों को लेकर चर्चा की गई एवं त्यौहार के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को कड़ी कर पुलिस कर्मियों की तैनाती का मुद्दा उठाया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी वर्मा ने नगर के व्यापारियों से दुकान की सीमा अंतर्गत जगह पर ही व्यावसायिक सामान रखने तथा मुख्य सड़क पर अतिक्रमण न करने की अपील की। उन्होंने सर्राफा व्यापारियों से सुरक्षा के दृष्टिगत अपने प्रतिष्ठान के अंदर बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं पटाखा कारोबारियों से निर्धारित स्थानों पर ही नियमानुसार व्यापार करने के निर्देश दिए।

सिविल न्यायालय परिसर में टाइल्स रोड और शौचालय निर्माण की मांग, बार एसोसिएशन ने नगर पालिका को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



नगर पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह को ज्ञापन सोपते हुए बार एसोसिएशन के सदस्य। -जागरण मोर्चा

सितारगंज। सितारगंज में सहकारी गन्ना विकास समिति परिसर स्थित सिविल न्यायालय की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर बार एसोसिएशन ने आवाज उठाई है। न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के चैंबरों तक जाने वाले क्षतिग्रस्त मार्ग और शौचालय की सुविधा नहीं होने से अधिवक्ताओं के साथ ही वादकारियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बरसात के दिनों में मार्ग पर जलभराव होने से लोगों का आवागमन मुश्किल हो जाता है। इस समस्या को देखते हुए बार एसोसिएशन सितारगंज ने नगर पालिका परिषद से न्यायालय परिसर में टाइल्स रोड और शौचालय का निर्माण कराने की मांग की है।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शक्ति प्रताप सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर न्यायालय परिसर की समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में कहा गया है कि सिविल न्यायालय से अधिवक्ताओं के चैंबरों तक जाने वाला मार्ग लंबे समय से क्षतिग्रस्त स्थिति में है। मार्ग की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि सामान्य दिनों में भी अधिवक्ताओं और वादकारियों को आवागमन में परेशानी होती है। वहीं बरसात के दौरान इस मार्ग पर पानी भर जाने से स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है।

जलभराव के कारण न्यायालय आने वाले लोगों को कीचड़ और गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। इससे न केवल अधिवक्ताओं को अपने चैंबरों तक पहुंचने में परेशानी होती है, बल्कि न्यायालय में अपने मुकदमों की पैरवी और तारीखों पर पहुंचने वाले वादकारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार मार्ग पर पानी जमा रहने के कारण आवागमन बाधित होता है, जिससे न्यायिक कार्यों से जुड़े लोगों का समय भी प्रभावित होता है।

नगर 57वीं वाहिनी में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित, जवानों को उनके संघर्ष और देशभक्ति से प्रेरणा लेने का आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय



› भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देते 57वीं वाहिनी के जवान। -जागरण मोर्चा

सितारगंज। भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर रविवार को 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) सितारगंज में श्रद्धांजलि एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों एवं जवानों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक कमांडेंट (संचार) अरविन्द कुमार ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन परिचय, संघर्ष और ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचारों और शोषण के विरुद्ध संघर्ष करते हुए जनजातीय समाज को संगठित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने आदिवासी समाज के अधिकारों, जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए आवाज बुलंद की तथा सामाजिक जागरूकता के माध्यम से लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन साहस, आत्मसम्मान, संघर्ष और देशभक्ति की प्रेरणा देता है। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने अन्याय के सामने घुटने नहीं टेके और अपने समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। सहायक कमांडेंट अरविन्द कुमार ने भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद आयोजित व्याख्यान में

किच्छा में खाद्य पदार्थों की मिलावट खोरी के बढ़ते कारोबार पर अंकुश लगाने में खाद्य विभाग नाकाम

जागरण मोर्चा कार्यालय



द। -जागरण मोर्चा

किच्छा (उधम सिंह नगर)। त्योहारों का सीजन होने के बावजूद जिम्मेदार विभाग गहरी नींद में सोता नजर आ रहा है जबकि नगर और आसपास के क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर आम आदमी की चिंता बढ़ती जा रही है। आम जनता की सेहत से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर लगातार मिलावट खोरी की खबरें सामने आने के बावजूद खाद्य सुरक्षा विभाग की सक्रियता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। यदि खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायतें सामने आ रही हैं, तो ऐसे में विभाग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। बावजूद इसके, मिलावटखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए ठोस कार्रवाई की आवश्यकता महसूस की जा रही है। खाद्य पदार्थ हर व्यक्ति की दैनिक जरूरत हैं। दूध, दही, पनीर, घी, तेल, मसाले, मिठाइयां और अन्य खाने-पीने की वस्तुओं की गुणवत्ता सीधे लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ी होती है, यदि इन उत्पादों में मिलावट होती है, तो इसका खामियाजा बच्चों, बुजुर्गों और आम नागरिकों को भुगतना पड़ सकता है। खासकर त्योहारी सीजन में मिठाईयां, पनीर, घी, दूध आदि खाद्य वस्तुओं की डिमांड अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

किच्छा में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की नियमित जांच और संदिग्ध दुकानों पर निगरानी को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों की अपेक्षा है कि खाद्य सुरक्षा विभाग केवल शिकायत मिलने पर ही नहीं, बल्कि नियमित रूप से बाजारों में निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उनकी प्रयोगशालाओं में जांच कराए और मिलावट की पुष्टि होने पर संबंधित कारोबारियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। त्योहारी सीजन में मिलावट की आशंका को देखते हुए विशेष अभियान चलाना जरूरी है।

संक्षेप समाचार

मिठाई की दुकानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, 10 नमूने जांच को लिए

सितारगंज। त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को नगर क्षेत्र में मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्य के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान विभिन्न दुकानों से जांच के लिए मिठाइयों के 10 नमूने लिए गए। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा, जिससे मिठाइयों की गुणवत्ता और शुद्धता का पता चल सके।

निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकानों में रखी मिठाइयों की गुणवत्ता, साफ-सफाई और रखरखाव की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कुछ दुकानों में मिठाइयों पर निर्माण तिथि और उपयोग की अंतिम तिथि अंकित नहीं मिली। इस पर अधिकारी ने संबंधित दुकानदारों को कड़ी हिदायत दी। उन्होंने मौके पर ही मिठाइयों पर निर्माण और उपयोग की अंतिम तिथि अंकित करवाई और भविष्य में इस तरह की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्य ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि मिठाइयों की बिक्री में खाद्य सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया जाए। मिठाइयों को स्वच्छ स्थान पर रखा जाए और उनकी गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से आगे भी दुकानों का निरीक्षण जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग की इस कार्रवाई से मिठाई विक्रेताओं में हड़कंप रहा।

प्रसव के बाद बिगड़ी प्रसूता की हालत, हल्द्वानी ले जाते समय रास्ते में मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

शक्तिफार्म। महिला को प्रसव के बाद गम्भीर हालात में हायर सेंटर रेफर किया गया, लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। रविवार की शाम 20 वर्षीय मनीषा मंडल को प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्तिफार्म में भर्ती कराया था। मनीषा ने पुत्र को जन्म दिया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। हल्द्वानी ले जाते वक्त रात करीब एक बजे उसने दम तोड़ दिया। राजेश मंडल पुत्र समीर मंडल निवासी न्यूरिया कॉलोनी, ग्राम भरतपुर, पीलीभीत और समीर मंडल पुत्र अमल मंडल निवासी शक्तिफार्म ने पुलिस को बताया कि मनीषा की शादी करीब दो वर्ष पूर्व दीपक हलदार पुत्र कीर्तिवास हलदार निवासी शक्तिफार्म नंबर-04, टैगोर नगर के साथ हुआ था। रविवार देर रात्रि पुत्र के जन्म के बाद हल्द्वानी अस्पताल ले जाते वक्त उसने दम तोड़ दिया। अधीक्षक डॉ. कुलदीप यादव ने बताया कि शक्तिफार्म में महिला और प्रसूति रोग विशेषज्ञ की तैनाती हुई थी, लेकिन उन्होंने ज्वाइन नहीं किया। सितारगंज उप जिला चिकित्सालय में तैनात महिला और प्रसूति रोग विशेषज्ञ अवकाश में हैं। इसके चलते मनीषा को रेफर किया गया था। डॉ. सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी ले जाते वक्त रास्ते में प्रसूता ने दम तोड़ दिया। शक्तिफार्म चौकी इंचार्ज जगदीश तिवारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों का सौंप दिया गया है।

नगर सीमावर्ती गांव के युवाओं को मोबाइल मरम्मत का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाएगी एसएसबी

जागरण मोर्चा कार्यालय



› सीमावर्ती युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोबाइल मरम्मत प्रशिक्षण देते एसएसबी जवान। । -जागरण मोर्चा

सितारगंज। सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 57वीं वाहिनी की ओर से सराहनीय पहल की गई है। सोमवार को कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के नेतृत्व में वाहिनी के कार्यक्षेत्र में आने वाले वाइब्रेंट गांव बन्महोलिया में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 15 दिवसीय मोबाइल मरम्मत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महिला जनजाति सेवा समिति खटीमा के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सीमावर्ती गांवों के युवाओं को तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मोबाइल फोन की मरम्मत करने, विभिन्न तकनीकी खराबियों की पहचान करने, मरम्मत में इस्तेमाल होने वाले आवश्यक उपकरणों की जानकारी देने के साथ ही मोबाइल मरम्मत का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को ऐसा हुनर सिखाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे वे प्रशिक्षण पूरा करने के बाद स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकें और अपनी आजीविका अर्जित करने के साथ ही परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने में योगदान दे सकें। सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के सीमित अवसरों को देखते हुए इस प्रकार के व्यावसायिक प्रशिक्षण युवाओं के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकते हैं।

इस अवसर पर बताया गया कि 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की ओर से भारत सरकार की मंशा के अनुरूप सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार नागरिक कल्याण एवं जनहित से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना, युवाओं को कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराना तथा सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों के साथ बेहतर समन्वय और सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करना है।

वाहिनी की ओर से सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियां जारी रखने पर जोर दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होने पर स्थानीय ग्रामीणों और प्रशिक्षणार्थियों ने एसएसबी की इस पहल की सराहना करते हुए आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं को हुनरमंद बनाने के साथ ही उन्हें अपने क्षेत्र में ही रोजगार शुरू करने का अवसर प्रदान करेगा।

भव्य दीपावली स्वदेशी मेले का नगर निगम महापौर दीपक बाली ने विधिवत उद्घाटन किया



भव्य दीपावली स्वदेशी मेले का उद्घाटन करते नगर निगम महापौर दीपक बाली। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

काशीपुर। नगर निगम परिसर में दूसरी बार लगाए गए भव्य दीपावली स्वदेशी मेले का सोमवार दोपहर नगर निगम महापौर दीपक बाली ने विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने नगर एवं क्षेत्र वासियों से अनुरोध किया कि वह इस दीपावली स्वदेशी मेले में पधारकर स्वदेशी निर्मित सामानों की खरीदारी कर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाने के साथ-साथ गरीब दुकानदारों का भी उत्साह वर्धन करें। मेले में बनाया गया "सेल्फी प्वाइंट" यादगार साबित हो रहा है, जिसमें सेल्फी लेते लोग यह कहते नजर आए कि पिछली बार भी हमने यहीं सेल्फी ली थी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में यह मेला जीजीआईसी के सामने पुरानी जेल परिसर में लगता था लेकिन वहां मल्टी पार्किंग का निर्माण शुरू होने से दीपावली मेले के आयोजन में दिक्कत के चलते गरीब दुकानदार बहुत परेशान थे।

सीमावर्ती शारदा सिटी में बनेगा 6.30 करोड़ का विद्युत उपकेंद्र, यूपी राज्यमंत्री औलख ने किया भूमि पूजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



शारदा सिटी में विद्युत उप केन्द्र का भूमि पूजन करते यूपी के राज्यमंत्री औलख साथ में भाजपा नेता चुघ। -जागरण मोर्चा

रुद्रपुर। राज्य की सीमा से लगी यूपी के बिलासपुर के विधायक और योगी सरकार में दर्जा राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने सीमावर्ती शारदा सिटी में 6.30 करोड़ की लागत से बनने वाले 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तराखंड-यूपी सटा हुआ प्रदेश है और धामी-योगी मिल कर प्रदेश का विकास कर रहे है। इसके बाद विधि विधान के साथ करोड़ों की लागत से बनने वाले विद्युत उपकेंद्र के भूमि पूजन में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा की सरकार में यूपी में चंद घंटे की बिजली सप्लाई होती थी और विद्युत समस्या परेशानी का सबब थी,लेकिन यूपी की मोदी सरकार ने सड़क,बिजली और पानी की बेहतर व्यवस्था की। उसी प्रकार उत्तराखंड भी धामी सरकार के नेतृत्व में प्रगति के पथ पर अग्रसर है। भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने मौके पर राज्यमंत्री औलख का स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता चुघ ने कहा कि पड़ोसी प्रदेश लगातार तरक्की कर रहे है,क्यो कि भाजपा की हमेशा ही विकासपरक सोच रही है। धामी और योगी मिलकर चहुमुखी विकास कर रहे है। इस मौके ब्लॉक प्रमुख कुलवंत औलख, शशांक अग्रवाल (चीफ इंजीनियर, मुरादाबाद मंडल), सतेंद्र कुमार चौहान (एसई, रामपुर), अधीक्षण अभियंता करमवीर सिंह, गुरकीरत सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

मिठाई की दुकानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

सितारगंज। त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को नगर क्षेत्र में मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्य के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान विभिन्न दुकानों से जांच के लिए मिठाइयों के 10 नमूने लिए गए। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा, जिससे मिठाइयों की गुणवत्ता और शुद्धता का पता चल सके। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकानों में रखी मिठाइयों की गुणवत्ता, साफ-सफाई और रखरखाव की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कुछ दुकानों में मिठाइयों पर निर्माण तिथि और उपयोग की अंतिम तिथि अंकित नहीं मिली। इस पर अधिकारी ने संबंधित दुकानदारों को कड़ी हिदायत दी।

जमीन विवाद में चाचा पर तमंचे से किया जानलेवा हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय



जमीन विवाद में चाचा पर तमंचे से हमला करने वाला युवक गिरफ्तार। -जागरण

सितारगंज। ग्राम डूडार में जमीन के विवाद को लेकर चाचा पर तमंचे से जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने 31 अक्टूबर को अपने चाचा के साथ गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देते हुए तमंचे से फायर किया था। गोली चाचा के दाहिने हाथ की उंगली को छूकर निकल गई थी। घटना के बाद आरोपी तमंचा मौके पर छोड़कर मोटरसाइकिल से फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में जनपद में अपराधों की रोकथाम और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, 31 अक्टूबर को ग्राम डूडार, चौकी सरकड़ा क्षेत्र में प्रभदीप सिंह उर्फ पब्बा का अपने चाचा इंद्रजीत सिंह से जमीन को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर प्रभदीप ने चाचा के साथ गाली-गलौच करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी और देशी तमंचे से फायर कर दिया। गोली इंद्रजीत सिंह के दाहिने हाथ की उंगली को छूकर निकल गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। इंद्रजीत सिंह की तहरीर पर कोतवाली सितारगंज में आरोपी के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 572/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 351(3) और 352 में मुकदमा दर्ज किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और क्षेत्रीय जांच दल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके से 12 बोर का एक देशी तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि प्रभदीप सिंह ने अपने हिस्से की कुछ जमीन गांव के ही सतनाम सिंह को बेच दी थी।

वह अपने छोटे भाई लवदीप सिंह के हिस्से की करीब आधा बीघा जमीन भी सतनाम सिंह को बेचना चाहता था। इंद्रजीत सिंह ने छोटे भाई लवदीप सिंह से कहकर उक्त जमीन ठेके पर ले ली थी और उसमें खेती की तैयारी शुरू कर दी थी। इसी बात को लेकर प्रभदीप नाराज चल रहा था। जमीन बेचने की उसकी मंशा पूरी नहीं हो पा रही थी, जिसके चलते दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। वहीं आरोपी प्रभदीप ने पुलिस को बताया कि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह शारीरिक रूप से कमजोर है। उसका छोटा भाई भी नाबालिग है। उसके अनुसार, चाचा उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहते थे और उन्हें डरा-धमका रहे थे। इसी रंजिश में उसने चाचा पर तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार, 2 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक दीपक कौशिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने डूडार जाने वाले मार्ग से प्रभदीप सिंह उर्फ पब्बा को गिरफ्तार कर लिया।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

स्वास्थ्य विभाग में 335 एएनएम की नियुक्ति, मिले 23 पद

सीएमओ ने सौंपे नियुक्त पत्र



सीएमओ डॉ गोस्वामी नियुक्त पत्र सौंपते । -जागरण मोर्चा

रुद्रपुर। महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखंड ने दिए गए निर्देशों के मुताबिक उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) के 335 रिक्त पदों पर चयन परिणाम घोषित किया है। महानिदेशक के निर्देशानुसार उक्त 335 चयनित अभ्यर्थियों को संबंधित जनपदों में तैनाती दी जानी है। जिसमें जनपद ऊधम सिंह नगर के लिए 23 पद आवंटित किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ एसके गोस्वामी ने बताया कि सभी के नियुक्ति पत्र तैयार कर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

14.79 करोड़ से होगा सितारगंज रोड का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण

मुख्यमंत्री आज सुबह नौ बजे करेंगे परियोजना का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार सुबह नौ बजे खटीमा में 14 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से होने वाले सितारगंज रोड के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ करेंगे। परियोजना के तहत शहर के मुख्य चौराहे से थारू विकास भवन तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। साथ ही सड़क के बीच डिवाइडर और आधुनिक लाइटिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि इस परियोजना के पूरा होने से शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी। इसके साथ ही लंबे समय से बनी जाम की समस्या से भी लोगों को राहत मिलेगी। सड़क के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण से शहर की सुंदरता में भी इजाफा होगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी की अध्यक्षता में सभासदों की बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री के स्वागत और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर चर्चा कर जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। पालिकाध्यक्ष और सभासदों ने नगरवासियों से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की है। जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री के समक्ष सितारगंज रोड को पहेनियां टोल तक जोड़ने की मांग भी रखी जाएगी। इससे क्षेत्र में यातायात का दबाव कम करने और आवागमन को सुगम बनाने में मदद मिलेगी।

मॉडल प्राथमिक विद्यालय नगरा तराई को मिली आधुनिक सुविधाओं की सौगात, सीएम ने किया लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने दो दिवसीय भ्रमण के दौरान सोमवार को मॉडल प्राथमिक विद्यालय नगरा तराई के पुनर्निर्माण एवं आधुनिकीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने लोहियाहेड हेलीपेड पर जनप्रतिनिधियों पार्टी कार्यकर्ताओं को अधिकारियों तथा स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद वह कार से विद्यालय पहुंचे। लोकार्पण के दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यालय के बच्चों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में बच्चों के लिए लगाए गए मनोरंजन की सामग्री और खेलकूद से जुड़ी सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। विद्यालय में आधुनिक सुविधाओं के विस्तार से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सकेगा। साथ ही शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलने से बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। विद्यालय के आधुनिकीकरण को क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा की सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस दौरान वहां जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, दर्जा मंत्री गम्भीर सिंह धामी, रंजीत सिंह नामधारी, मोहनी पोखरिया, किशन सिंह किन्ना, संतोष गौरव, प्रेम सिंह टूरना, धीरज कन्याल, श्रीपाल राणा, अमित पांडे, अमित बिष्ट, अंजनी विक्रम सिंह, रंदीप पोखरिया, रमेश जोशी, आरसी भट्ट आदि लोग मौजूद थे।



बच्चों को झूला– झुलाते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी । -जागरण मोर्चा

मुख्यमंत्री धामी के आत्मनिर्भर उत्तराखंड के संकल्प को साकार कर रहीं हल्द्वानी की प्रीति सैनी

हुनर और मेहनत से घर बैठे बना रहीं आत्मनिर्भर पहचान

जागरण मोर्चा कार्यालय

नैनीताल। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार की इन कोशिशों के बीच हल्द्वानी के बच्चीनगर की प्रीति सैनी अपने हुनर और मेहनत से आत्मनिर्भरता की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश कर रही हैं।

प्रीति सैनी स्वयं सहायता समूह से जुड़कर हस्तनिर्मित उत्पाद तैयार कर रही हैं। इन दिनों दीपावली के त्योहार को देखते हुए वह ऊन से सुंदर और आकर्षक हाथों से बनी मालाएं तैयार कर रही हैं। त्योहारों के सीजन में इन मालाओं की अच्छी मांग रहती है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी का अवसर मिलता है।

प्रीति का हुनर केवल ऊन की मालाएं बनाने तक सीमित नहीं है। वह अपने घर में उगाए गए गेंदे के फूलों से भी आकर्षक मालाएं तैयार करती हैं। नवरात्रि, दीपावली और अन्य धार्मिक एवं मांगलिक अवसरों पर इन फूलों की मालाओं की अच्छी मांग रहती है। इस तरह वह घर में उपलब्ध संसाधनों और अपनी रचनात्मकता का उपयोग कर आमदनी के नए अवसर तैयार कर रही हैं। प्रीति का यह प्रयास दिखाता है कि यदि महिलाओं को अपने हुनर पर भरोसा हो और वे छोटे स्तर से शुरुआत करें, तो घर बैठे भी स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत बना जा सकता है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं न केवल अपनी आजीविका बढ़ा रही हैं, बल्कि स्थानीय उत्पादों और पारंपरिक कौशल को भी नई पहचान दे रही हैं।

वैदिक गणित की तकनीकों से जटिल गणनाएं होंगी आसान: डॉ. पड़ियार

कार्यशाला में विद्यार्थियों को बताए गणितीय समस्याओं के त्वरित समाधान के तरीके

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ सुरेंद्र विक्रम सिंह पड़ियार ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत के विज्ञान लोकप्रियकरण प्रकोष्ठ की ओर से सोमवार को वैदिक गणित विषय पर आयोजित कार्यशाला में वैदिक गणित की शक्ति एवं समस्याओं के कुशल समाधान की तकनीकों पर व्याख्यान दिया।

डॉ. पड़ियार ने वैदिक गणित के विभिन्न सूत्रों एवं तकनीकों की जानकारी देते हुए गणितीय उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार सरल विधियों से जटिल गणनाओं को कम समय में हल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वैदिक गणित न केवल गणना की गति बढ़ाता है, बल्कि विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, विश्लेषणात्मक क्षमता और समस्या समाधान का कौशल भी विकसित करता है। प्रतियोगी परीक्षाओं और दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता पर भी उन्होंने प्रकाश डाला।

महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम संरक्षक प्रो. पुष्पेश पांडे ने वैदिक गणित को भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए विद्यार्थियों से इसकी तकनीकों को सीखने और अपनाने का आह्वान किया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में गणितीय ज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाने तथा भारतीय गणितीय परंपरा की वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक उपयोगिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. भारत पांडेय तथा सह-समन्वयन डॉ. निधि शर्मा ने किया। अंत में डॉ. निधि शर्मा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. पीएन तिवारी सहित अन्य शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं विभिन्न प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे।

दीपावली से पूर्व भुगतान न मिलने पर होगा किसान आंदोलन– जिलाध्यक्ष

खटीमा। किसानों को धान का भुगतान नहीं मिलने पर भारतीय किसान यूनियन चढूनी जिलाध्यक्ष मनजिंदर सिंह भुल्लर ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस बार निर्धारित खरीद तिथि के 15 दिन बाद धान खरीद शुरू हुई थी। सरकार द्वारा 48 घंटे के अंदर भुगतान करने संबंधी घोषणा के विपरीत लगभग 20 दिन बीतने के बाद भी किसानों को उनके धान का भुगतान नहीं हो पा रहा है। भाकियू चढूनी जिलाध्यक्ष भुल्लर ने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि क्षेत्र में अभी भी नए धान खरीद केंद्र खोले जा रहे हैं। गत वर्ष 85 क्रय केन्द्र की तुलना में इस बार सरकार द्वारा 105 क्रय केन्द्र खोले गए थे। इसकी संख्या बढ़कर 112 के बाद अब लगभग 120 धान क्रय केन्द्र खोले गए हैं। किसान नेता ने कहा कि गेहूं की बुआई शुरू हो चुकी है। किसान रबी की फसल की लागत को लेकर खासा परेशान है।

48 घंटे में भुगतान की घोषणा के विपरीत तीन सप्ताह बाद भी धान का भुगतान नहीं

भुगतान संबंधी प्रक्रिया अंतिम चरण में– आरएमओ लता मिश्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। तयशुदा तिथि के 15 दिन बाद हुई धान की खरीद के बाद भी सरकार से किसानों को भुगतान नहीं मिल रहा है। किसान गेहूं की फसल की बोआई के लिए खाद, पानी, बीज तथा कीटनाशक के लिए परेशान चल रहा है। वहीं दीपावली त्योहार करीब है। धान की फसल के भुगतान को लेकर किसान खासा परेशान है।

क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रक लता मिश्रा ने बताया कि भुगतान संबंधित प्रक्रिया अंतिम चरण में है। आरएमओ मिश्रा ने स्वीकृत 105 धान खरीद केंद्रों के विपरीत खटीमा क्षेत्र में लगभग 120 क्रय केंद्र खोले जाने के सवाल को स्वयं की जानकारी से परे बताकर टाल गयी। इधर एडीओ सहकारिता शोभित अग्रवाल ने बताया कि धान खरीद केंद्रों में आवक लगभग बंद हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि अब धान खुले मार्केट में लगभग 2200 रुपए प्रति क्विंटल बिकने लगा है। किसान अब धान की बिक्री को लेकर खुले बाजार का रुख अपनाने लगा है। आरएफसी के सेंटरों की खरीद के संबंध में एमआई राकेश ने बताया कि उनके सेंटरों पर 1 नवंबर तक 4219.20 क्विंटल धान खरीदा गया है। उन्होंने भुगतान के संबंध में बताया कि धान का भुगतान इस बार एचआर ऑफिस हल्द्वानी से कि या जा रहा है।

राजेश हत्याकांड:कई सवालों के साथ पूर्व विधायक समेत लोगों कोतवाली घेरी



कोतवाली का घेराव करते पीड़ित परिवार समेत पूर्व विधायक ठुकराल एसएसआई

जागरण मोर्चा कार्यालय

रुद्रपुर। राजेश हत्याकांड के मामला एक बार फिर तूल पकड़ने लगा है। हालांकि पुलिस ने हत्याकांड में तीन लोगों की गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया। लेकिन परिवार का आरोप इस प्रकरण में पांच लोग शामिल थे। पीड़ित परिवार ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के साथ कोतवाली का घेराव किया। उन्होंने एसएसआई से मुलाकात कर अन्य की गिरफ्तारी का की मांग उठाई। पूर्व विधायक ठुकराल का कहना था कि 30 अक्टूबर की रात्रि रम्पुरा निवासी राजेश कोली घर पर था कि तभी एक कॉल आती है और वह दोस्त के साथ बाईक पर रोडवेज की तरफ जाता है। यहां सफेद गाड़ी में सवार पांच लोग थे। आरोप है कि कार में सवार लोगों ने जानबूझकर बाईक में टक्कर में टक्कर मारकर विवाद बनाया और फिर बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। परिवार का आरोप था कि हत्याकांड में शामिल एक युवक सत्ताधारी नेता का बेटा है। जिस वजह से पुलिस ने तीन आरोपियों की गिरफ्तारी कर मामला दबाने का प्रयास किया।

ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप, पति समेत अन्य पर केस

दहेज में पांच लाख रुपये, कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर मायके में छोड़ कर चले जाने का

जागरण मोर्चा कार्यालय

रुद्रपुर। दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर गंभीर हालत में उसे मायके के पास छोड़कर गए चले गए। विवाहिता की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर पति समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच संबंधित थाना भेज दी। पुलिस के मुताबिक पहाड़गंज निवासी दानिश पुत्र अशरफ अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन गुलसबा का निकाह नौ दिसंबर 2023 को यूपी के जिला रामपुर के कैमरी थाना के ग्राम हिना नगरा निवासी भूरा पुत्र पुतलन के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही पति भूरा, ससुर पुत्तन जेठ यासीन, जेठानी नसीम बानो,ननदोई अकील, ननद नूर बानो, एक अन्य ननदी और देवर वसीम दहेज के लिए गुलसबा को प्रताड़ित करने लगे।आए दिन उसके साथ गालीगलौज करते थे और मायके से दहेज का सामान व पांच लाख रुपये लाने का दबाव बनाते थे। आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर गुलसबा को मारपीट कर घर से निकालने और इसी तरह प्रताड़ित करने की धमकी दी जाती थी।दानिश के मुताबिक, 30 अगस्त 2026 की सुबह करीब नौ बजे गुलसबा को उसका पति भूरा, ननदोई अकील और जेठानी नसीम बानो गंभीर हालत में उसके घर के पास छोड़कर चले गए। परिजन उसे तत्काल निजी अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान एक सितंबर को उसकी मौत हो गई। भाई

सोर वैली पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव, ओपन फेयर में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। सोर वैली पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिक उत्सव एवं ओपन फेयर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों नगर पालिकाध्यक्ष रमेश जोशी और गंभीर सिंह धामी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान प्रधानाचार्य ममता धौनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय की ट्रेजरार गीता ठकुराठी ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार जताया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की ओर से लगाए गए विज्ञान मॉडल, फूड स्टॉल और हस्तशिल्प के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। विज्ञान प्रदर्शनी का संचालन शिक्षक नीरज गंगवाल और अनस ने किया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार कर अपनी पाक कला और रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अभिभावकों और अतिथियों ने स्टॉलों का अवलोकन कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। वहीं बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए सरप्राइज टैलेंट टेस्ट, क्राफ्ट एंड क्रिएटिविटी, क्विक क्विज और फूड प्रेजेंटेशन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को भी विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। बॉक्सर कपिल पोखरिया के स्थान पर उनके पिता नरेंद्र पोखरिया ने सम्मान ग्रहण किया। इसके अलावा लक्ष्मण सिंह पोखरिया, पूरन बोरा और विशेष सहयोग के लिए रामचंद्र को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सभासद बसंती सामंत, रामा चंद, भैरव दत्त पांडे, उमेश सिंह रौतेला, केडी भट्ट, राजेंद्र सिंह पोखरिया, विनोद बोरा, गौरी शंकर, नीरज रस्तोगी, मनोहर पांडे, पूरन बिष्ट, पूरन जोशी, हरीश बोरा, रमेश मेहर, ललित जोशी, डॉ. नवीन भट्ट, आशा भंडारी, मंजू मेहरा, शांति देवी, मोनिका, संगीता गोवाड़ी, मीना सिरोला, हिमांशु बिष्ट, वरुण अग्रवाल, ममता चुफाल, शोभा, ज्योति बिष्ट, वीरेंद्र, रूपम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि एवं अन्य । -जागरण मोर्चा

चीफ फार्मासिस्ट डीके जोशी सेवानिवृत्त, भावभीनी विदाई

सीएमओ कार्यालय में भव्य हुआ विदाई समारोह आयोजित



सेवानिवृत्त होने पर विभागीय अधिकारी भावभीनी विदाई देते । -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

रुद्रपुर। जनपद में तैनात चीफ फार्मासिस्ट डीके जोशी के सेवानिवृत्त होने पर भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह सीएमओ कार्यालय में हुआ। विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सीएमओ डॉ एसके गोस्वामी ने डीके जोशी के सेवानिवृत्त होने पर कहा कि जब उनकी बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में जिला अस्पताल में तैनाती हुई। तब डीके जोशी से मुलाकात हुई। डॉ गोस्वामी ने कहा कि डीके जोशी की कार्यशैली से काफी प्रभावित हुआ।

उन्होंने जोशी की कार्यशैली की सराहना की और कहा कि उन्होंने डीके जोशी से बहुत कुछ सीखा।

राज्य निर्माण सेनानियों ने उठाई पांच सूत्रीय मांगें, सीएम को भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी परिषद के पदाधिकारी ने ने मुख्यमंत्री को पांच सूत्री मांग पत्र भेजा । उप जिलाधिकारी को संबोधित मांगपत्र तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण को सौंपते हुए उचित कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की अपील की।



मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपते उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी के पदाधिकारी । -जागरण मोर्चा

परिषद ने ज्ञापन में कुछ मांगें पूरी होने सीएम धामी का आभार जताते हुए शेष मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में राज्य निर्माण सेनानियों को लोकतंत्र सेनानियों की तर्ज पर 20 हजार रुपये मासिक पेंशन, 'राज्य आंदोलनकारी' शब्द के स्थान पर 'उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी' नाम से पुनरपरिभाषित करने की मांग की है। परिषद ने सरकारी गेस्ट हाउसों के साथ ही कुमाऊं और गढ़वाल मंडल विकास निगम के गेस्ट हाउसों में रियायती दरों पर ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराने, विद्युत कर, हाउस टैक्स, जल कर और टोल टैक्स माफ करने की संबंधी मांग की है। इसके अलावा परिचय पत्र से वंचित 251 आंदोलनकारियों एवं छूटे हुए राज्य निर्माण सेनानियों का शीघ्र चिन्हीकरण कर उन्हें परिचय पत्र जारी करने की मांग की गई है। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया ने उम्मीद जताई कि सरकार मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करेगी। ज्ञापन पर जीवन चंद्र भट्ट, होशियार सिंह धोनी, मो. बदर सिद्दीकी, भुवन जोशी, दुर्गा सिंह सामंत, त्रिभुवन सिंह थिरपाल, धीरज चंद्र गहतोड़ी और आदेश कुमार भटनागर सहित अन्य लोगों के हस्ताक्षर हैं।

नगर क्षेत्र पंचायत निधि पुनः लागू

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के क्षेत्र पंचायत निधि को पुनः प्रारंभ कर सशक्त बनाने सहित चार घोषणाओं पर खटीमा क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधियों ने खुशी व्यक्त करते हुए सीएम धामी का आभार जताया है।

क्षेत्र समिति अध्यक्ष सरिता राणा की अध्यक्षता में आयोजित एक अनौपचारिक बैठक में सीएम धामी का आभार व्यक्त करते हुए एक हस्ताक्षर शुदा धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर उन्हें भेजा गया है। सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा ने बताया कि क्षेत्र पंचायत निधि प्रारंभ होने से ग्रामीण क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होने के साथ ही ग्रामीण जनता को सरकार की नीतियों का सीधा लाभ मिलेगा।

ब्लॉक अध्यक्ष सरिता राणा ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को मानदेय व भत्ते मिलने से बीडीसी अपने दाईत्वों का बखूबी निर्वहन करेंगे। विशेष धन्यवाद प्रस्ताव की हस्ताक्षर शुदा प्रति सीएम धामी को दी गई है।

डीएम ने की टीडीसी के विकास कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने और तय समयसीमा के भीतर पूरा करने के भी निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

रूद्रपुर। सोमवार को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में उत्तराखण्ड बीज एवं तराई विकास निगम की बैठक कैंप कार्यालय में हुई। इस दौरान डीएम ने कहा कि टीडीसी व राष्ट्रीय बीज निगम के मध्य आपसी सहयोग से दोनों संस्थाओं का लाभ बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि दोनों संस्थाए दीर्घकालिन व्यवसाय की दृष्टि से कार्य करें ताकि दोनों संस्थाए लाभान्वित हो सकें। डीएम ने टीडीसी के विकास कार्यों की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। टीडीसी भवन निर्माण (कार्यालय) की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यालय को भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मॉडल कार्यालय के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। डीएम ने भवन के प्रारूप में आगंतुकों के लिए प्रतीक्षालय,अधिकारियों व कर्मचारियों के कक्ष तथा अन्य सभी आवश्यक आधुनिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।



डीएम कैंप कार्यालय पर समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते। -जागरण मोर्चा

डीएम ने निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने और तय समयसीमा के भीतर कार्यों को तेजी से पूरा करने के भी निर्देश दिए।बैठक में निदेशक अंकुर पपनेजा,डॉ अमित भटनागर, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीकेएस यादव, पंकज कुमार शुक्ला,डॉ दीपक पांडे, जीसी तिवारी, नकुल जोशी सहित अन्य संबंधित अधिकारी ।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी: बिहार महिला टीम ने नागालैंड को 68 रनों से हराया

जागरण मोर्चा कार्यालय



पटना। सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी प्लेट प्रतियोगिता में बिहार महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नागालैंड महिला टीम को 68 रनों से पराजित कर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। सोमवार 02/11/2026 को सोविमा क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में बिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाए। बिहार की बल्लेबाजी में प्रगति सिंह 27 रन तथा अपूर्वा ने 50 गेंद में 6 चौका लगाकर नाबाद 54 रन बनाया तो वहीं वैदही ने 39 गेंद में 7 चौका लगाकर नाबाद 50 रन बनाया।

143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नागालैंड की टीम बिहार की अनुशासित गेंदबाजी के सामने संघर्ष करती नजर आई और निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर महज 74 रन ही बना सकी। इस तरह बिहार ने मुकाबले को 68 रनों से अपने नाम कर लिया। बिहार की गेंदबाजी में आर्य सेठ ने 4 ओवर में 13 रन देकर 3 विकेट चटकाया। नूतन, तेजस्वी और अपूर्वा को 1-1 विकेट मिला। वहीं आज बिहार की प्रतिभाशाली महिला क्रिकेट खिलाड़ी नूतन कुमारी ने नागालैंड के विरुद्ध खेले गए मुकाबले में बिहार सीनियर महिला टी20 क्रिकेट टीम की ओर से अपना पदार्पण किया। यह उपलब्धि नूतन कुमारी के क्रिकेट करियर की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उनके पदार्पण से बिहार महिला क्रिकेट को नई पहचान और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

बिहार की टीम ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में बेहतरीन तालमेल दिखाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने केवल एक विकेट गंवाकर 142 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसके बाद गेंदबाजों ने नागालैंड के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया और लगातार दबाव बनाए रखा। इस जीत के साथ बिहार महिला टीम ने प्रतियोगिता में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। टीम के इस सामूहिक प्रदर्शन से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

राइजिंग स्टार्स एशिया कप: भारत ए टीम की घोषणा, रिंकू-वैभव और हर्षित को मिला मौका

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को कतर की राजधानी दोहा में होने वाले एसीसी मेंस राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारत ए टीम की घोषणा कर दी। टीम में भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा और युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को जगह मिली है। तिलक वर्मा को टीम की कमान सौंपी गई है, जबकि राजत पाटीदार उपकप्तान की जिम्मेदारी निभाएंगे। राइजिंग स्टार्स एशिया कप का आयोजन 19 से 29 नवंबर तक होगा। इस टूर्नामेंट में इंडिया ए की टीम मजबूत खिलाड़ियों के साथ उतरेगी। टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और कुमार कुशाग्र के अलावा रिंकू सिंह, सूर्यांश शेडगे और शाहबाज अहमद को भी शामिल किया गया है।

टीम में ऑलराउंडर विपराज निगम, हर्ष दुबे और तनुष कोटियान को भी मौका दिया गया है। वहीं, तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी हर्षित राणा, प्रिंस यादव और अर्शद खान संभालेंगे।

टूर्नामेंट में आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। इंडिया ए को ग्रुप बी में पाकिस्तान ए, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ रखा गया है। वहीं, ग्रुप ए में बांग्लादेश ए, श्रीलंका ए, अफगानिस्तान ए और हांगकांग, चीन की टीमें शामिल हैं। इंडिया ए अपने अभियान की शुरुआत 20 नवंबर को नेपाल के खिलाफ करेगी। इसके बाद 22 नवंबर को उसका मुकाबला चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान ए से होगा। भारतीय टीम ग्रुप चरण का अपना आखिरी मैच 24 नवंबर को यूएई के खिलाफ खेलेगी। भारत के तीनों ग्रुप मुकाबले दोहा में खेले जाएंगे। शुरुआती दो मैच वेस्ट एंड पार्क इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे, जबकि यूएई के खिलाफ मुकाबला यूनिवर्सिटी ऑफ दोहा फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी में खेला जाएगा। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।

ग्रुप स्टेज में पांचों मैच जीती भारतीय हॉकी टीम : द. कोरिया को 8-0 से रौंदा

जागरण मोर्चा कार्यालय



जालंधर। भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दक्षिण कोरिया को 8-0 से हराया। भारत ने पांच मैचों में पांच जीत के साथ 15 अंक हासिल कर अंकतालिका में शीर्ष स्थान पर रहते हुए राउंड रॉबिन चरण समाप्त किया। अब बुधवार को सेमीफाइनल में भारत का सामना एक बार फिर दक्षिण कोरिया से होगा।

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। पांच बार की चैंपियन और मौजूदा खिताब विजेता भारत ने सोमवार को अपने आखिरी राउंड रॉबिन मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 8-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत दर्ज करते हुए अपना अजेय अभियान बरकरार रखा।

भारत ने पांच मुकाबलों में पांच जीत के साथ अधिकतम 15 अंक हासिल कर अंकतालिका में पहला स्थान सुनिश्चित किया। वहीं जापान दूसरे, एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता मलेशिया तीसरे और दक्षिण कोरिया चौथे स्थान पर रहा। भारत ने इससे पहले बांग्लादेश को 13-0, चीन को 5-2, जापान को 4-1 और मलयेशिया को 4-2 से हराया था। अब टूर्नामेंट का अंतिम चरण मोहाली में खेला जाएगा। बुधवार को होने वाले सेमीफाइनल में भारत का सामना एक बार फिर दक्षिण कोरिया से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में मलयेशिया और जापान की टीमें आमने-सामने होंगी।

दक्षिण कोरिया के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। भारत की ओर से दिलप्रीत सिंह ने आठवें और 40वें मिनट में गोल कर दोहरी सफलता हासिल की। उनके अलावा जुगराज सिंह (11वां मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (15वां मिनट), शिलानंद लकड़ा (33वां मिनट), सुखजीत सिंह (34वां मिनट), संजय (36वां मिनट) और अंगद बीर सिंह (60वां मिनट) ने एक-एक गोल किया। दक्षिण कोरिया के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया।

डोपिंग: नियम के उल्लंघन में फंसी आयरलैंड की क्रिकेटर रेबेका स्टोकेल

जागरण मोर्चा कार्यालय




नई दिल्ली। आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज रेबेका स्टोकेल ने डोपिंग नियमों के उल्लंघन के मामले में अपनी गलती स्वीकार करते हुए स्वैच्छिक निलंबन स्वीकार कर लिया है। यह मामला डॉक्टर द्वारा निर्धारित प्रिस्क्रिप्शन दवा के इस्तेमाल और उससे जुड़े अनिवार्य रिपोर्टिंग नियमों का पालन नहीं करने से जुड़ा है। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) इस मामले की जांच कर रही है। आईसीसी के अनुसार, रेबेका स्टोकेल का सैंपल 23 जून 2026 को एक इन-कॉम्पिटिशन डोपिंग टेस्ट के दौरान लिया गया था। जांच में उनके सैंपल में एक निर्दिष्ट प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी सामने आई। इसके बाद आईसीसी ने उन्हें संभावित एंटी-डोपिंग नियम उल्लंघन की सूचना दी।

नोटिस मिलने के बाद रेबेका ने नियमों के उल्लंघन की जिम्मेदारी स्वीकार कर ली और 23 अक्तूबर 2026 से स्वैच्छिक निलंबन पर जाने का फैसला किया। आईसीसी की अनुशासनात्मक प्रक्रिया पूरी होने तक यह निलंबन जारी रहेगा। अंतिम सजा या प्रतिबंध की अवधि का फैसला जांच पूरी होने के बाद किया जाएगा।

आईसीसी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि रेबेका का मामला प्रिस्क्रिप्शन दवा के इस्तेमाल से जुड़ा है। उन्होंने उल्लंघन स्वीकार कर लिया है और अनुशासनात्मक प्रक्रिया के नतीजे आने तक स्वैच्छिक निलंबन स्वीकार किया है। आईसीसी ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले का अंतिम निपटारा होने तक इस पर कोई अतिरिक्त टिप्पणी नहीं की जाएगी। रेबेका स्टोकेल ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा कि उनका इरादा किसी भी तरह से खेल में अनुचित लाभ लेने का नहीं था। हालांकि, वह एंटी-डोपिंग नियमों का पालन करने की अपनी जिम्मेदारी समझती हैं। क्रिकेट आयरलैंड की ओर से जारी बयान में उन्होंने कहा, 'मैं अपनी गलती पूरी तरह स्वीकार करती हूं और अंतिम नतीजे आने से पहले स्वेच्छा से निलंबन की अवधि में जाने का फैसला किया है। यह मामला किसी भी तरह से प्रदर्शन को बेहतर बनाने से जुड़ा नहीं था, लेकिन मैं समझती हूं कि एंटी-डोपिंग दिशानिर्देशों का पालन करना मेरी जिम्मेदारी है।

'डायबिटीज भी नहीं रोक पाई रास्ता': विश्व नंबर-1 बनने के बाद ज्वेरेव ने साझा किया संघर्ष का सफर

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। अलेक्जेंडर ज्वेरेव चार साल की उम्र में टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित हो गए थे, लेकिन बीमारी उनके टेनिस करियर की राह नहीं रोक सकी। 2026 में दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर विश्व नंबर-1 बने ज्वेरेव ने अपनी सफलता का श्रेय मां के सहयोग और हौसले को दिया। उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धि डायबिटीज से जूझ रहे बच्चों और परिवारों के लिए प्रेरणा है।

जर्मनी के स्टार टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने करियर में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए विश्व नंबर-1 का स्थान हासिल कर लिया है। साल 2026 में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। ज्वेरेव टेनिस इतिहास में विश्व नंबर-1 बनने वाले 30वें खिलाड़ी बन गए हैं। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने यह भी साबित किया कि टाइप-1 डायबिटीज जैसी बीमारी भी उनके सपनों के रास्ते में बाधा नहीं बन सकी।

ज्वेरेव के लिए साल 2026 बेहद खास रहा। उन्होंने इस साल अपने करियर के पहले दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते। इनमें फ्रेंच ओपन (रोलां गैरोस) और यूएस ओपन शामिल हैं। इन उपलब्धियों के दम पर वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे और साल का अंत भी नंबर-1 खिलाड़ी के रूप में करेंगे। 29 साल और छह महीने की उम्र में विश्व नंबर-1 बनने वाले ज्वेरेव इस उपलब्धि को हासिल करने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। उनसे पहले जॉन न्यूकॉम्ब ने 1974 में 30 साल की उम्र में पहली बार यह स्थान हासिल किया था। ज्वेरेव ओलंपिक चैंपियन, दो बार एटीपी फाइनल्स विजेता और 26 टूर-लेवल खिताब जीतने वाले खिलाड़ी भी हैं।

आईपीएल 2027: नीलामी से पहले टीमों को मिली दो दिन की राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। आईपीएल 2027 की मिनी नीलामी से पहले खिलाड़ियों की रिटेंशन और रिलीज लिस्ट जमा करने की तारीख में बदलाव किया गया है। अब सभी फ्रेंचाइजी को अपनी रिटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची 15 नवंबर के बजाय 17 नवंबर तक सौंपनी होगी। पहले इसके लिए 15 नवंबर की तारीख तय की गई थी। वहीं, आईपीएल 2027 की मिनी नीलामी 16 दिसंबर को गोवा में आयोजित किया जाएगा। यह एक दिवसीय नीलामी होगी, जिसमें सभी फ्रेंचाइजी अपनी टीमों को मजबूत करने के लिए खिलाड़ियों पर बोली लगाएंगी।

आईपीएल की ओर से फ्रेंचाइजी को खिलाड़ियों की रिटेंशन और रिलीज लिस्ट जमा करने के लिए दो दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है। पहले यह डेडलाइन 15 नवंबर निर्धारित थी, जो भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांचवें वनडे मुकाबले का दिन भी है। अब टीमें 17 नवंबर तक अपनी अंतिम सूची जमा कर सकेंगी।

फ्रेंचाइजी की ओर से रिटेंशन और रिलीज लिस्ट सौंपे जाने के बाद आईपीएल सभी टीमों को नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वाले खिलाड़ियों की सूची भेजेगा। इसके बाद टीमें अपनी जरूरत के मुताबिक खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट करेंगी। नीलामी से ठीक एक सप्ताह पहले खिलाड़ियों की अंतिम सूची और सेट के क्रम की जानकारी भी फ्रेंचाइजी को उपलब्ध कराई जाएगी। आईपीएल 2027 की मिनी नीलामी से पहले अब तक दो ट्रेड सामने आए हैं। इनमें दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें शामिल हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स से अपने पूर्व कप्तान ऋषभ पंत को वापस टीम में शामिल किया है। इस ट्रेड के तहत बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव लखनऊ सुपर जाएंट्स का हिस्सा बने हैं। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स ने तेज गेंदबाज टी नटराजन को सनराइजर्स हैदराबाद के साथ ट्रेड किया है। इसके बदले हैदराबाद ने लेग स्पिनर जीशान अंसारी को दिल्ली कैपिटल्स के साथ भेजा है। फिलहाल आईपीएल 2027 के पूरे सीजन का शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। हालांकि, साल 2024 में आईपीएल ने अगले तीन सीजन के लिए संभावित विंडो की जानकारी दी थी। उस योजना के मुताबिक आईपीएल 2027 का आयोजन 14 मार्च से 30 मई के बीच होना था। लेकिन इस साल सितंबर में बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के बाद बोर्ड सचिव देवजीत सैकिया ने संकेत दिया था कि आगामी सीजन की शुरुआत मार्च के आखिरी सप्ताह के आसपास हो सकती है। ऐसे में टूर्नामेंट की आधिकारिक तारीखों का इंतजार है।

दिवाली से पहले फिर चमका सोना: त्योहारों की मांग से कीमतों में दर्ज हुई रिकवरी

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। दिवाली के त्योहार से ठीक पहले घरेलू सर्राफा बाजार में रौनक लौटती दिखाई दे रही है। बीते अक्तूबर महीने में आई तीखी गिरावट के बाद, त्योहारों के सीजन में ज्वैलर्स और रिटेल खरीदारों की ओर से आई नई मांग ने सोने की कीमतों को सहारा दिया है। राजधानी दिल्ली में सोमवार को सोने के दामों में रिकवरी दर्ज की गई, जिससे ग्राहकों और निवेशकों की निगाहें एक बार फिर सर्राफा बाजार पर टिक गई हैं। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी डॉलर की चालग्, अमेरिकी चुनाव की सरगर्मियों और क्रूड ऑयल के दामों ने बाजार के मिजाज को प्रभावित किया है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,42,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। इससे पहले शनिवार को सोना 1.42 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। व्यापारियों के अनुसार, दिवाली के निकट आते ही सर्राफा विक्रेताओं और खुदरा खरीदारों ने खरीदारी बढ़ा दी है, जिससे घरेलू कीमतों को मजबूत सहारा मिला है। इसके साथ ही डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में आई कमजोरी ने भी डॉलर-मूल्य वाले बुलियन का आयात महंगा कर दिया, जिससे स्थानीय स्तर पर भाव में तेजी देखी गई। वहीं दूसरी ओर, चांदी की कीमतों में स्थिरता बनी रही और स्थानीय कारोबारियों के अनुसार यह सभी करों (टैक्स) सहित 1.86 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। सोमवार को आई यह बढ़त अक्तूबर के दौरान बाजार में आई भारी बिकवाली के बाद राहत बनकर आई है। आंकड़ों पर नजर डालें तो अक्तूबर महीने के दौरान सोने की कीमतों में 7,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी, जबकि 30 सितंबर को इसका स्तर 1,49,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी में इससे भी अधिक तीखी गिरावट देखी गई और यह इसी अवधि के दौरान 2.32 लाख रुपये प्रति किग्रा के स्तर से 46,000 रुपये टूट गई थी।



जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No .UPHIN2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।